CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 02-25-2026 22:42 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 26 फरवरी 2026 > फाल्गुन 7 शक संवत 1947 फाल्गुन शुक्ल दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 49 > पेज 18* > फरीदाबाद > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू



T-20 वर्ल्ड कप का सुपर मुकाबला चेन्नै में आज ▸p12

# NBT नवभारत टाइम्स

एक-दूसरे के आज हो जाएंगे विजय और रश्मिका ▸फरीदाबाद टाइम्स



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत Vs जिम्बाब्वे का मैच आज। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत है। मैच चेन्नै में शाम 7 बजे से।



आज का मैच
**सा. अफ्रीका Vs वे. इंडीज**
अहमदाबाद, दोपहर 3 बजे से
टेलिकास्ट : स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

**मुकद्दस रमजान**
इफ्तार गुरुवार
सुन्नी 6:18 PM
शिया 6:31 PM
सहरी शुक्रवार
सुन्नी 5:31 AM
शिया 5:20 AM

## हमास के हमले का दर्द समझते हैं: मोदी

### इस्राइल की संसद में मोदी का संबोधन, कहा- भारत भी आतंकवाद का पीड़ित

■ NBT रिपोर्ट/पीटीआई, नई दिल्ली/येरुशलम

■नई दिल्ली: पीएम नरेन्द्र मोदी बुधवार को इस्राइल पहुंचे। इस्राइल की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने 7 अक्टूबर 2023 को इस्राइल पर हमास के हमले की निंदा की। कहा, हम आपके दर्द को महसूस करते हैं। भारत भी आतंकवाद का पीड़ित है। भारत गाजा में शांति का समर्थन करता है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए समन्वित वैश्विक कार्रवाई की जरूरत है, क्योंकि दुनियाभर में कहीं भी आतंकवाद शांति के लिए खतरा है। मोदी इस्राइल की संसद को संबोधित करने वाले भारत के पहले पीएम हैं।

PTI



इस्राइल के पीएम नेतन्याहू पीएम नरेन्द्र मोदी को खुद रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे थे। संसद में मोदी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया।

नागरिकों की हत्या और आतंक को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। - नरेन्द्र मोदी

**जब लगे हंसी के ठहाके**

मिसेज नेतन्याहू ने भगवा (सैफरन) रंग का फॉर्मल सूट पहन रखा था। यहीं पर पीएम नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी के पॉकेट स्क्वायर (जैकेट की जेब में रखे रुमाल) की ओर इशारा कर कहा, ये उससे मैच कर रहा है। तीनों लोग ठहाके लगाकर हंस पड़े। माहौल खुशनुमा और हंसी से गुलजार हो गया। ▸▸ पेज 14

## NCERT में जुडिशरी पर करप्शन का पाठ, SC बोला- हम देखेंगे

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को NCERT की कक्षा 8 की किताब में 'जुडिशरी में करप्शन' चैप्टर पर गंभीर चिंता जताई। चीफ जस्टिस ने कहा, दुनिया में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है। मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते।

बुधवार को चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच के सामने सीनियर वकील कपिल सिब्बल, सीनियर वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले को उठाया। सिब्बल ने कहा कि हम इस संस्था के सदस्य होने के नाते गहराई से व्यथित हैं कि क्लास आठ के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह पूरी तरह से निंदनीय है। हमारे पास पुस्तक की प्रतियां हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि प्रतीक्षा कीजिए, बार और बेंच दोनों चिंतित हैं। सभी हाई कोर्ट के न्यायाधीश चिंतित हैं। कानून अपना मार्ग अपनाएगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का खुद संज्ञान ले लिया है। वहीं, जस्टिस बागची ने कहा कि पुस्तक संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है। ▸▸ पेज 11

**जस्टिस बागची बोले, पुस्तक संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है**



चाहे कितना बड़ा आदमी हो, कानून अपना काम करेगा। मुझे पता है कैसे निपटना है। और कुछ नहीं कहना चाहते। -CJI

■ कक्षा 8 की किताब में जुडिशरी में करप्शन चैप्टर
■ चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच के सामने उठा मुद्दा

**कोर्ट के अंदर**

SC बोला- पश्चिम बंगाल SIR में पहचान सत्यापन के लिए 10वीं के प्रवेश पत्र को पासिंग सर्टिफिकेट के साथ लगा सकते हैं। ▸ पेज 9

ईडी के समन अवहेलना मामले में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को SC से राहत, निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक। ▸ पेज 9

NOTA पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, वोटिंग को अनिवार्य बनाने के लिए मजबूत तंत्र बनाने पर विचार किया जाना चाहिए। ▸ पेज 9

**क्या लिखा था किताब के चैप्टर में?**

कक्षा आठ के लिए NCERT की समाज विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक के अनुसार, भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या की कमी न्यायिक प्रणाली के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों में शामिल हैं। ज्यूडिशरी करप्शन चैप्टर में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न सिर्फ अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है।

**8 मार्च को बाइक रैली में आ रही हैं आप?**

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर NBT की ऑल वुमन बाइक रैली अपने 12वें माइलस्टोन एडिशन में नई थीम Driving Forces of the Nation के साथ लौटी है। रैली लिम्का बुक ऑफ रेकॉर्ड्स और INMA जैसे अवॉर्ड पा चुकी है। अगर आपके पास स्कूटर या बाइक है तो रविवार, 8 मार्च को होने वाली रैली के लिए रजिस्ट्रेशन करा लें। ▸▸ पेज 2

ऐसे बनें हिस्सा
7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें

तारीख रवि, 8 मार्च 2026
जगह A-ब्लॉक पार्किंग कनॉट प्लेस

ALL WOMEN BIKE RALLY NBT

## US में अब भारत की सोलर इंडस्ट्री पर टैरिफ, 126% महंगी होगी एंट्री

### ट्रंप के फैसले से सौर कंपनियों के शेयर में आई गिरावट

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क

अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सोलर इंपोर्ट पर 125.87% का काउंटरवेलिंग ड्यूटी (CVD) यानी प्रतिपूर्ति शुल्क लगाने की घोषणा की है। इंडोनेशिया और लाओस से आयातित प्रोडक्ट पर भी अलग-अलग टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ये शुल्क अमेरिकी प्रशासन द्वारा 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10% शुल्क के अतिरिक्त हैं। भारत वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश है। अमेरिका का मानना है कि इससे इन देशों के निर्यातकों को घरेलू सोलर एनर्जी प्रोड्यूसरों के उत्पादों की तुलना में कम कीमत पर अपने उत्पाद बेचने की अनुमति मिलती है। ट्रंप के फैसले से सौर क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के शेयर में बुधवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर वारी एनर्जीज के शेयर में 10.47%, प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में 6.27%, विक्रम सोलर के शेयर में 5.45% की गिरावट दर्ज की गई।



ट्रंप ने 10% से अलग शुल्क लगाया।


**'पाक PM बोले थे, करोड़ों मारे जाते...'**

डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने उनसे कहा था कि अगर उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए दखल नहीं दिया होता तो 3.5 करोड़ लोग मारे गए होते। ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को "नष्ट" करने का दावा भी किया। ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। कहा, अधिकांश अवैध प्रवासी अंग्रेजी नहीं बोलते और दिशा, गति, खतरे या स्थान जैसे बुनियादी सड़क संकेतों को भी नहीं पढ़ सकते। ▸▸ पेज 14

एपस्टीन मामला

## बिल गेट्स ने मांगी माफी

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क: माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने गेट्स फाउंडेशन के टाउनहॉल में कर्मचारियों से जेफ्री एपस्टीन से संबंधों को लेकर माफी मांगी। गेट्स ने कहा कि उन्होंने कुछ भी अवैध नहीं किया और न ही एपस्टीन के अपराधों में शामिल थे। उन्होंने स्वीकार किया कि रूसी मूल की दो महिलाओं के साथ उनके संबंध थे, जिनके बारे में एपस्टीन को बाद में पता चला, लेकिन इनका एपस्टीन के पीड़ितों से कोई संबंध नहीं था। गेट्स ने माना कि एपस्टीन से मिलना बड़ी गलती थी और इससे फाउंडेशन की साख पर असर पड़ा। उन्होंने 2011 से 2014 के बीच एपस्टीन से मुलाकात की थी।



बिल गेट्स


## गुड़गांव-फरीदाबाद-नोएडा RRTS कॉरिडोर को मंजूरी

■NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने गुड़गांव-फरीदाबाद-नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। विधानसभा में सीएम नायब सिंह सैनी ने इसका ऐलान किया। प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाने का जिम्मा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (NCRTC) को दिया गया है।

सीएम ने बताया कि NCRTC डीपीआर में रूट और संभावित स्टेशनों का स्थान तय करेगा। 64 किमी के इस प्रोजेक्ट में करीब 15 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। इससे NCR में बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। गुड़गांव और फरीदाबाद में बढ़ती आबादी और यातायात के दबाव को देखते हुए यह कॉरिडोर भविष्य की जरूरतों के आधार पर बनेगा। ▸▸ फरीदाबाद टाइम्स

**CM ने किया ऐलान**




64 किमी का होगा कॉरिडोर

## गाज़ियाबाद के स्कूल में घुसा तेंदुआ


गाजियाबाद में गोविंदपुरम के जी ब्लॉक स्थित एक स्कूल में बुधवार सुबह तेंदुआ दिखाई दिया। गार्ड ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और करीब 7 घंटे बाद ट्रेंकुलाइजर गन से तेंदुए को बेहोश कर पिंजड़े में कैद किया गया। बाद में उसे सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों में छोड़ा जाएगा।

PTI









दिल्ली की सीएम तीनों पीड़ितों से मिलीं

## नॉर्थ ईस्ट की महिलाओं पर कमेंट में 2 गिरफ्तार

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में नॉर्थ ईस्ट की 3 महिलाओं के साथ कथित नस्ली दुर्व्यवहार और अभद्र कमेंट के मामले में एक दंपती को अरेस्ट किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपियों की पहचान रूबी जैन और उनके पति हर्ष प्रिय सिंह के रूप में हुई है। दोनों को कोर्ट ने 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। 20 फरवरी को किराये के मकान में मरम्मत कार्य को लेकर हुए विवाद के दौरान रूबी जैन ने अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक कमेंट किए थे।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X पर लिखा, 'आज मेरी मुलाकात उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उन युवा मित्रों से हुई जो हाल ही में दिल्ली में हुई दुखद घटना से प्रभावित हुए हैं। मैंने उन्हें इस कठिन समय में अपने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है।' सीएम ने कहा कि दिल्ली विविधता, सम्मान और आपसी गरिमा का शहर है। यहां घृणा, भेदभाव, धमकी या नस्ली दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं है।

**दिल्ली विविधता और आपसी गरिमा का शहर है: CM**

File



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, कड़ी कार्रवाई की जाएगी

**अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा: रिजिजू**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के दिन से ही वह अधिकारियों के संपर्क में हैं। गिरफ्तारी हो चुकी है और आगे कड़ी कार्रवाई होगी। हम ऐसा सबक सिखाएंगे कि पूर्वोत्तर के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई दुर्व्यवहार न करे।



**युवराज को इंसाफ का इंतजार**

**40 दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं**

## 20% एथेनॉल वाला पेट्रोल 1 अप्रैल से

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने तय किया है कि 1 अप्रैल से पूरे देश में सिर्फ B20 पेट्रोल बिकेगा। यानी पेट्रोल में अधिकतम 20% एथेनॉल मिलाया जाएगा और उसका RON 95 या उससे ज्यादा होगा। इससे तेल आयात कम होगा, प्रदूषण घटेगा और किसानों को फायदा मिलेगा।



## प्लॉट आवंटन में हुड्डा और AJL को राहत

### हाई कोर्ट ने दी क्लीन चिट, CBI की कार्रवाई पर उठाए सवाल

■NBT न्यूज, चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सोनिया गांधी परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी एजेएल प्लॉट आवंटन मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज करते हुए हुड्डा और एजेएल को क्लीन चिट दे दी है। जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने 16 अप्रैल 2021 को सीबीआई की ओर से आरोप तय करने और डिस्चार्ज अर्जी खारिज करने के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि पेश किए गए सबूतों से अपराध साबित नहीं होता।

मामला वर्ष 2005 में पंचकूला में एजेएल को प्लॉट दोबारा अलॉट करने का है। सीबीआई ने आरोप पत्र में कहा था कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बतौर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष एजेएल को अवैध लाभ पहुंचाया। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि सीबीआई का प्राधिकरण के बाकी सदस्यों को नजरअंदाज कर केवल हुड्डा को आरोपी बनाना जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। हुड्डा की ओर से दलील दी गई थी कि रिस्टोरेशन का अर्थ पूर्व स्थिति की बहाली होता है और प्राधिकरण को यह अधिकार था कि वह मूल्य निर्धारण के संबंध में फैसला करे।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा

## नए आयकर फॉर्म का ड्राफ्ट जारी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सरकार ने नए आयकर फॉर्म का ड्राफ्ट जारी किया है, जो 1 अप्रैल से लागू होगा। नए फॉर्म में HRA पर टैक्स छूट लेना है, तो मकान मालिक से रिश्ता है या नहीं, बताना होगा। विदेश से कमाई करने वालों के लिए भी नियम सख्त किए गए हैं। डेटा को लेकर भी नए नियम बने हैं।





**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,276.07 (+50.15) |
| निफ्टी | 25,482.50 (+57.85) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.95 (-0.01) |
| रु/यूरो 107.35 | (+0.20) |

स्रोत : रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹ 1,64,200 (+1,000) |
| चांदी प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹ 2,77,900 (+5,900) |

**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.2°
12.6° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त गुरुवार 6.19 | सूर्योदय शुक्रवार 6.48
दिन का तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार।

महोत्सव मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में दी जानकारी, स्क्रीनिंग के दौरान कुछ लाइव परफॉर्मेंस भी होंगी

## दिल्ली में 25 से 31 मार्च तक होगा इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल, दिखाई जाएंगी 125 फिल्में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली 25 से 31 मार्च तक रोशनी, कैमरा और एक्शन के रंग में रंगने जा रही है। राजधानी में होने वाला इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली (IFFD) 7 दिनों तक सिनेमा का महाकुंभ बनेगा, जहां 125 से ज्यादा भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। भारत मंडपम समेत दिल्ली की कई अहम लोकेशन में इस फिल्मी उत्सव की झलक दिखेगी।

फेस्टिवल में 100 से ज्यादा देशों से करीब 2 हजार एंट्री मिली थीं। दिल्ली सचिवालय में हुए कर्टेन रेजर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इसमें हर दिल्लीवासी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। फेस्टिवल में गाला प्रीमियर, सितारों से सजी विशेष स्क्रीनिंग, डिजिटल सिनेमा और नई तकनीकों पर खास प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

AI Image





■ ऐक्ट्रेस दिव्या दत्ता IFFD के अध्यक्षकारी बोर्ड मेंबर की भूमिका में रहेंगी

■ फिल्मकार राकेश ओमप्रकाश मेहरा इसमें डायरेक्टर की भूमिका में होंगे

**10 थिएटर समेत कई जगह होगी स्क्रीनिंग**

10 थिएटर के अलावा कई खुली जगहों पर भी फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। फिक्शन, नॉन फिक्शन, एनिमेशन, क्यूरेटेड सेगमेंट, डॉक्यूमेंटरी समेत हर तरह की फिल्मों का शो केस होगा। इसमें शक्ति सामंत, धर्मेंद्र, शर्मिला टैगोर को स्पेशल ट्रिब्यूट दिया जाएगा। फिल्मकार राकेश ओमप्रकाश मेहरा डायरेक्टर की भूमिका में होंगे।

## IDFC फर्स्ट बैंक के पूर्व मैनेजर समेत 4 गिरफ्तार

■NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा विजिलेंस टीम ने IDFC फर्स्ट बैंक फ्रॉड केस में मुख्य आरोपी समेत 4 लोगों को अरेस्ट किया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि चारों आरोपियों में से 2 लोग बैंक के पूर्व कर्मचारी और दो अन्य एक साझेदार कंपनी के मालिक हैं। पंचकूला में एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक ए एस चावला ने बताया कि आरोपियों की पहचान रिभव ऋषि, अभय कुमार, स्वाति सिंगला और अभिषेक सिंगला के रूप में हुई है।

चावला ने बताया कि ऋषि और अभय IDFC फर्स्ट बैंक के पूर्व कर्मचारी हैं, जबकि स्वाति और अभिषेक भाई-बहन हैं जो 'स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट' नामक एक फर्म चलाते थे। ऋषि छह महीने पहले तक बैंक की सेक्टर-32 शाखा के प्रमुख थे और इसके बाद उन्होंने नौकरी छोड़ दी।

AI Image





मनी लॉन्ड्रिंग केस

## ईडी ने अंबानी के घर को किया कुर्क

■ पीटीआई, नई दिल्ली: ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर 'एबोड' को बुधवार को कुर्क कर लिया। घर की कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है। सूत्रों के अनुसार, आरकॉम के कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में घर को कुर्क किया गया है। ▸▸ पेज 11



अनिल अंबानी

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP14 User: dilip.lal@timesofindia.com Time: 02-25-2026 21:53 Color:



न्याय केवल किया ही न जाए, बल्कि होता हुआ भी दिखाई देना चाहिए।
– *लॉर्ड डेनिंग, ब्रिटिश न्यायधीश*

# करप्शन पर बात हो

NCERT की किताबों के कंटेंट को लेकर पहले भी विवाद हो चुके हैं, लेकिन इस बार मामला न्यायपालिका से जुड़ा है। कक्षा 8 की एक किताब में जुडिशरी में करप्शन की बात कही गई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस पर सख्त ऐतराज जताते हुए कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम नहीं करने दिया जाएगा। सोर्सेज के हवाले से खबरें हैं कि NCERT इस अंश को हटा सकता है।

**भ्रष्टाचार समस्या ।** ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक, करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले देश ने 5 स्थान का सुधार जरूर किया, पर भ्रष्टाचार अब भी बड़ी समस्या है। इसकी वजह से तमाम सरकारी योजनाएं और नीतियां अपना असर खो देते हैं और आम लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हालांकि जब बात जुडिशरी की आती है, तो भावनाएं बदल जाती हैं।

AI Image



NCERT किताब विवाद

**जस्टिस वर्मा केस ।** जब तमाम उम्मीदें कमजोर हो जाती हैं, तब अदालतों से आस जगती है। लेकिन, इस भरोसे की कुछ कीमत भी है और वह है पारदर्शिता व जवाबदेही। कोई भी सिस्टम करप्ट नहीं होता, उसे चलाने वाले चंद लोग ही होते हैं। देश की न्यायिक व्यवस्था को भी इस मामले में कुछ सवाल झेलने पड़े हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के करप्शन का मामला पिछले साल मार्च का है और अभी तक वह अंजाम तक नहीं पहुंचा है। दिसंबर में ही सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई थी कि करियर के आखिरी में बड़े फैसले देने का ट्रेंड बढ़ रहा है। जरूरी नहीं कि करप्शन पैसों का ही हो।

**लंबित मामले ।** अदालतें भरोसे का नाम हैं, पर यह भी सच है कि आम आदमी अदालतों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहता। मुकदमे सालों-साल चलते हैं और खर्चीले हैं। विभिन्न अदालतों में लगभग 4.9 करोड़ केस पेंडिंग हैं। जिला अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक - न्यायाधीशों के तमाम पद खाली हैं, जिससे न्याय की रफ्तार बहुत धीमी हो जाती है।

**अच्छी पहल ।** भारतीय न्यायपालिका की इस मायने में तारीफ होनी चाहिए कि पारदर्शिता के लिए वह खुद पहल करती है। मसलन, पिछले साल मई में शीर्ष अदालत के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई थी। इसने न्यायपालिका की गरिमा को और बढ़ा दिया। सुप्रीम कोर्ट को फिर उसी तरह की पहल करते हुए कोई रास्ता निकालना चाहिए। इस विवाद में सबक NCERT के लिए भी है कि केवल एक संस्था पर बात क्यों, जबकि करप्शन देश की सबसे आम समस्या है।

## गुस्ताखी माफ़

# नैतिकता की स्विंग



अखिलेश प्रताप सिंह

'मॉर्निंग वॉक जल्दी निपटाइए, आज हमारे साथ चलना है। हम सब मिलकर आवाज उठाएंगे। हमें बताना ही होगा कि ये जो कर रहे हैं, हम उसका कड़ा विरोध करते हैं।' श्रीमान क ने अचानक गुड मॉर्निंग का नारा लगाया था, पर मिस्टर ए ने उसे किनारे कर दिया। उन्होंने कुछ ऐसा तेवर दिखाया, जैसे रिवर्स स्विंग लगा रहे हों।

जरूरत से ज्यादा भरोसा हुआ माल कोलेस्ट्रॉल में न बदल जाए, इस चिंता में मैं दौड़ लगा रहा था, पर इनकी बातचीत सुन रुक गया। मिस्टर ए ने कहा, 'भाई साब, न तो हमारी रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन से पूछा, न मार्केट असोसिएशन से, अपने हिसाब से फैसला कर लिया कि हमारे इधर भारी-भरकम डेटा सेंटर बनाएंगे।'

श्रीमान क ने इसे अच्छा बताया, पर मिस्टर ए भड़क गए। 'यह सेंटर कितनी बिजली चूसेगा, कुछ पता भी है? बिजली महंगी होगी तो हमारे मत्थे भी तो बोझ आएगा। इन सेंटरों की कूलिंग में बहुत पानी लगता है। हमारे इधर तो वॉटर सप्लाई पहले से सुबह-शाम वाली है। डेटा सेंटर बन जाएगा तो हमारा क्या होगा? कुछ पढ़ा-लिखा भी कीजिए।'

श्रीमान क ने उन्हें सांस लेने का मौका देने की गरज से कहा, 'लेकिन यह तो विकास का काम है। क्या आप नहीं चाहते कि सभी लोग आगे बढ़ें?' विकास का नाम सुनते ही मिस्टर ए नरम पड़ गए। 'विकास तो होना ही चाहिए। पर ऐसी चीजें दूसरे स्टेट में भी तो बना सकते हैं। कोई गांव-कस्बा हो। वहां पानी-बिजली कम भी हो तो चल जाएगा। इधर तो आफत हो जाएगी। इसलिए हम लोग सड़क जाम करने जा रहे हैं।' श्रीमान क ने उन्हें समझाया, 'सड़क जाम करना ठीक बात नहीं है। यह लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। फिर हमारे शहर में जो लोग बाहर से आए हैं, वे क्या सोचेंगे? आप अधिकारियों को ज्ञापन दीजिए। वे जरूर सुनेंगे।' तभी अपने बदमाश कल्लू बाश्शा की आवाज सुनाई दी। 'दौड़ पूरी कीजिए अंकल। इधर हो तो आफत-उधर हो तो स्वागत, नैतिकता की ये रिवर्स स्विंग तो चलती रहेगी।'


## एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

# सज्जनता उपाधि नहीं

जेम्स चार्ल्स स्टुअर्ट का जन्म 19 जून 1566 को एडिनबरा महल में हुआ। एलिजाबेथ प्रथम के निधन के बाद उन्हें इंग्लैंड की राजगद्दी मिली और उन्होंने स्वयं को ग्रेट ब्रिटेन का राजा कहा।

Subrata Dhar



जेम्स अपने राजकोष को बढ़ाने और संपन्न बनाने के लिए जाने जाते थे। कहा जाता है कि इसके लिए वह धन लेकर उपाधियां भी दिया करते थे। वह इस बात को अच्छी तरह जानते थे कि उपाधि से महानता नहीं आती, फिर भी कुछ लोगों के अहंकार को संतुष्ट कर राजकोष भरना उन्हें सही उपाय लग रहा था। एक दिन ऐसा एक व्यक्ति उनके पास आया और उसने उनसे निवेदन किया, 'महाराज, मुझे सज्जन की उपाधि दे दीजिए। इसके लिए जो भी धन चाहिए, वह देने के लिए मैं तैयार हूं।' जेम्स मुस्कराए और बोले, 'मैं तुम्हें लॉर्ड, ड्यूक या दार्शनिक बना सकता हूं, पर सज्जन नहीं। सज्जनता खरीदी नहीं जाती, वह तो संस्कारों से जन्म लेती है।' राजा जेम्स का यह उत्तर सुनकर वह व्यक्ति निरुत्तर हो गया। यह प्रसंग सिखाता है कि पद और प्रतिष्ठा बाहर से मिल सकते हैं, पर चरित्र भीतर से निर्मित होता है।

### संघ के मुताबिक किसी को लालच या छल से धर्म बदलने पर मजबूर करना ग़लत

# घर वापसी पर क्या है RSS की सोच



अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत देशभर के दौरे पर हैं। इस दौरान उनके भाषण और सवाल-जवाब चर्चा में हैं। ये यात्राएं संघ के शताब्दी वर्ष के तहत पहले से तय थीं। संघ से जुड़े सवालों के जवाब खुद भागवत दे रहे हैं। पहले ऐसा नहीं हुआ, जब इतने विस्तार से संघ के विभिन्न पहलुओं के बारे में खुद संघ प्रमुख ने बताया हो। इसमें दो बातें खास लगती हैं - सरसंघचालक का ब्राह्मण होना और मुस्लिमों के साथ RSS का रिश्ता।



**जाति अहम नहीं ।** अक्सर यह सवाल उठता है कि संघ प्रमुख ब्राह्मण ही क्यों होते हैं? जैसा भागवत ने बताया, संघ की शुरुआत ऐसे समाज में हुई जहां ब्राह्मणों की संख्या अधिक थी, इसलिए शुरुआती कार्यकर्ता और संस्थापक भी अधिकतर ब्राह्मण थे। लेकिन, रिसर्च करने वाले और संघ को करीब से जानने वाले बताते हैं कि यहां पद जाति के आधार पर नहीं, काम और समर्पण के आधार पर मिलता है। संघ में कौन किस जाति का है, यह व्यवहार में दिखाई नहीं देता। नेतृत्व में अलग-अलग जातियों के लोग हैं। सरसंघचालक का चयन आपसी विश्वास और सहमति से होता है, जाति वहां मुद्दा नहीं होती।

**सद्भाव जरूरी ।** सवाल यह भी उठता है कि संघ जातीय भेदभाव और संघर्ष खत्म करने के लिए क्या रास्ता बताता है? भागवत के अनुसार, तनाव और विषमता तब पैदा होती है, जब हम खुद को एक देश और एक मातृभूमि की संतान के रूप में नहीं देखते। यहीं पर हिंदू होने का भाव महत्वपूर्ण है। वह कहते हैं कि ऊंच-नीच से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव बढ़ाना जरूरी है। जो पीछे रह गए हैं, उन्हें सहारा देकर आगे लाना चाहिए। समस्या है कि जाति विहीन समाज की बात करते हुए भी व्यवहार में जाति भेद बढ़ाने वाले बहुत हैं। इसका समाधान किसी एक सरकार या संगठन से नहीं होगा, समाज के हर व्यक्ति को प्रयास करना होगा।

**धर्म परिवर्तन ।** कुछ लोग मुस्लिम समाज और उनकी 'घर वापसी' के मुद्दे पर भी सवाल उठाते हैं। संघ प्रमुख का कहना है कि भारत के सभी मुस्लिमों के पूर्वज हिंदू थे। वे बाहर से नहीं आए, उन्होंने अपना धर्म बदला। जहां तक उनकी हिंदू धर्म में वापसी का सवाल है, तो किसी को लालच, दबाव या छल से धर्म बदलने के लिए मजबूर करना गलत है। लेकिन, अगर कोई अपनी इच्छा से आना चाहे, तो उसे रोका नहीं जाना चाहिए। ऐसे लोगों की जिम्मेदारी फिर हिंदू समाज को लेनी चाहिए। इस विषय पर बोलने पर अक्सर तीखी प्रतिक्रिया होती है। कुछ मुस्लिम नेताओं, जैसे अरशद मदनी ने कड़ी आपत्ति जताई। हालांकि भागवत ने जबरन 'घर वापसी' की बात नहीं कही, उनका वक्तव्य केवल स्वेच्छा से लौटने वालों को लेकर था।

**संघ की सोच**
- भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र, घोषित करने की जरूरत नहीं
- संघ प्रमुख के चयन में सहमति अहम, जाति मुद्दा नहीं
- सेकुलरिज्म को सम्प्रदाय तटस्थता के रूप में समझा जाए



**शाखा में मुस्लिम ।** यह सवाल भी बहुत उठता है कि क्या शाखा में मुसलमान आते हैं? जवाब यही है कि शाखा में आने वालों को जाति या मजहब से नहीं, केवल हिंदू के रूप में देखा जाता है। संघ की सोच के अनुसार, भारत में रहने वाले सभी लोग सांस्कृतिक रूप से हिंदू हैं, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद जैसे महापुरुषों ने भी यही बात कही थी।

**हिंदू राष्ट्र ।** यह भी पूछा जाता है कि क्या संघ संविधान से सेकुलर शब्द हटाकर हिंदू राष्ट्र घोषित करना चाहता है और तिरंगे की जगह भगवा लहराना चाहता है? मोहन भागवत ने इसका जवाब यह दिया कि भारत हिंदू राष्ट्र है, इसे घोषित करने की जरूरत नहीं। समस्या वहां से हुई, जब भारत पर पश्चिमी राष्ट्रों की परिभाषा लादी गई। भारतीय चिंतन में राष्ट्र एक जीवन दर्शन है, जिसे लोगों ने जीवन शैली के रूप में अपनाया है। संघ ने कहा है कि देश में कभी किसी पंथ या मजहब की धार्मिक स्वतंत्रता खत्म नहीं होगी, क्योंकि यह भारत और हिंदुत्व के चरित्र के विपरीत है।

**कोई दुश्मन नहीं ।** शताब्दी अभियान के दौरान आई बातों पर ध्यान दें तो कई गलतफहमियां दूर हो सकती हैं। साथ ही भारत राष्ट्र, राजनीति, जाति, समाज, सेकुलरिज्म, विकास, शिक्षा, संस्कृति और रोजगार जैसे मुद्दों पर व्यापक समझ बनती है। संघ की सोच है कि सेकुलरिज्म को धर्मनिरपेक्षता नहीं, सम्प्रदाय तटस्थता के रूप में समझना चाहिए। संघ के सतत विस्तार का उत्तर भागवत की इस पंक्ति में है कि हमारा कोई विरोधी नहीं, हमारे लिए दो ही श्रेणी हैं - एक जो हमारे साथ हैं और दूसरे, जो साथ आने वाले हैं। यह छोटा, लेकिन असाधारण आचरण सूत्र है। अगर यह मान लें कि जो आज साथ नहीं हैं, वे कल साथ होंगे, तो कोई विरोधी या दुश्मन नहीं रह जाएगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)*

## कांटे की बात

न्यूज रिपोर्ट्स में 600...700...जैसे एक्यूआई के आंकड़े दिए जाते हैं, जो मुंबई के बारे में सच नहीं है। प्रदूषण घटाने के लिए आपको BMC जैसी एजेंसियों के बनाए नियमों पर अमल करना होगा।




*पंकजा मुंडे, पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र*

## असंभव संवाद

# रामानुजन दे सकते हैं सेमीफाइनल का फॉर्म्युला

***T20 विश्व** कप में एक हार ने टीम इंडिया के सारे समीकरण बिगाड़ दिए हैं। भारत सेमीफाइनल में पहुंचेगा या नहीं, और जीत कितनी बड़ी होनी चाहिए - अटकलें लग रही हैं। टीम इंडिया की Probability जानने को एक क्रिकेट फैन पहुंच गया है महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के पास।*



AI Image

**रामानुजन ने** पॉइंट्स टेबल को देखा और फिर सामने टीम इंडिया की जर्सी पहने और मुंह पर तिरंगा पेंट लगाए प्रशंसक से कहा, 'Probability थिअरी समझने के लिए ब्लेज पास्कल के पास जाना चाहिए था।' 'सर, उसके लिए वक्त में और पीछे जाना पड़ता। मामला अर्जेंट है। हमारे समय के गणितज्ञ फैंस कह रहे हैं कि हमें 500-600 रन बनाने होंगे। तो हमारी क्या संभावना है, आप किसी फॉर्म्युले से बता सकते हैं?' 'उतनी ही संभावना है, जितना तुम्हें टीम पर और टीम का खुद पर भरोसा। गणित की तो हो है, पर विषय साइकोलॉजी का भी हो गया है।' प्रशंसक को राहत मिली, 'गणित की ही टेंशन थी, मन तो मजबूत है। वैसे पाकिस्तान की Probability बता सकते हैं क्या...?'

– *शैलेंद्र पांडेय*

## जनता जंक्शन — इरफ़ान




# गांधीनगर मार्केट का मेरठ से ख़ास नाता

## साड्डी दिल्ली



विवेक शुक्ला




**पूर्वी दिल्ली** के शाहदरा में रहने वाले नरेश कौशिक के घर के बुजुर्ग बताते थे कि कभी यमुनापार का पूरा इलाका मेरठ जिला हुआ करता था। लेकिन, 22 मई, 1914 को शकरपुर, खिचड़ीपुर, चौहान बांगर, मंडावली, शाहदरा, ताहिरपुर, झिलमिल, जाफराबाद जैसे मेरठ के 65 गांवों का दिल्ली में विलय कर दिया गया। दिल्ली के देश की राजधानी बनने के बाद नई इमारतों के लिए यह विलय हुआ था। यहीं आगे चलकर सैकड़ों ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी और तमाम 'विहार' बसे।

**दूरी हुई कम ।** अब नमो भारत रैपिड रेल शुरू होने से मेरठ एक बार फिर दिल्ली के करीब हो गया है। इस ट्रेन से दो शहरों की दूरी 55 मिनट में तय की जा सकती है। सड़क से आने में तकरीबन दो घंटे का वक्त लगता है। अगर ऐसी ही कोई ट्रेन 1857 की क्रांति के दौरान शुरू हो जाती तो अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वालों को मेरठ से दिल्ली पहुंचने में कितना कम वक्त लगता। मगर, उन्होंने 64 किलोमीटर की यह दूरी पैदल ही पार की। मेरठ की चिंगारी को दिल्ली ने आग में तब्दील किया। क्रांति की शुरुआत भले मेरठ में हुई, लेकिन दिल्ली राजनीतिक केंद्र बनी।

**शटल थी सहारा ।** मेरठ, मोदीनगर, बड़ौत के हजारों लोग पिछले कई दशकों से रोजाना दिल्ली में नौकरी के लिए आते हैं। वे मेरठ शटल से तिलक ब्रिज, मिंटो ब्रिज या नई दिल्ली आते हैं। शटल में सफर करने वालों के बीच पारिवारिक रिश्ता बन जाता। सुख-दुख में सहयोगी की तरह रहने वाले लोग अक्सर यात्रा के दौरान भजन गाते, ताश खेलते।

**बदलेगी तरजीह ।** रफ्तार तेज होने की वजह से अब शटल को छोड़ रोजाना के यात्री रैपिड रेल को तरजीह देंगे। कई लोग इसलिए इसके सफर से हिचकिचाएंगे, क्योंकि यहां उनके पास भजन और ताश के लिए पर्याप्त समय नहीं रहेगा। शटल से रोज मेरठ से दिल्ली तक सफर करने वाले कवि धनंजय सिंह ने बताया कि अगर ऐसी ट्रेन पहले चलती, तो उनके पास परिवार को देने के लिए वक्त होता।

**बढ़ेगा नौकरी बाजार ।** रैपिड रेल शुरू होने से अब मेरठ और उसके आसपास रहने वालों के लिए दिल्ली में नौकरी करना और आसान हो गया है। पहले लोग जाम से परेशान रहते थे, मगर अब यह दिक्कत नहीं होगी। मेरठ और मोदीनगर में दिल्ली के मुकाबले मकान सस्ते हैं, इससे लोगों की जेब में पैसे रहेंगे। कनेक्टिविटी बढ़ने से नौकरी बाजार भी बढ़ेगा। पूर्वी दिल्ली में रहने वाले कई बुजुर्ग अब भी खुद को मेरठ का ही बताते हैं। गांधी नगर क्लॉथ मार्केट और शाहदरा के टिंबर बाजार के वैश्य और जैन लोग भी मूल रूप से मेरठ, गाजियाबाद, बागपत के ही हैं। जाहिर है, नई ट्रेन से वे अपने शहर जल्दी पहुंच जाएंगे।

# रात से भयभीत हो गए तो सुबह का प्रकाश कभी नहीं आ पाएगा

जैन मुनिश्री तरुणसागर जी

**महावीर** पेड़ के नीचे ध्यान मग्न थे। पेड़ पर आम लटक रहे थे। कुछ बच्चे भी खेल रहे थे वहां। वे पत्थर फेंककर आम तोड़ने लगे। एक पत्थर महावीर को लग गया और उनके सिर से रक्त बहने लगा। बच्चे डर गए। बोले, 'प्रभु! हमें माफ करें, हमारे कारण आपको कष्ट हुआ है।' प्रभु बोले, 'नहीं, मुझे कोई कष्ट नहीं है।' 'तो फिर आपकी आंखों में आंसू क्यों?' महावीर बोले, 'पेड़ को तुमने पत्थर मारा तो इसने तुम्हें मीठे फल दिए, पर मैं तुम्हें कुछ नहीं दे सका, इसलिए मैं दुखी हूं।'

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

भोजन में और सब कुछ हो, सिर्फ नमक न हो तो भोजन बेकार है। मंदिर में और सब कुछ हो, सिर्फ मूर्ति न हो तो मंदिर बेकार है। अस्पताल में और सब कुछ हो, सिर्फ डॉक्टर न हो तो अस्पताल बेकार है। गाड़ी में और सब कुछ हो, सिर्फ ब्रेक न हो तो गाड़ी बेकार है। जीवन में और सब कुछ हो, सिर्फ मन की शांति न हो तो जीवन बेकार है।

संसार दुख नहीं है। संसार के प्रति जो आसक्ति है, वह दुख है। मकान में आग लगी। पिता जोर-जोर से रोने लगा। पड़ोसी ने कहा, 'यह मकान तो कल तुम्हारे बेटे ने बेच दिया था।' पिता का रोना एकदम बंद हो गया। बेटा दौड़ता आया और बोला, 'पिताजी! मकान जल रहा है और आप...।'

## कड़वे प्रवचन

पिता ने कहा, 'लेकिन, तुमने तो यह मकान बेच दिया है ना!' पुत्र बोला, 'बेचने की बात चली थी, मगर बिका नहीं।' इतना सुनना था कि पिता फिर दहाड़ मारकर रोने लगा। अपनापन है, इसलिए रोना आता है।


कठिनाइयों से घबराइए मत। रात से भयभीत हो गए तो सुबह कभी नहीं आएगी। मजबूती से आगे बढ़िए, बस! सुबह होने को ही है। अपने मन को मजबूत कीजिए। कमजोर मन से यहां कुछ नहीं होता। याद रखें- मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जो मन से हार गया, समझ लो उसकी नैया डूब गई। जो मन से मजबूत हो गया, समझ लो सिकंदर बन गया।

*(साभार : डायमंड बुक्स)*

# चांदी के सिक्कों ने लोकतंत्र को बढ़ावा दिया

अभिषेक मिश्र

## टाइम मशीन



AI Image

**प्राचीन यूनान** को आमतौर पर लोकतंत्र, दर्शन और विज्ञान की जननी कहा जाता है। लेकिन, कुछ लोगों को ही पता है कि इस बौद्धिक उभार के पीछे मुद्रा और व्यापार भी था। चांदी के सिक्कों ने न केवल यूनान की अर्थव्यवस्था बदली, बल्कि इसने लोगों की सोच, समाज की बनावट और धर्म तक को प्रभावित किया। दार्शनिक और इतिहासकार जेनोफोन के जीवन से इस परिवर्तन को बखूबी समझा जा सकता है।

**साइरस के सैनिक ।** एथेंस में जन्मे जेनोफन (xenophon) एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनकी आय मुख्य रूप से खेती पर निर्भर थी। जवानी के दिनों में वह फारसी राजकुमार साइरस द यंगर की सेना में शामिल हुए। साइरस ने अपने भाई के खिलाफ विद्रोह छेड़ा था। हालांकि, वह युद्ध में हार गए, लेकिन विदेशी जमीन पर फंसे यूनानी सैनिकों को जेनोफन ने सुरक्षित निकाला। इसका जिक्र उन्होंने अपनी किताब 'एनाबेसिस' में भी किया है।

**आर्थिक सोच का नजरिया ।** उनकी दूसरी किताब 'ओइकॉनॉमिकस' और भी ज्यादा चर्चित हुई। घर, धन और संसाधनों के सही प्रबंधन पर आधारित इस किताब को शुरुआती आर्थिक सोच के नजरिये से भी महत्वपूर्ण माना गया। जेनोफन के समय यूनानी सोच में बड़े बदलाव होने लगे थे। उसी समय सुकरात, प्लेटो, अरस्तु, हेरोडोटस जैसे विचारकों ने ज्ञान के नए आयाम खोले। यह बदलाव केवल विचारों से नहीं, बल्कि आर्थिक ढांचे के परिवर्तन से भी जुड़ा था।

**टेट्राड्रैक्म सिक्कों की धूम ।** तब एथेंस के पास खेती के लिए जमीन नहीं थी। इसलिए, वह खाने-पीने की चीजों के लिए आयात पर निर्भर था। व्यापार और मुद्रा के जरिये इसकी भरपाई की। एथेंस के दक्षिण में चांदी की खानों से बड़ी संख्या में सिक्के ढाले गए। ये सिक्के कई क्षेत्रों में फैल गए। सिक्कों की वजह से बार्टर सिस्टम की परेशानी खत्म हुई।

**बदल गया समाज ।** सिक्कों ने पूरा समाज बदल दिया। अब कानून, अधिकार और भागीदार की दरकार होने लगी। शासकों ने भी आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया। अब एथेंस का अगोरा यानी बाजार सिर्फ खरीद-फरोख्त का अड्डा नहीं था। अब वह चर्चा, शिक्षा, राजनीति का केंद्र बन गया।

**वस्तु के दो मूल्य ।** जेनोफन ने समझाया कि किसी चीज के उपयोग और विनिमय जैसे दो मूल्य होते हैं। उपयोग मूल्य यानी वह हमारे काम की है या नहीं, जबकि विनिमय मूल्य उसकी बाजार में कीमत है। यही विचार आगे चलकर अर्थशास्त्र की नींव बना। उन्होंने घर को साझेदारी माना और कहा कि पति-पत्नी, दोनों को सहकर्मी की तरह मिलकर घर चलाना चाहिए। तब के लिहाज से यह प्रगतिशील सोच थी। हालांकि, बढ़ते व्यापार और धन के साथ समाज में असमानता बढ़ी।

**तरक्की के कई कारण ।** हालांकि, यह भी सच है कि प्राचीन यूनान की तरक्की सिर्फ दार्शनिकों की वजह से नहीं हुई। चांदी के सिक्कों के चलन से व्यापार बढ़ा। व्यापार बढ़ने से समाज में बदलाव आया और लोगों की सोच बदली। इसी बदलाव ने तर्क, लोकतंत्र और विज्ञान जैसी नई धारणाओं को जन्म दिया। आज भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग और वैश्विक व्यापार ने हमारी अर्थव्यवस्था और सामाजिक संबंध बदल दिए हैं। यानी प्राचीन इतिहास की तरह आज भी आर्थिक बदलाव ही बड़े सामाजिक और बौद्धिक बदलावों की नींव बन रहे हैं।

## रीडर्स मेल

### संवाद बंद न हो

**25 फरवरी** का संपादकीय 'विरासत विफलता' में सही कहा गया है कि लखनऊ वाली घटना के पीछे सिर्फ पढ़ाई का दबाव मुख्य वजह नहीं थी। आज के समय में सामाजिक तानाबाना इतना बिखर गया है कि रिश्तों के बीच दूरियां बढ़ रही हैं। इससे संवेदनशीलता का कहीं न कहीं अभाव रहता है। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि स्टूडेंट्स पढ़ाई, सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक दबाव में आत्महत्या कर रहे हैं। ऐसे मामलों में परिवार में बेहतर माहौल कायम करने में संवाद का रास्ता कारगर साबित हो सकता है।

**पैथर तोमर,** विशन गंज

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP15 User: cci Time: 02-25-2026 22:00 Color:



## फटाफट खबरें

### HC के फैसले में दखल से इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पटना हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। SC ने निर्माणाधीन सिकरहना नदी और बांध परियोजना की सीमा चौड़ी न करने के निर्देश को मान करने वाली याचिकाओं का ग्रुप खारिज किया गया था।

### आतंकी फंडिंग पर SC के सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए NIA से सवाल किया। 1990 के दशक के कुछ कथित भड़काऊ भाषणों का हवाला देने पर सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए से सवाल किया।

### BNSS से जुड़ी अर्जी खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के उन प्रावधानों के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिनमें सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों को अभियोजन निदेशक और सेवारत अधिकारियों को अभियोजन के उप निदेशक अपॉइंट करने की इजाजत दी गई है।

### 2700 टूरिस्ट को सुरक्षित निकाला

■ भाषा, गंगटोक: पूर्वी सिक्किम में त्सोमगो झील के पास भारी बर्फबारी के कारण फंसे 2,700 से ज्यादा पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार शेरथांग और आसपास के ऊंचे इलाकों में तेज बर्फबारी से सड़कें बंद हो गई थीं।

### इन्फेक्शन रोकने को SC सख्त

■ भाषा, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देश भर के सरकारी अस्पतालों में खून चढ़ाने से होने वाले HIV और हेपेटाइटिस जैसे इन्फेक्शन का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (NAT) की सुविधा और उसके खर्च से जुड़ी जानकारी मांगी है।

# जुडिशरी से जुड़े कंटेंट पर SC बोला, बदनामी नहीं करने देंगे


## NCERT बुक में जुडिशरी के करप्शन का जिक्र, कोर्ट चिंतित

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को NCERT की कक्षा 8 की सोशल साइंस की नई किताब में जुडिशरी में करप्शन से जुड़ी सामग्री पर गंभीर आपत्ति जताई। कोर्ट ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया और कहा कि संस्था की छवि खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ के सामने सीनियर वकील कपिल सिब्बल और डॉ अभिषेक मनु सिंघवी ने यह मुद्दा उठाया। सिब्बल ने कहा कि कक्षा 8 के बच्चों को जुडिशरी में करप्शन के बारे में पढ़ाया जाना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य होने के नाते वे इससे व्यथित हैं।

चीफ जस्टिस ने कहा कि वह मामले से पूरी तरह अवगत हैं और उन्हें कई फोन कॉल और संदेश मिले हैं। यह एक सोची-समझी चाल प्रतीत होती है। मैं अधिक कुछ नहीं कहूंगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहले ही आदेश पारित कर स्वतः संज्ञान ले लिया है। उन्होंने कहा कि बार और बेंच दोनों चिंतित हैं और हाई कोर्ट्स के जस्टिस भी इस विषय को लेकर परेशान हैं। कोर्ट ने कहा कि वह किसी भी कीमत पर संस्था की निष्कलंकता पर आंच नहीं आने देंगे। कानून अपना रास्ता अपनाएगा। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि अन्य संस्थानों में करप्शन का कोई उल्लेख नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नई किताब में जुडिशरी की प्रमुख चुनौतियों के रूप में करप्शन और लंबित मामलों का जिक्र किया गया है।



### किताब से हटाए जाएंगे विवादित अंश!

मामले की गंभीरता को देखते हुए NCERT ने 8वीं सोशल साइंस की किताब में जुडिशरी में करप्शन से जुड़े विवादास्पद हिस्से को हटाने का फैसला किया है, इसके बारे में एक आधिकारिक बयान आने की संभावना है। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। NCERT की वेबसाइट पर ऑनलाइन बुक्स सेक्शन में अब यह नई किताब उपलब्ध नहीं है। मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी का मानना है कि किसी भी चैप्टर को लिखे जाने से पहले सभी पहलुओं को देखा जाना चाहिए। इससे पहले भी NCERT की किताबों पर कई तरह के विवाद सामने आ चुके हैं।

### क्या करेगा कोर्ट?

जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि पुस्तक की संरचना संविधान की बेसिक स्ट्रक्चर के अनुरूप नहीं लगती। सीनियर वकीलों ने तर्क दिया कि करप्शन का जिक्र चयनात्मक तरीके से किया गया है, मानो अन्य क्षेत्रों में ऐसी समस्या न हो। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया है और अब आगे की कार्रवाई पर फैसला करेगा, जो भविष्य के लिए नजीर बने।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

### विपक्ष के सवाल

AAP सांसद संजय सिंह ने कहा कि NCERT की किताब में विवादित हिस्से के मामले में चीफ जस्टिस ने संज्ञान लेकर अच्छा किया। कांग्रेस ने भी मामले को BJP पर निशाना साधा।

# किसी खास समुदाय को नहीं बना सकते निशाना: सुप्रीम कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के लिए बंधुत्व (fraternity) को एक महत्वपूर्ण तत्व बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे सार्वजनिक व्यक्ति धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर किसी भी विशेष समुदाय को निशाना नहीं बना सकते।

**संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को कोर्ट ने दी नसीहत**

शीर्ष अदालत ने कहा कि स्टेट या नॉन स्टेट एक्टर सहित कोई भी व्यक्ति भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य कला सहित किसी भी माध्यम से किसी समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता। ये टिप्पणियां जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने नेटफ्लिक्स की आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म घूसखोर पंडत की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने अलग से लिखे फैसले में की हैं। अपने फैसले में उन्होंने कहा कि राज्य हो या गैर-राज्य कारक, कोई भी शख्स भाषण, मीम, कार्टून, दृश्य कला आदि किसी भी माध्यम से किसी समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता। यह संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य है। यह खास तौर पर उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों पर लागू होता है।

# BSNL डायरेक्टर को VIP ट्रीटमेंट पर सिंधिया सख्त

■ आईएएनएस, नई दिल्ली



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने BSNL के डायरेक्टर विवेक बंसल को VIP ट्रीटमेंट मिलने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे अनुचित और स्थापित नियमों का उल्लंघन बताया। सिंधिया ने कहा कि ऐसा आचरण अस्वीकार्य है और अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्हें 7 दिन में जवाब देने को कहा गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारत संचार निगम लिमिटेड के डायरेक्टर विवेक बंसल की प्रस्तावित यात्रा के लिए विस्तृत इंतजाम किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, दो दिन में 50 कर्मचारियों को 21 अलग-अलग कामों के लिए लगाया गया। योजना में नौका विहार, मंदिर दर्शन, संगम स्नान और स्नान किट की तैयारी तक शामिल थी। गाड़ियों में पानी, चॉकलेट और अन्य सामान रखने की व्यवस्था भी की गई थी। इस निजी यात्रा से जुड़े दस्तावेज सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद बढ़ा और यात्रा रद्द कर दी गई।

**अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी**

# JEE MAIN सेशन-1 के पेपर-2 का रिजल्ट जारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने JEE- MAIN सेशन 1 के पेपर 2 (B.Arch और B.Planning) का रिजल्ट जारी कर दिया है। B.Arch में केरल के सूर्या तेजस एस और B.Planning में केरल के ही गौरी शंकर वी ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर हासिल किया है। B.Arch की परीक्षा में 45,452 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जबकि B.Planning के पेपर में 21,067 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया।

# ओडिशा में अफसर के फ्लैट से ₹4.27 करोड़ कैश मिला

■ भाषा, भुवनेश्वर

भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार, ओडिशा खान विभाग के एक अधिकारी के घर से करीब 4.27 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई। अधिकारियों ने बताया कि खान उप निदेशक देबब्रत मोहंती के भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से नकदी जब्त की गई है।

अधिकारी को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने मंगलवार रात गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसकी संपत्तियों पर छापेमारी की गई। विजिलेंस डायरेक्टर यशवंत जेठवा ने कहा कि एजेंसी द्वारा राज्य में यह अब तक की सबसे अधिक नकद जब्ती है। भुवनेश्वर मंडल के विजिलेंस एसपी सरोज कुमार ने बताया कि मोहंती पर 2009 में भी इसी तरह का भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था और उनके खिलाफ अब भी मुकदमा चल रहा है।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने सत्ताधारी बीजेपी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि नकदी की बरामदगी ने राज्य में तथाकथित डबल इंजन वाली सरकार की देखरेख में फल-फूल रहे भ्रष्टाचार को उजागर किया है।

अधिकारियों ने बताया कि मोहंती को लाइसेंस प्राप्त कोयला बेचने वाले से कथित तौर पर 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद सतर्कता विभाग ने भुवनेश्वर स्थित उनके फ्लैट, भद्रक जिले में स्थित उनके पैतृक घर और कटक स्थित उनके कार्यालय में एक साथ छापेमारी की। एसपी ने कहा कि मोहंती के नाम पर 10 बैंक खाते और लॉकर हैं। उनकी भी जांच की जा रही है।



- दो मंजिला मकान, प्लॉट, बैंक खाते और लॉकर की जांच जारी
- विजिलेंस डिपार्टमेंट ने अफसर को मंगलवार रात किया था अरेस्ट

# ED ने अनिल अंबानी के घर 'एबोड' को कुर्क किया

■ पीटीआई, नई दिल्ली



एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर 'एबोड' को कुर्क कर लिया है। इसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है। सूत्रों के अनुसार, उनके समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) द्वारा कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क किया गया। ऐसा करने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

**घर की कीमत 3716 करोड़ रुपये बताई जा रही**

उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये है। अंबानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ED के सामने पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ED के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। ताजा आदेश के साथ इस मामले में कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य अब लगभग 15,700 करोड़ रुपये हो गया है।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' पर SC का रोक से इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आने वाली फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के टाइटल पर रोक लगाने या नाम बदलने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि फिल्म का शीर्षक यादव समुदाय को किसी भी तरह से गलत या नकारात्मक रूप में पेश नहीं करता।

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने विश्व यादव परिषद के प्रमुख की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की। याचिका में कहा गया था कि फिल्म का नाम समाज में यादव समुदाय की गलत छवि बनाता है और इसे बदला जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि शीर्षक में ऐसा कोई शब्द या विशेषण नहीं है, जो यादव समुदाय को गलत रूप में दिखाता हो। पीठ ने आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया। अदालत ने यह भी साफ किया कि यह मामला 'घूसखोर पंडित' वाले मामले से अलग है।

**मूवी टाइटल से समुदाय को गलत रूप में पेश नहीं किया गया: कोर्ट**


## समाहरणालय, सुपौल

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)

ज्ञापांक– 224

बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत जब्त वाहनों के मालिकों के लिए नोटिस।

(अल्पकालीन)

बजरिये नोटिस के माध्यम से संसूचित किया जाता है कि, बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथासंशोधित) की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों का खुलेआम क्रय–विक्रय, परिवहन/भंडारण/चौर्य व्यापार आदि करने के आरोप में जिला अन्तर्गत विभिन्न पुलिस थाना/मद्यनिषेध थाना कांडों में जब्त किये गए वाहनों का अधिहरण/राजसात किया जा चुका है। अधिहरित/राजसात वाहनों की सार्वजनिक आम नीलामी से पूर्व अधीक्षक मद्यनिषेध, सुपौल के द्वारा वाहन मालिक को अपना पक्ष रखने हेतु परिवहन पदाधिकारी, सुपौल से प्राप्त स्क्रीन रिपोर्ट (फारम–24) पर अंकित पते पर पूर्व में पत्राचार किया जा चुका है, परन्तु वैसे वाहन मालिक जिनके द्वारा नोटिस लेने से इनकार किया गया/पता अधूरा/गलत रहने के कारण नोटिस नहीं पहुँच सका हो, वैसे वाहन मालिकों को अपना पक्ष रखने हेतु नीलामी से पूर्व अंतिम रूप से समाचार पत्र के माध्यम से सूचना देने का प्रावधान है।

इस स्थिति में वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि यदि वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो अपना पक्ष साक्ष्य सहित **अधीक्षक मद्यनिषेध, सुपौल, बिहार** के समक्ष उपस्थित होकर दिनांक **10.03.2026** तक लिखित रूप से दे सकते हैं, अन्यथा संबंधित वाहनों की नीलामी की कार्रवाई विधिवत पूर्ण कर ली जाएगी। तदोपरान्त वाहन मालिकों द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नहीं होगा एवं नीलामी समिति किसी भी प्रकार से जिम्मेवार नहीं होगी। तत्संबंधी सूची निम्न प्रकार अंकित है :–

| क्र० सं० | उत्पाद अभियोग वाद सं० | राजसात वाहन का प्रकार | राजसात वाहन का निबंधन/इंजन/चेसिस संख्या | राजसात वाहन के अभिरक्षा का स्थान | थाना कांड संख्या | अभियुक्त का नाम | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 313/2023 | टोयोटा कार | DL4CAE-7520 Eng No-2ZZ871273 Che No-MBJ53ZEC206836729 0407 Mfg Year-2007 | [illegible] थाना | 204/23 05.09.2023 | मनोज कुमार, पे- [illegible], सा- [illegible], वार्ड नं-04 थाना-[illegible], जिला-सुपौल | Suraj Prakash S/o Sat Prakash h.no-a12 Golf View DDA mig Saket Pr-New Delhi | |
| 2 | उत्पाद [illegible] 116/2024 | [illegible] | DL10C-2041 Eng No-2ZLDC0R0962Y00862 0 Che No-MAT403733ANE05094 | मद्यनिषेध थाना सुपौल | 44/2024 15.02.2024 | [illegible] कुमार, पे- [illegible], सा- [illegible], वार्ड नं-13 थाना+जिला-सुपौल | | |
| 3 | उत्पाद [illegible] 98/2024 | बजाज पल्सर AT मोटरसाइकिल | DL8SU-8096 | मद्यनिषेध थाना [illegible] | 15/2024 12.02.2024 | [illegible] कुमार, पे- [illegible], सा- [illegible], थाना-[illegible], जिला-सुपौल | | |
| 4 | उत्पाद [illegible] 146/2024 | होण्डा सीटी जेड एक्स कार | DL3CBA-1544 Eng No-L15A30137561 Che No-MAKGD852ABN408289 | [illegible] थाना | 07/2024 06.01.2024 | अज्ञात | | |

समाहर्त्ता
सुपौल

PR-024940 (Excise) 2025-26

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



MAHASAMRUDDHI RENEWABLE ENERGY LIMITED,
SPV of MAHARASHTRA STATE ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(GOVERNMENT OF MAHARASHTRA UNDERTAKING)
MSRDC
Office: Kohinoor Square, 21st floor, Central Tower, N.C. Kelkar Marg, Ram Ganesh Gadkari Chowk, Shivaji Park, Dadar (W), Mumbai-400028, Maharashtra State, INDIA.
Ph. No.: 022-265 17910/966 Email: esmsrdc@gmail.com & cgmenv@msrdc.in
Website: www.msrdc.in E-Tender Portal: https://mahatenders.gov.in

**NOTICE INVITING E- TENDER**

Date: 26/02/2026

Request for Proposal

**SALE OF SOLAR POWER ON LONG TERM BASIS THROUGH TARIFF BASED BIDDING UNDER OPEN ACCESS TO USERS FROM 115 MW SOLAR POWER PLANTS CONSTRUCTED AT VARIOUS INTERCHANGES ALONG HINDU HRUDAYSAMRAT BALASAHEB THACKERAY MAHARASHTRA SAMRUDDHI MAHAMARG**

- RFP document can be viewed/downloaded from e-tendering portal **https://mahatenders.gov.in** from **26.02.2026 from 1200 hrs to 24.04.2026 (upto 1500 Hrs. IST)**
- Cost of RFP document is Rs. 50000 + GST which can be paid through SBI payment gateway which can be accessed through **https://mahatenders.gov.in.**
- Pre-bid meeting will be held on **13.03.2026 at 1500 hrs**
- Last date of submission of RFP is **24.04.2026 (upto 15.00 hours IST).**
- Right to accept or reject any or all the RFQ without assigning any reason whatsoever is reserved with MREL.

Director
Mahasamruddhi Renewable Energy Ltd.,
Mumbai



## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम सोमिया, पत्नी: लालबहादुर सिंह, निवासी: गली नंबर 4, सी–35, दूसरी मंजिल, सूरज पार्क, बादली, दिल्ली जोकि दिनांक **19.02.2026** को सुबह **10:00** बजे से अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में **DD No. 55A, Dated: 20.02.2026,** पुलिस थाना समयपुर बादली, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:

नाम: सोमिया, उम्र: 27 वर्ष, कद: 5'3", रंग: गेहुँआ, चेहरा: गोल, शरीर: स्वस्थ, पहनावा: हरे रंग का स्वेटर, काले रंग की जींस और पैरों में जूती।

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी समयपुर बादली, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638/24368641, फैक्स: 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना समयपुर बादली, दिल्ली
फोन: 011-27854757, 7065036326

DP/2392/ON/2026



## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम ओमकाल, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात और अपना घर आश्रम, पंजाब खोड़, दिल्ली जोकि दिनांक 31.01.2026 को एसजीएम अस्पताल, मंगोलपुरी, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **DD No. 43 A,** दिनांक 31.01.2026 पुलिस थाना कंझावला, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। मृत शरीर को एसजीएम अस्पताल के मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: ओमकाल, उम्र: 64 वर्ष, कद: 5'9", रंग: सांवला, शरीर: पतला, चेहरा: लंबा, पहनावा: हल्के नीले रंग की टी–शर्ट और नीले रंग का पायजामा।


अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना कंझावला, दिल्ली
फोन: 011–25951486, 8750870324

DP/2450/RD/2026



## लापता की तलाश



भीखा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम: भीखा, पुत्र: भुल्लर, पता: डेयरी नं. 94, मसूदपुर, वसंत कुंज, नई दिल्ली, स्थायी पता: परौरी डाकघर: मवई धमियाना, उन्नाव, उत्तर प्रदेश, लिंग: पुरुष, उम्र: 60 साल, कद: 5'4", रंग: गेहुआ, शरीर: मध्यम, चेहरा: गोल, पहनावा: सफेद रंग का लोअर व स्वेटर और पैरों में चप्पल पहने है, जो अपने घर से दिनांक 09.02.2026 से लापता है। इस बाबत डीडी नं. 69ए, दिनांक: 10.02.2026, थाना: वसंत कुंज नोर्थ, नई दिल्ली में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: 011-24368638, 24368641
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना: वसंत कुंज नोर्थ, नई दिल्ली
फोन: 8700583375, 9958926582

DP/2046/SW/2026



## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि., उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम
## विद्युत वितरण मण्डल, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक–1277/वि.वि.म.(रु.)/ — दिनांक 25.02.2026

**ई–निविदा सूचना**

विद्युत वितरण मण्डल रुद्रपुर निम्न कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है :–

| क्र० सं० | ई–निविदा संख्या | कार्य का नाम | ई–निविदा क्रय करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा हार्ड प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा की तकनीकी बिड पार्ट–I (EMD & Tender Cost, Bid Validity) ऑफ लाइन खुलने की तिथि एवं समय | ई–निविदा तकनीकी बिड ऑफ लाइन/ऑन लाइन खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वि०वि०म०(रु०) 68/2025–26 | विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, रुद्रपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड, रुद्रपुर–प्रथम के अधीन 33/11 के.वी. उपकेन्द्र गंगापुर का परिचालन, उससे सम्बन्धित विद्युत लाईनों का अनुरक्षण एवं उपभोक्ता शिकायत निवारण आदि का कार्य। | 12.03.2026 12:00 बजे तक | 13.03.2026 12.00 बजे | 13.03.2026 14:00 बजे |
| 2 | वि०वि०म०(रु०) 69/2025–26 | विद्युत परीक्षण खण्ड, रुद्रपुर के अन्तर्गत एल०टी० सी०टी० मीटर व एच०टी० मीटरों की टेस्टिंग का कार्य। | 12.03.2026 12:00 बजे तक | 13.03.2026 12.00 बजे | 13.03.2026 14:00 बजे |
| 3 | वि०वि०म०(रु०) 70/2025–26 | विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, रुद्रपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड, सिडकुल पन्तनगर के अधीन 33/11 के.वी. उपकेन्द्र सैक्टर–2, सिडकुल का परिचालन, उससे सम्बन्धित विद्युत लाईनों का अनुरक्षण एवं उपभोक्ता शिकायत निवारण आदि का कार्य। | 12.03.2026 12:00 बजे तक | 13.03.2026 12.00 बजे | 13.03.2026 14:00 बजे |
| 4 | वि०वि०म०(रु०) 71/2025–26 | विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, रुद्रपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड, सिडकुल पन्तनगर के अधीन 33/11 के.वी. उपकेन्द्र सैक्टर–7, सिडकुल का परिचालन, उससे सम्बन्धित विद्युत लाईनों का अनुरक्षण एवं उपभोक्ता शिकायत निवारण आदि का कार्य। | 12.03.2026 12:00 बजे तक | 13.03.2026 12.00 बजे | 13.03.2026 14:00 बजे |

कार्य, मदें एवं शर्तें विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल रुद्रपुर

विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
Customer Toll Free No- 1800 419 0405



## ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शॉल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सार्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। जिसका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा कब्जा है जैसी है, जो है जैसी है एवं जो कुछ भी स्थिति में है के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार/(रों)/ जमानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | राजविंदर सिंह बेदी (आवेदक), अनु शर्मा (सह–आवेदक) ऋण खाता संख्या– LBGUR00002359955 | अपार्टमेंट नंबर 7बी, 7वीं मंजिल टॉवर 11, प्लॉट नंबर 11, बेलाविस्टा II, सेंट्रल पार्क II, गांव टिकरी के रेवेन्यू एस्टेट में स्थित, सेक्टर 48, जिला–गुड़गांव, गुड़गांव, हरियाणा, क्षेत्रफल –2350 वर्ग फुट | रु. 2,87,33,755/- (जनवरी 21, 2026 तक) | रु. 5,50,00,000/- / रु. 55,00,000/- | मार्च 07, 2026 को दोप. 12:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | मार्च 20, 2026 को सु. 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधककर्ता(ओं)/ सूचना प्राप्तकर्ताओं को मार्च 19, 2026 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शॉल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005 में मार्च 19, 2026 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अथवा बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) मार्च 19, 2026 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शॉल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005 में लिखित प्रस्तावों की हस्ताक्षरित प्रति को मार्च 19, 2026 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शेड्यूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की दिल्ली शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड कर्मचारी के फोन नंबर 8928935040/ 8584874809 पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियां 1. मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ऑक्शन एसेट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. मैटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड, 4. फिनविन एस्टेट डील टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, 5. गिरनारसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड, 6. हेक्टा प्रॉप टेक प्राइवेट लिमिटेड, 7. अर्का इमार्ट प्राइवेट लिमिटेड, 8. नोबेल एसेट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, 9. नोब्रोकर टेक्नोलॉजीज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 10. वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु संलग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।

तिथि : फरवरी 26, 2026
स्थान : दिल्ली / एनसीआर और गुड़गांव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP16 User: cci Time: 02-25-2026 22:05 Color:



# 20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच



"अहमदाबाद में परिस्थितियां लगातार बदलती रही हैं। मुझे नहीं लगता है कि हमें यहां चार मैच खेलने का फायदा मिल रहा है। हमारे लिए परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर प्रदर्शन करना जरूरी है।" -केशव महाराज, स्पिनर, सा. अफ्रीका

कुल मैच 45 | टोटल रन 13819 | विकेट गिरे 579 | बाउंड्री मीटर: 4 - 1139, 6 - 572

हाईएस्ट स्कोर: प्लेयर 110 (युवराज सामरा, कनाडा) | टीम 254/6 (वेस्टइंडीज vs जिंबाब्वे)

बैटर नंबर-1: 283 एस फरहान (पाकिस्तान) | बोलर नंबर-1: 13 शैडली वान (यूएसए)

*आंकड़े मंगलवार को पाकिस्तान vs इंग्लैंड मैच तक

**230** रन का टारगेट चेज किया था इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल 2016 के टी20 वर्ल्ड कप में। यह टूर्नामेंट के इतिहास में रेकॉर्ड चेज है

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के विकेटकीपर कौन हैं?
A) शाई होप B) शिमरॉन हेटमायर C) ब्रेंडन किंग D) शेरफेन रदरफोर्ड

2. इंग्लैंड ने किस टीम के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया था?
A) भारत B) ऑस्ट्रेलिया C) साउथ अफ्रीका D) वेस्टइंडीज

**कल के जवाब**
1. D) 16 2. D) वेस्टइंडीज

**लकी WINNERS**



1 लक्षिता, नजफगढ़, दिल्ली
2 आदित्य जैन, ठाणे, मुंबई
3 प्रमोद भारती, बेटर नोएडा

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## जिंबाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मैच में टीम इंडिया को चाहिए बड़ी जीत

# चेन्नै में पकड़नी है विनिंग एक्सप्रेस

**चेन्नै से लाइव**
Rupesh.Singh@timesofindia.com



भारत vs जिंबाब्वे
सुपर-8 का मैच

चेन्नै में प्रैक्टिस सेशन के दौरान टीम इंडिया के खिलाड़ी

टी20 वर्ल्ड कप 2026

■ **चेन्नै:** सेमीफाइनल की राह को लेकर अगर-मगर के भंवर में फंसी टीम इंडिया को जिंबाब्वे के खिलाफ एक बड़ी जीत हासिल करनी होगी। हालांकि, इतने से भी बात नहीं बनेगी, लेकिन खोया आत्मविश्वास जरूर लौट आएगा, जिसकी वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले मुकाबले में खास जरूरत होगी। टीम इंडिया के लिए फिलहाल सबसे जरूरी है अभिषेक शर्मा के बल्ले का चलना। चार मैच में सिर्फ 15 बनाने वाले इस ओपनर पर टीम मैनेजमेंट का विश्वास अभी भी बना हुआ है और आज मैनेजमेंट अभिषेक को अपने पुराने रंग में लौटते देखना चाहेगी। वर्ल्ड कप से पहले तक अभिषेक लगातार दमदार पारियां खेल रहे थे, जिससे टीम की खामियां नजर नहीं आ रही थीं, लेकिन जैसे ही उनके बल्ले शांत हुआ, टीम के भीतर का शोर बाहर आ गया। कॉम्बिनेशन, स्पिन, लेफ्टी जैसे ऐंगल पर लगे टीम की मजबूती का मास्क हट गया। अब इन सब खामियों पर एक साथ पार पाना मुश्किल है। ऐसे में अभिषेक का बल्ला ही वो जादू की छड़ी है जो चल गई तो ये खामियां फिर गायब हो जाएंगी और सेमीफाइनल की राह भी आसान हो जाएगी।

**संजू की होगी एंट्री:** बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने तिलक वर्मा की फॉर्म को लेकर चिंताओं को नकारा, लेकिन बुधवार को वैकल्पिक प्रैक्टिस सेशन में सिर्फ तिलक की मौजूदगी ने यही संकेत दिया कि यह चिंता का विषय है। एक दिन पहले प्रैक्टिस सेशन में संजू सैमसन के बल्ले से निकल रही आवाजों ने भी यही संकेत दिया था कि वह फैंस को रोमांचित करने को तैयार हैं। संजू इलेवन में आते हैं तो ओपनिंग में राइट-लेफ्ट कॉम्बिनेशन बनाने के लिए उन्हें अभिषेक के साथ उतारा जा सकता है। तिलक की जगह नंबर-3 ईशान होंगे।

**अक्षर इन तो सुंदर आउट:** पिछली हार के बाद सबसे अधिक चर्चा में रहे अक्षर पटेल भी इस मुकाबले में वापसी कर सकते हैं। वह सुंदर की जगह लेंगे जिन्होंने अहमदाबाद में उनकी जगह ली थी। लेफ्ट हैंड बैटर्स का सामना करने के लिए सुंदर को खिलाने का फैसला उल्टा पड़ गया था। कोटक ने यह जानकारी दी कि रिंकू सिंह अपने बीमार पिता से मुलाकात करके समय पर चेन्नै लौट आएंगे। इसका मतलब है कि वह इलेवन में होंगे।

**पहली पारी में बनते हैं रन:** चेपक पर इस वर्ल्ड कप खेले गए छह मैचों में चार अलग-अलग पिचों का इस्तेमाल हुआ है, जिनमें से दो पर दो-दो बार मुकाबले खेले गए। टीमों ने तीन बार लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की है और तीन बार स्कोर डिफेंड करते हुए। भारत को यहां रात में मुकाबला खेलना है उस लिहाज से दिलचस्प बात यह है कि यहां खेले गए दो नाइट मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम जीती है। ग्रुप स्टेज में यहां खेले गए छह मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम का अधिकतम 200 है।

### कुछ ऐसा है समीकरण

अंतिम चार में पहुंचने के लिए भारत के लिए पहली शर्त अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने की है। भारत और साउथ अफ्रीका अगर अपने-अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाएं तो ये दोनों टीमें अंतिम-4 में पहुंच जाएंगी। भारत अपने दोनों मैच जीत जाए और अफ्रीकी टीम अगले मैच में विंडीज को हराने के बाद जिंबाब्वे से हार भी जाए, तो भी भारत फायदे में रहेगा। यदि वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को और साउथ अफ्रीका ने जिंबाब्वे को हरा दिया, तो फिर भारत के लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी। ऐसे में तीनों के बराबर 4-4 अंक हो जाएंगे। तब फैसला नेट रन रेट पर होगा और इस मामले में भारत की स्थिति बहुत खराब दिख रही है।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### 24 साल और 427 मैच के बाद

**जिंबाब्वे और** भारत के बीच यह मैच जिंबाब्वे के प्लेयर्स के लिए खास होगा क्योंकि यह टीम करीब 24 साल बाद भारत में भारत के खिलाफ कोई मुकाबला खेलेगी। भारत में इन दो टीमों के बीच पिछली भिड़ंत 19 मार्च, 2002 को गुवाहाटी में हुई वनडे मैच में हुई थी। इसके बाद जिंबाब्वे ने भारत का कोई दौरा नहीं किया। वहीं भारत ने इस दौरान कुल 427 इंटरनैशनल मैच खेल लिए। भारत ने बीच-बीच में अपने दूसरे स्तर की टीम को जिंबाब्वे दौरे पर भेजा है। पिछली बार साल 2024 में शुभमन गिल की अगुआई में एक युवा टीम ने जिंबाब्वे का दौरा किया था और सीरीज जीती थी।

C Suresh Kumar

**आमना-सामना**
भारत 10 | जिंबाब्वे 3 | कुल मैच 13

**टेलिकास्ट:** शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारत:** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती

**जिंबाब्वे:** ब्रायन बेनेट, तादिवानाशे मारुमनी (विकेटकीपर), डियोन मायर्स, रयान बर्ल, सिकंदर रजा (कप्तान), तशिंगा मुसेकिवा, टोनी मुनयोंगा, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ग्रेम क्रेमर, ब्लेसिंग मुजरबानी

**पिच व मौसम**
वर्ल्ड कप से पहले मैदान को खोदा गया था और एक ट्रैक को पूरी तरह से फिर से बनाया गया था। इसके बाद वर्ल्ड कप से पहले चेपक में पांच महीने से अधिक समय तक कोई क्रिकेट नहीं खेला गया, जिससे पिचें की ताजगी बनी हुई है। चेन्नै में अभी तक ओस की भूमिका ज्यादा नहीं रही है। दिन का अधिकतम तापमान 30 के पार जा रहा है, बारिश की आशंका नहीं है।

**61*** रन बनाए थे सूर्यकुमार यादव ने जब पिछले टी20 वर्ल्ड कप में भारत और जिंबाब्वे के बीच भिड़ंत हुई थी। भारत ने यह मैच आसानी से 71 रन से जीता था

# कीवी कप्तान सैंटनर ने बल्ले से किया धमाल



श्रीलंका vs न्यूजीलैंड
सुपर-8 का मैच

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन, 26 बॉल, 2 फोर, 4 सिक्स) ने निचले क्रम में कोल मैककोंची (31* रन, 23 बॉल, 3 फोर, 2 सिक्स) के साथ मिलकर बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में संघर्ष कर रही अपनी टीम को उम्दा स्कोर तक पहुंचा दिया। ग्रुप-2 के इस अहम मैच में मेजबान श्रीलंका ने जब टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए कहा, तो टीम एक समय 13वें ओवर में 84 रनों पर छह विकेट गंवाकर मुश्किल स्थिति में घिरी थी। लेकिन, कप्तान सैंटनर ने इस मैच में प्लेइंग इलेवन में शामिल किए गए मैककोंची के साथ सातवें विकेट के लिए सिर्फ 47 गेंदों पर 84 रनों की बड़ी साझेदारी की जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड 20 ओवर्स में सात विकेट पर 168 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। इसके अलावा टॉप ऑर्डर में रचिन रविंद्र ने 32 रनों का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए महीश तीक्षणा और दुष्मंथा चमीरा ने 3-3 विकेट लिए।

**श्रीलंकाई बोलर्स ने बांधे रखा:** कीवी ओपनर्स अपने आक्रामक आगाज के लिए जाने जाते हैं, लेकिन श्रीलंकाई अटैक ने उन्हें हाथ खोलने का मौका नहीं दिया और पावरप्ले के भीतर ही दोनों बैटर्स को पविलियन की राह दिखा दी। न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने शुरू में हालांकि आक्रामक होने की कोशिश की। फिन एलेन (13 गेंदों पर 23 रन) ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका द्वारा डाले गए पारी के पहले ओवर की चौथी बॉल पर ही सिक्स जड़ा। एलेन अगले ओवर में और अटैकिंग हो गए, जब उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेललागे की दो लगातार बॉल पर फोर लगाया, जबकि इसी ओवर में उनके पार्टनर टिम सीफर्ट (8) ने भी एक फोर लगा दिया और पारी के दूसरे ओवर से टीम के खाते में 15 रन आए। न्यूजीलैंड शुरुआती छह ओवर्स के बाद बोर्ड पर दो विकेट के नुकसान पर सिर्फ 44 रन ही जुटा पाई जो मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में उसका पावरप्ले का सबसे कम स्कोर है।

**8**वें प्लेयर बने मिचेल सैंटनर टी20 इंटरनैशनल में 1000+ रन और 100+ विकेट का डबल पूरा करने वाले

**ब्रीफ स्कोर**
**न्यूजीलैंड:** 20 ओवर्स में 168/7 (मिचेल सैंटनर 47, रचिन रविंद्र 32, कोल मैककोंची 31*, महीश तीक्षणा 3/30, दुष्मंथा चमीरा 3/38)

**रचिन ने किया संघर्ष:** दो विकेट गिरने के बाद तीसरे नंबर पर उतरे बाएं हाथ के बैटर रचिन रविंद्र ने ग्लेन फिलिप्स (18 बॉल पर 18 रन) के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश की। उन्होंने कुछ दर्शनीय शॉट्स लगाए। रचिन ने नौवें ओवर की पहली गेंद पर लेग स्पिनर दुशान हेमंता की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर सिक्स जड़ा। फिलिप्स हालांकि धीमे रहे और अपनी पारी में सिर्फ एक चौका लगा पाए। रचिन-फिलिप्स ने तीसरे विकेट के लिए 31 गेंद पर 41 रन जोड़े, लेकिन फिलिप्स को चमीरा ने चलता कर इस साझेदारी का अंत किया।

### फटाफट खबरें

**बॉश ने लगाई छलांग**
■ **नई दिल्ली:** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण के बीच जारी ताजा रैंकिंग्स में सबसे बड़ा फायदा साउथ अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश को हुआ है। उन्होंने 21 स्थान की छलांग लगाकर बोलर्स की रैंकिंग्स में सीधे तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, वरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। जसप्रीत बुमराह भी टॉप-10 में हैं।

**पाक फैंस ने दी धमकी**
■ **लाहौर:** इंग्लैंड से हार के बाद नाराज पाकिस्तानी फैंस ने कप्तान सलमान अली आगा के परिवार को सोशल मीडिया पर धमकी भरे संदेश भेजे। उनकी पत्नी साबे ने इसे निंदनीय बताया। पूर्व कप्तान मोइन खान ने साइबर अपराध विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की। पाकिस्तान में बड़े टूर्नामेंटों में हार के बाद खिलाड़ियों और उनके परिवारों को निशाना बनाने की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, जिसकी व्यापक आलोचना हो रही है।

**पहली बार प्री-क्वॉर्टर में**
■ **नई दिल्ली:** नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को 5-2 के एग्रीगेट से हराकर पहली बार चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में प्रवेश किया। जेंस पीटर हॉग के अहम गोल ने राह आसान की।

## जिंबाब्वे की टीम में है 3 सबसे बड़े फाइटर



**4** बार सिकंदर रजा टी20 वर्ल्ड कप में मैन ऑफ द मैच (तीन 2022 में, एक 2026 में) रहे हैं। सिर्फ पांच प्लेयर ही ऐसे हैं जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में सिकंदर से ज्यादा बार यह अवॉर्ड जीता है

■ **NBT रिपोर्ट, चेन्नै:** क्रिकेट में फिर से अपनी जमीं तलाश रही जिंबाब्वे टीम की इस बार लड़ाई मौजूदा दौर में क्रिकेट जगत पर राज कर रही टीम इंडिया से है। इस अफ्रीकी देश के लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने और जिंदा रहने की कला में माहिर होते हैं। पिछले टी20 वर्ल्ड के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाने का दाग लेकर इस वर्ल्ड कप में पहुंची जिंबाब्वे की टीम ने इस वर्ल्ड कप में अपनी इसी कला का परिचय दिया है। ओमान को हराना अपेक्षित था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पर जीत बड़ी थी। उनकी इस वर्ल्ड कप की यात्रा उम्मीदों से और आगे तब निकली जब उन्होंने मेजबान श्रीलंका को भी पस्त कर दिया। हालांकि सुपर-8 में वेस्टइंडीज के हाथों हार ने इस स्वर्णिम यात्रा में पहली बाधा बनी। भारत के खिलाफ भी वे कागजों पर कहीं नहीं टिकते, लेकिन वे साबित करने के लिए कि मैदान और कागज में फर्क होता है, शेवरॉन्स (जिंबाब्वे क्रिकेट टीम) अपनी पूरी जान लगाने को तैयार होंगे। उनकी टीम में ऐसे तीन बड़े लड़ाके हैं जिनसे टीम इंडिया को सतर्क रहना होगा।

भारत vs जिंबाब्वे

**1-ब्रायन बेनेट:** ग्रुप स्टेज में नॉट आउट रहने वाला यह ओपनर भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। अभी तक अपनी टीम की ओर से सर्वाधिक 180 रन बनाने वाले बेनेट ने ओमान के खिलाफ 48* रन की पारी खेलने के बाद मजबूत ऑस्ट्रेलिया और मेजबान श्रीलंका के खिलाफ क्रमशः 64* और 63* रन की पारी खेलकर दो लगातार बड़े उलटफेर की कहानी लिखी।

**2-सिकंदर रजा:** टीम की धड़कन है कप्तान सिकंदर। शुरुआती दो मैच में नाबाद रहने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मोड़ पर 45 रन की पारी खेलकर जीत की डोर टूटने नहीं दी। सिकंदर की ऑफ स्पिन गेंदबाजी भारतीय बैटर्स के लिए परेशानी का सबब बन सकती है।

**3-ब्लेसिंग मुजरबानी:** छह फुट आठ इंच के इस पेसर के ऐक्शन में कागिसो रबाडा की झलक दिखती है। अपनी लंबाई की वजह से एक्स्ट्रा बाउंस पाने वाले मुजरबानी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार बड़े विकेट निकालकर जीत के नायक बने थे। वह कुल 11 विकेट ले चुके हैं।

# विंडीज के बैटर्स के लिए साउथ अफ्रीकी रफ्तार की चुनौती



कप्तान एडेन मार्करम (बाएं) और डेवाल्ड ब्रेविस

साउथ अफ्रीका vs वेस्टइंडीज
सुपर-8 का मैच

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मैच में आज वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका का आमना-सामना होगा। इस मुकाबले में अहम फोकस कैरेबियन बैटर्स के अटैक और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाजों की रफ्तार पर होगा। दोनों टीमें अब तक टूर्नामेंट में अपराजेय हैं और इस मैच का नतीजा सेमीफाइनल की तस्वीर काफी हद तक साफ करेगा।

**दोनों ने हासिल की है बड़ी जीत:** साउथ अफ्रीका ने इसी मैदान पर पिछले मैच में भारत को 76 रन से हराकर अपने इरादे जता दिए थे। उस मुकाबले में मार्को यानसेन, कागिसो रबाडा, लुंगी एंगिडी और केशव महाराज ने मिलकर भारतीय बल्लेबाजी को लगातार दबाव में रखा। अब यही अटैक वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने एक और कड़ी परीक्षा पेश करेगा। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज ने मुंबई में जिंबाब्वे को 107 रन से हराकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। शिमरॉन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल और ब्रेंडन किंग जैसे बल्लेबाज किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस करने का माद्दा रखते हैं।

**आमना-सामना**
साउथ अफ्रीका 14 | वेस्टइंडीज 15 | कुल मैच 29

**259** रन का टारगेट हासिल कर चुका है साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज के खिलाफ। यह टी20I में सबसे बड़ा चेज है

**642** रन के साथ क्विंटन डीकॉक वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20I में सर्वाधिक रन बनाने वाले साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज हैं

**संभावित प्लेइंग XI**

**वेस्टइंडीज:** ब्रेंडन किंग, शाई होप (कप्तान, विकेटकीपर), शिमरॉन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड, अकील होसैन, गुडाकेश मोती, शामार जोसफ

**साउथ अफ्रीका:** एडेन मार्करम (कप्तान) क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एंगिडी

**टेलिकास्ट:** दोपहर 3 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

# पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के पक्ष में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की 'बैटिंग'

**'द हंड्रेड' की नीलामी**



■ **एजेंसियां, लंदन:** इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) और 'द हंड्रेड' की फ्रैंचाइजी ने संयुक्त बयान जारी करके कहा है कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए। ऐसी आशंका है कि इस प्रतियोगिता के लिए अगले महीने होने वाली नीलामी में भारतीय स्वामित्व वाली कम-से-कम चार टीमें पाकिस्तानी क्रिकेटरों को जान-बूझ कर नजरअंदाज कर सकती हैं। आठ फ्रैंचाइजी में से चार के मालिक IPL की टीमों के मालिक भी हैं। ECB और IPL से जुड़े मालिकों सहित 'द हंड्रेड' की सभी आठ फ्रैंचाइजी का स्वामित्व रखने वाले मालिकों ने संयुक्त बयान में कहा, 'द हंड्रेड की शुरुआत नए दर्शकों तक पहुंचने, क्रिकेट को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि हर कोई, चाहे वह किसी भी जाति, लिंग, धर्म, राष्ट्रीयता या अन्य किसी भी आधार पर हो, हमारे खेल में अपनी जगह महसूस कर सके। खिलाड़ियों को उनकी राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए।' पिछले सीजन सिर्फ दो पाकिस्तानी प्लेयर्स को 'द हंड्रेड' में बिडी थी।

# अगले मैच में स्ट्रैटिजी बदलनी होगी भारतीय टीम को: शास्त्री



रवि शास्त्री

एक्सपर्ट की राय

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 स्टेज में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम कॉम्बिनेशन पर पुनर्विचार करना होगा। साउथ अफ्रीका से रविवार को 76 रन से मिली हार के बाद भारत अब गुरुवार को जिंबाब्वे से खेलेगा। पिछले टी20 वर्ल्ड कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोक लग गई।

शास्त्री ने कहा, 'आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है। लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और कॉम्बिनेशन पर फिर से विचार करना होगा। टीम ने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हल्के में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'अक्षर पटेल को वापस लाना ही होगा। आपको उसके अनुभव की जरूरत है। मैं तो कहूंगा कि अक्षर और वॉशिंगटन दोनों खेल सकते हैं क्योंकि किसी दिन कोई बोलर तो खराब फॉर्म में होगा ही।'

# जम्मू-कश्मीर का दबदबा दूसरे दिन भी रहा जारी

**कर्नाटक Vs जम्मू-कश्मीर**
रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच




कप्तान पारस (दाएं) और कन्हैया ने 110 रन की साझेदारी की

■ **एजेंसियां, हुबली:** कप्तान पारस डोगरा की जुझारू पारी और मध्यक्रम की मजबूती के दम पर जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ छह विकेट पर 527 रन बनाकर मैच पर पकड़ और मजबूत कर ली। डोगरा ने 166 गेंदों पर 70 रन की अहम पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वाधवान (70) और साहिल लोत्रा (57* रन) ने भी जिम्मेदारी निभाई। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा (3/90) सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे। श्रेयस गोपाल ने पारस को आउट किया।

**डोगरा पर फाइन:** BCCI ने पारस पर मैच फीस का 50 प्रतिशत फाइन लगाया है। दरअसल, मैच के दौरान पारस ने सब्स्टीट्यूट फील्डर केवी अनीश के कथित तौर पर कुछ कहने पर उनसे हेलमेट से टकराव किया। अंपायर्स ने स्थिति काबू में की।

# भारत ने शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**हॉकी प्रो-लीग**



प्लेयर ऑफ द मैच मोहित

■ **एजेंसियां, होबार्ट:** भारतीय मेंस हॉकी टीम ने FIH प्रो-लीग 2025-26 के होबार्ट राउंड का समापन जीत के साथ किया। टीम ने ऑस्ट्रेलिया को गोलकीपर मोहित के सेव की बदौलत शूटआउट में 3-1 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान जेरेमी हेवर्ड ने 49वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया, लेकिन भारत ने दो मिनट बाद ही शिलानंद लकड़ा के फील्ड गोल से बराबरी हासिल कर ली। भारत की यह मौजूदा प्रो-लीग सीजन की पहली जीत है। हालांकि, इसके बावजूद टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर है।

# जिंबाब्वे से आया टीम का '12वां खिलाड़ी'

**चेन्नै डायरी**
Rupesh.Singh@timesofindia.com



■ **चेन्नै:** रंग-बिरंगे कपड़े, आकर्षक धुन पर थिरकते कदम और लहराते हाथों के साथ जोशीले नारों से गुरुवार को चेपक स्टेडियम का एक कोना गूंज उठेगा। जिंबाब्वे क्रिकेट टीम का '12वां खिलाड़ी' भारत पहुंच चुका है। जिंबाब्वे के श्रीलंका में खेले गए मैचों के दौरान स्टेडियम में अपनी अलग मौजूदगी दर्ज कराने वाला छह सदस्यों का एक ग्रुप, जो कैसल कॉर्नर ग्रुप के नाम से मशहूर है, आर्थिक समस्या के कारण ग्रुप स्टेज के बाद स्वदेश लौट गया था। 'कैसल कॉर्नर' के पांच सदस्य भारत के खिलाफ शेवरॉन्स (जिंबाब्वे टीम) का उत्साह बढ़ाने के लिए यहां मौजूद रहेंगे।

टीम इंडिया के एक फैन क्लब 'लॉन्ग रेंज आर्मी' के फाउंडर कार्तिक कनन ने बताया कि उन्होंने खुद कैसल कॉर्नर के सदस्यों से बात की है और इनकी वापसी को लेकर वह बहुत रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, 'एक क्रिकेट फैन होने के नाते मैं बहुत खुश हूं। हमारा ग्रुप भी 'सेल्फ फंडेड' है और हम भी कई बार ऐसी आर्थिक परेशानियों से जूझते हैं। इस ग्रुप की जिंबाब्वे के साथ केमिस्ट्री है अलग लेवल की है। जिंबाब्वे की टीम और कैसल कॉर्नर ग्रुप पहली बार चेन्नै में हैं। बहुत मजा आने वाला है।'

कैसल कॉर्नर का रिश्ता हरारे स्पोर्ट्स क्लब से है। जिंबाब्वे क्रिकेट के फैन पहले अलग-अलग हिस्सों में बैठते थे, लेकिन फिर परिचय होने के बाद उन्होंने एक जगह कैसल कॉर्नर में इकट्ठा होने का फैसला किया। ग्रुप में 200 से अधिक रजिस्टर्ड सदस्य हैं और सदस्यता निःशुल्क है। इस टी20 वर्ल्ड कप में केवल छह सदस्य ही यात्रा कर सके, क्योंकि खर्च बहुत ज्यादा था। क्रिकेट फैंस में अपनी अलग पहचान रखने वाला ग्रुप 'विसल पोडू आर्मी' भी चेन्नै से है और इसके सदस्य प्रभु दामोदरन कहते हैं, 'इस ग्रुप (कैसल कॉर्नर) के जोश ने मुझे बहुत प्रभावित किया। किसी भी मुकाबले में फैंस भी असर डालते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में वे मौजूद नहीं थे, जिंबाब्वे के उस मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के पीछे शायद उनकी गैरमौजूदगी भी एक वजह रही हो। भारत के खिलाफ उनकी मैदान मौजूदगी जिंबाब्वे के लिए ऊर्जा का काम करेगी।'

# चेस में बेईमानी की समस्या नहीं: गुकेश



ग्रैंडमास्टर गुकेश

■ **पीटीआई, प्राग:** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि चेस में बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश ऑनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर व्लादिमीर क्रैमनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने कहा, 'मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई गेम में ऐसा नहीं करता होगा। लोग इस समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, यह इतनी समस्या है नहीं।'

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP23 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-25-2026 21:54 Color:



## फटाफट खबरें

### क्रिप्टो पर स्थिति करें साफ: कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ओडिशा हाई कोर्ट ने क्रिप्टोकरंसी से जुड़े एक मामले में यह स्पष्ट करने को कहा है कि देश में कानूनी लिहाज से क्रिप्टोकरंसी का क्या दर्जा है। कथित क्रिप्टो ट्रेड से जुड़े होने के चलते कुछ बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

### 'स्मार्टफोन निर्यात में भारत नंबर-1'

■ पीटीआई, नई दिल्ली : केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि स्मार्टफोन अब भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट (निर्यात) आइटम बन गया है। साल 2025 में भारत ने 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये) के स्मार्टफोन दुनिया भर के देशों को बेचे हैं।



केंद्र सरकार ने इनकम टैक्स के नए ड्राफ्ट फॉर्म पेश किए हैं

# रेंट पर टैक्स छूट के लिए बताना होगा मकान मालिक से रिश्ता

■ पीटीआई, नई दिल्ली : इनकम टैक्स विभाग टैक्स चोरी रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नए नियम और फॉर्म लेकर आया है। अब घर का किराया दिखाकर टैक्स बचाने वालों को अपने मकान मालिक के साथ रिश्ते की जानकारी देनी होगी। कंपनियों के ऑडिट और पैन कार्ड के नियमों को भी कड़ा किया गया है। ये सभी बदलाव नए इनकम टैक्स ऐक्ट 2025 का हिस्सा हैं, जो इस साल 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे। सरकार ने अभी ड्राफ्ट को आम लोगों की राय के लिए जारी किया है। अगले महीने फाइनल नियम और फॉर्म नोटिफाई कर दिए जाएंगे।

नए 'फॉर्म 124' में किरायेदार को यह बताना होगा कि उसका मकान मालिक के साथ क्या रिश्ता है। टैक्स एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए जाने वाले किराये के दावों पर लगाम लगेगी, क्योंकि शुरुआत में ही सब कुछ साफ-साफ बताना होगा। हाउस रेंट अलाउंस (HRA) के लिए कर्मचारी को किराये की जानकारी देनी होती है।

AI Image



### विदेशी कमाई पर टैक्स छूट में सख्ती

■ एक्सपर्ट्स का कहना है कि जो लोग ईमानदारी से किराया दे रहे हैं उन्हें कोई डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन जो लोग बिना किसी भुगतान या मालिकाना हक के झूठे दावे करते हैं, उन्हें पकड़ना अब आसान होगा।

■ ड्राफ्ट फॉर्म्स में विदेशी कमाई पर टैक्स छूट के मामले में भी सख्ती की गई है। अब अकाउंटेंट्स को विदेशी टैक्स पेमेंट के सबूत, पेमेंट की रसीद और नियमों की बारीकी से खुद जांच करनी होगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इससे उन मामलों में थोड़ी मुश्किल हो सकती है जहां विदेशी कंपनियों से मिलने वाली टैक्स रसीदों में पूरी जानकारी अलग-अलग नहीं होती।

■ कंपनियों के लिए पैन (PAN) कार्ड के आवेदन को लेकर भी नियम सख्त हुए हैं। अब कंपनियों को एक डिक्लेरेशन देना होगा कि उनके पास पहले से कोई पैन नहीं है। नया टैक्स ऑडिट 'फॉर्म नंबर 26' अब और भी ज्यादा सख्त हो गया है।

### अहम बातें

■ **HRA पर सख्ती:** अब किरायेदार और मकान मालिक का रिश्ता बताना जरूरी होगा, ताकि फर्जी किराये की रसीदों को रोका जा सके।

■ **दो पैन कार्ड पर रोक:** कंपनियों को लिखित में देना होगा कि उनके पास पहले से कोई पैन कार्ड नहीं है।

■ **विदेशी कमाई:** विदेशी टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए अब ज्यादा पुख्ता सबूत और ऑडिटर्स की जांच जरूरी होगी।

■ **ऑडिट की अहमियत:** कंपनी के खातों में ऑडिटर गड़बड़ी पाता है, तो सीधा असर टैक्स की देनदारी पर पड़ेगा।

# देश के सोलर दिग्गजों का दावा, नहीं पड़ेगा US ड्यूटी का असर

## भारतीय सोलर सामानों पर 126% अमेरिकी ड्यूटी

■ पीटीआई, नई दिल्ली : अमेरिका ने भारत से आने वाले कुछ सोलर सामानों पर 125.87% की शुरुआती काउंटरवेलिंग ड्यूटी (एक तरह का सुरक्षा टैक्स) लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका ने भारत सरकार की ओर से इंडस्ट्री को दी जा रही सहायता को मुद्दा बनाया है। लेकिन भारतीय सोलर दिग्गजों ने साफ कर दिया है कि वे इसके लिए पहले से तैयार थे। विक्रम सोलर, वारी और प्रीमियर एनर्जीज जैसी बड़ी कंपनियों का कहना है कि उनकी सप्लाई चेन और बिजनेस मॉडल इतने मजबूत हैं कि इस फैसले का उनके काम पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

**भारत की ताकत?**

भारत अपने देश में रिन्यूएबल एनर्जी के उत्पादन को बढ़ाने और विदेशों पर निर्भरता कम करने के लिए कई कदम उठा रहा है। इसमें सोलर एनर्जी सबसे अहम है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोलर पावर पैदा करने वाला देश है। भारत के सोलर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सोलर मॉड्यूल, सोलर सेल्स, इंगॉट्स और वेफर्स जैसी अहम चीजें शामिल हैं। देश के अंदर ही इन्हें बनाने से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और विदेशों पर निर्भरता कम होती है।

### इंडस्ट्री की राय, भारत पहले से ही तैयार

■ **असर सीमित:** बड़ी भारतीय सोलर कंपनियों ने अमेरिका द्वारा लगाए गए नए टैक्स को अपने बिजनेस के लिए बड़ा खतरा नहीं माना है।

■ **विकल्प तैयार:** कंपनियां पहले से ही उन देशों से सामान मंगा रही हैं जहां टैक्स कम है, जिससे वे अमेरिकी सख्ती से बच पा रही हैं।

■ **घरेलू फोकस:** कई कंपनियां पूरी तरह भारतीय बाजार पर निर्भर हैं, इसलिए उन पर विदेशी टैक्स का कोई असर नहीं है।

■ **रणनीति में बदलाव:** भारतीय कंपनियों ने पिछले कुछ समय में अमेरिका को होने वाले एक्सपोर्ट में कटौती की है और अपना ध्यान देश के अंदर बढ़ रही मांग पर लगाया है।

AI Image



### शेयर बाजार पर असर

भारतीय सोलर सामानों पर 126% की इंपोर्ट ड्यूटी की खबर का असर बुधवार को शेयर बाजार पर दिखा। दिन के उच्चतम स्तर से करीब 674 अंक नीचे आकर सेंसेक्स आखिर में 50.15 अंक (0.06%) की मामूली बढ़त के साथ 82,276.07 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला निफ्टी 57.85 अंक (0.23%) चढ़कर 25,482.50 पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 0.59% और मिडकैप इंडेक्स 0.37% चढ़कर बंद हुए।

# बैंकों के 'डार्क पैटर्न' खेल से ग्राहक परेशान : सर्वे

■ NBT रिपोर्ट : LocalCircles के सर्वे के मुताबिक ग्राहकों ने ऑनलाइन बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर 8 अलग-अलग तरह के डार्क पैटर्न्स की शिकायत की है। इनमें ड्रिप प्राइसिंग (छिपे हुए चार्ज), बास्केट स्नीकिंग (बिना बताए कुछ जोड़ देना) और फोर्स्ड एक्शन सबसे आम हैं, जिनका सामना हर दो में से एक ग्राहक को करना पड़ रहा है। रिजर्व बैंक का फैसला पूरी तरह ग्राहकों के हक में है। हालांकि, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि कई बैंक आज भी पुराने और सुस्त ढर्रे पर चल रहे हैं। रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंकों के लिए जुलाई 2026 तक 'डार्क पैटर्न' (ग्राहकों को गुमराह करने वाले तरीके) से मुक्त होना अनिवार्य कर दिया है।

AI Image



### चार्जेस पर धोखा?

■ 22% : बहुत-बार

■ 42% % कभी-कभी

■ 30% : कभी नहीं

### गुमराह वाली भाषा?

■ 13% : बहुत बार

■ 32% : कभी-कभी

■ 18% : शायद ही कभी

■ 31% : कभी नहीं

### किस तरह की परेशानी?

■ **64% ग्राहक:** छिपे हुए चार्जेस से परेशान।

■ **57% ग्राहक:** बिना सहमति के एक्स्ट्रा चार्ज के शिकार।

■ **51% ग्राहक:** जबरन दूसरी सर्विस लेने पर मजबूर।

■ **46% ग्राहक:** बार-बार नोटिफिकेशन (Nagging) से त्रस्त।

■ **46% ग्राहक:** वादे से अलग सर्विस मिलने के शिकार।

■ **45% ग्राहक:** उलझाने वाली भाषा में फंसे।

■ **45% ग्राहक:** सर्विस बंद करने की मुश्किल शर्तों में उलझे।

■ **37% ग्राहक:** ऐप के गुमराह करने वाले डिजाइन का शिकार।

# AI की नई ताकत के साथ आया गैलेक्सी S26

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सैमसंग ने गैलेक्सी S26 सीरीज को लॉन्च किया है, यह ऐसे AI अनुभवों के साथ आती है जो डेली कामों को आसान बना देंगे। सैमसंग के तीसरी पीढ़ी के AI फोन के रूप में, गैलेक्सी S26, S26+ और S26 अल्ट्रा बैकग्राउंड में जटिल कार्यों को संभालते हैं, जिससे यूजर्स फोकस रिजल्ट पाते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट और हेड ऑफ डिवाइस एक्सपीरियंस (DX) डिवीजन, टीएम रोह ने कहा कि गैलेक्सी S26 सीरीज के साथ हमारा ध्यान AI को सहज बनाने पर था, जो बैकग्राउंड में शांति से काम करे ताकि लोग उन चीजों पर ध्यान दे सकें जो उनके लिए मायने रखती हैं। गैलेक्सी S26 अल्ट्रा सैमसंग का सबसे स्लिम अल्ट्रा डिवाइस है, जिसकी मोटाई मात्र 7.9 mm है। यह मोबाइल फोन के लिए दुनिया का पहला इन-बिल्ट प्राइवेसी डिस्प्ले पेश करता है।

सफर, कैफे और सार्वजनिक स्थानों जैसी स्थितियों के लिए डिजाइन किया गया यह प्राइवेसी डिस्प्ले हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के तालमेल से यूजर की प्राइवेसी सुरक्षित रखता है। अल्ट्रा में स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5 प्रोसेसर है और यह सुपर फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है।

# PMO में CAFE-III का प्रस्ताव, छोटी कारों पर ऑटो इंडस्ट्री में रार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : गाड़ियों में ईंधन के किफायती खर्च को बढ़ावा देने और उत्सर्जन घटाने से जुड़े नियमों का मामला प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंच गया है। हेवी इंडस्ट्रीज मिनिस्टर एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि CAFE-III नियमों के बारे में पावर मिनिस्ट्री सहित संबंधित पक्षों से बातचीत की गई और पावर मिनिस्ट्री ने इस बारे में प्रस्ताव पीएमओ को भेज दिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ऑटो इंडस्ट्री छोटी कारों को मिलने वाली रियायत और तकनीकी बदलावों को लेकर दो हिस्सों में बंटी नजर आ रही है। कॉरपोरेट ऐवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (CAFE)-III को अगले साल से लागू करने की तैयारी है। हालांकि कंपनियों में इसको लेकर विवाद है। कुमारस्वामी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर FICCI के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि इंडस्ट्री को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स का लाभ लेते हुए ग्लोबल EV सप्लाई चेन में अपनी स्थिति मजबूत करनी चाहिए।

AI Image



### क्या है विवाद?

इन नियमों को लेकर विवाद काफी पुराना है। जहां मारुति सुजुकी इंडिया जैसी कंपनियां छोटी कारों के लिए इन नियमों में वजन और कीमत के आधार पर छूट दिए जाने पर जोर दे रही हैं। वहीं टाटा मोटर्स का कहना है कि ऐसी छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इससे सेफ्टी फीचर्स पर आंच आएगी।

### क्या हैं CAFE नियम?

CAFE नियमों की शुरुआत साल 2017 में हुई थी। इसके तहत किसी भी कार निर्माता कंपनी की सभी कारों को मिलाकर औसत ईंधन खपत और कार्बन उत्सर्जन (CO2 Emission) की एक सीमा तय की जाती है। इसका मकसद कंपनियों को ऐसी कारें बनाने के लिए प्रेरित करना है जो कम तेल पीती हों और प्रदूषण कम फैलाती हों। CAFE के दूसरे चरण (CAFE-II) की शुरुआत 2022 में हुई थी। अब इसका अगला चरण CAFE-III अप्रैल 2027 से शुरू होने की उम्मीद है। इसके नए मानकों को लेकर फिलहाल चर्चा चल रही है।

बीमा कंपनियों को IRDAI की दोटूक


# बीमा पॉलिसी सस्ती हो, 'मिस-सेलिंग' बंद करो

■ पीटीआई, नई दिल्ली : बीमा नियामक इरडा (IRDAI) ने बीमा कंपनियों को सख्त हिदायत दी है कि वे अपनी पॉलिसी को सस्ता और आम लोगों की पहुंच में बनाएं। रेगुलेटर का कहना है कि कंपनियां मार्केटिंग और मैनेजमेंट पर होने वाले भारी खर्चों को कम करें ताकि ग्राहकों को सस्ती पॉलिसी मिल सके। साथ ही, गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने (Mis-selling) पर भी लगाम लगाने को कहा गया है जिससे ग्राहकों का भरोसा बना रहे।

कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इरडा के सदस्य (नॉन-लाइफ) दीपक सूद ने कहा कि मार्केटिंग और प्रशासनिक खर्चों के बहुत ज्यादा होने की वजह से यह सेक्टर एक ऐसे चक्र में फंस गया है जहां 'खर्च ज्यादा है और पहुंच कम'। इसी वजह से बीमा का दायरा बढ़ नहीं पा रहा है।


सूद ने कहा, सभी कंपनियों को ग्राहक बनाने के खर्च और मैनेजमेंट के खर्चों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। मुनाफे में सुधार करने और ग्राहकों को सस्ती और बेहतर वैल्यू वाली पॉलिसी देने के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कंपनियों से अपील की कि वे देखें कि उनकी पॉलिसी और उसे बेचने के तरीके ग्राहकों को कितना फायदा पहुंचा रहे हैं।

AI Image



सूद ने कहा कि कंपनियों को उन मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सस्ती हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी लाने को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो न तो बहुत अमीर हैं और न ही 'आयुष्मान भारत' जैसी सरकारी योजनाओं के दायरे में आते हैं। उन्होंने गौर किया कि इस वर्ग के बहुत से लोग आज भी अच्छी हेल्थ पॉलिसी लेने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रेगुलेटर ने नियमों को आसान बनाने और नई तरह की पॉलिसी लाने के लिए कई सुधार किए हैं।




| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ■ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ■ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~3.8 Yrs | ~11.1 Yrs | ✓ Faster recovery |

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. *Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Delhi as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: atul.kumar1@timesofindia.com Time: 02-25-2026 22:36 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

### आज हुआ था रडार का सफल प्रदर्शन

आज ही के दिन 1935 को रॉबर्ट वॉटसन-वाट (Robert Watson-Watt) ने रडार का पहला सफल प्रदर्शन किया। इस तकनीक ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुश्मन के विमानों का पहले ही पता लगाकर हवाई सुरक्षा को मजबूत किया। युद्ध के बाद, इसने सिविल एविएशन और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सेफ बनाया। रडार से ही मौसम की भविष्यवाणी संभव हुई। 'माइक्रोवेव ओवन' का अविष्कार भी इसी तकनीक की देन है।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर
गुरुवार, 26 फरवरी 2026

### रडार से स्पेस की निगरानी हो सकेगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रडार तकनीक बेहद एडवांस हो चुकी होगी। क्वॉन्टम सेंसर और स्पेस-बेस्ड नेटवर्क के जरिए जमीन, आसमान और अंतरिक्ष की एक साथ निगरानी संभव होगी। AI इसका सबसे अहम हिस्सा होगा, जो खुद डेटा पढ़कर असली और फर्जी खतरों में फर्क करेगा और माइक्रोसेकंड में अलर्ट जारी करेगा। DRDO और ISRO जैसी संस्थाओं के सहयोग से रडार पूरी तरह स्मार्ट, स्वचालित और रणनीतिक डिजिटल सुरक्षा कवच बन चुका होगा।



AI Images

# नेतन्याहू संग टेक, मिडिल ईस्ट के ताज़ा हालात पर चर्चा की: मोदी

## पीएम की इस्राइल यात्रा में डिफेंस पर मेजर फोकस रहने की है उम्मीद

Poonam.Pandey@timesofindia.com


■ **नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से दो दिन के इस्राइल दौरे पर हैं। मोदी ने इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ बैठक को सार्थक बताया। उन्होंने X पर पोस्ट कर कहा, हमने द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के लिए तकनीक, जल प्रबंधन, कृषि और टैलेंट पार्टनरशिप जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। क्षेत्र के ताजा घटनाक्रम पर भी बातचीत हुई।

नेतन्याहू ने बताया कि वे गुरुवार को याद वाशेम (Yad Vashem) जाएंगे और आर्थिक, सुरक्षा और कूटनीतिक क्षेत्रों में कई समझौतों पर साइन करेंगे।

> 20.5 अरब डॉलर के हथियार बेचे इस्राइल ने भारत को

बड़ा फोकस डिफेंस पर रहने की उम्मीद है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग, ड्रोन, प्रिसिशन गाइडेड एम्युनिशन, डायरेक्ट एनर्जी वेपन पर फोकस रह सकता है। इस्राइल की रक्षा बिक्री में भारत एक बड़ा कस्टमर है। 2020 से 2024 के बीच इस्राइल की कुल रक्षा बिक्री में भारत की हिस्सेदारी 34 पर्सेंट रही।

**आयरन बीम की उम्मीद मजबूत:** भारत का फोकस डायरेक्ट एनर्जी वेपन की तरफ भी बढ़ा है। इसलिए इस्राइल के आयरन बीम की इस दौरे पर चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस्राइल की कंपनी राफेल ने आयरन बीम बनाया है। इस डायरेक्ट एनर्जी वेपन को हाल ही में इस्राइल ने अपने आयरन डोम में इंटीग्रेट किया है। भारत भी डायरेक्ट एनर्जी वेपन पर काम कर रहा है और डायरेक्ट एनर्जी वेपन तीनों फोर्स की विश लिस्ट में है।



PTI

इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का रेड कार्पेट स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने बैठक की।

**हेक्सागन ऑफ अलायंस पर एक्सपर्ट बोले-**

### 'नए अलायंस से जुड़ना मुश्किल'

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** पीएम मोदी की यात्रा से ठीक पहले इस्राइल के पीएम नेतन्याहू की ओर से घोषित किए गए हेक्सागन ऑफ अलायंस को लेकर जियो पॉलिटिक्स में हलचल है। इसमें छह देशों के शामिल होने का प्रस्ताव है। इसे लेकर खासतौर से पाकिस्तान में इसे लेकर कड़ा विरोध दिख रहा है। इसे मिडिल ईस्ट और आस पास के भीतर गठबंधनों का एक संपूर्ण तंत्र बताया गया है, जो शिया और सुन्नी गुटों के खिलाफ चुनौतियों पर एक साथ सामने आएगा। जानकार मानते हैं भारत के इसमें शामिल होने की संभावना बहुत कम है।

> भारत की विदेश नीति का आधार धर्म नहीं रहा: एक्सपर्ट

**'अलायंस में भारत के शामिल होना की उम्मीद कम':** अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार अनिल त्रिगुणायत कहते हैं कि इस प्रस्तावित अलायंस में ग्रीस, साइप्रस जैसे भारत के कई रणनीतिक साझेदार शामिल हैं, लेकिन भारत नीतिगत तौर पर ऐसे गठबंधन या अलायंस के पैटर्न में भरोसा नहीं करता। ऐसा लगता नहीं कि भारत इसे लेकर बहुत उत्साहित या उत्सुक है।

### 'ये भारत की नीति नहीं रही है'

अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार डॉ. ओमैर अनस का कहना है कि ये अलायंस कोई नया कॉन्सेप्ट नहीं है, लेकिन नेतन्याहू ने इसे डिफेंस अलायंस की तरह पेश किया जो शिया और सुन्नी चरमपंथी धुरी के खिलाफ काउंटर का काम करेगा। इस के फॉर्मेट को देखते हुए लगता नहीं कि भारत की विदेश नीति में इसके लिए कोई खास जगह है।

**कांग्रेस बोली-**

### 'गाजा हिंसा का मुद्दा उठाएं मोदी'

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने भारत की दशकों पुरानी इस्राइल और फिलीस्तीन की टू-राष्ट्र सिद्धांत आधारित विदेश नीति की दिशा बदल दी है और इस्राइल के पक्ष में झुकाव दिखाया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मोदी की इस्राइल यात्रा में गाजा में हो रही हिंसा का मुद्दा उठाने की अपील की है।

### 'जेरूसलम पोस्ट' के फ्रंट पर नमस्ते





मोदी के स्वागत की तैयारी इस्राइल के मशहूर अखबार 'द जेरूसलम पोस्ट' के फ्रंट पेज पर दिखाई दी, जिसमें पीएम मोदी के स्वागत में पूरा स्पेशल एडिशन ही निकाल दिया। अखबार के फ्रंट पेज पर बड़े-बड़े अक्षरों में 'नमस्ते' लिखा गया। अखबार के एडिटर ने X पर इसे शेयर किया।





### मांफी मांग गेट्स बोले- कुछ भी गलत नहीं किया

FILE



> 'एपस्टीन फाइल' में मुझे महिलाओं संग दिखाया है, उनके चेहरे धुंधले हैं। ये तस्वीरें एपस्टीन के कहने पर उसकी सहयोगियों के साथ खिंचवाई गई थीं। मैंने कभी पीड़ितों, के साथ समय नहीं बिताया। -बिल गेट्स


■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क**

**अमेरिकी टेक** दिग्गज बिल गेट्स ने दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन (Jeffrey Epstein) के साथ अपने संबंधों को लेकर गेट्स फाउंडेशन के कर्मचारियों से माफी मांगी है। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्होंने 'कुछ भी गलत या अवैध नहीं किया।'

> माना कि एपस्टीन विवाद से इमेज खराब हुई है

रिपोर्ट के मुताबिक, गेट्स ने माना कि उनके दो रूसी महिलाओं के साथ संबंध थे और यह उनकी 'बड़ी गलती' थी कि उन्होंने एपस्टीन के साथ समय बिताया। उन्होंने साफ कहा कि उनका एपस्टीन के अपराधों या पीड़ितों से कोई संबंध नहीं था। पिछले महीने अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी दस्तावेजों, जिन्हें 'एपस्टीन फाइल्स' कहा जा रहा है, में कई नाम सामने आए। गेट्स ने कहा कि 2011 में एपस्टीन से मिलने से पहले उन्होंने उसकी बैकग्राउंड की ठीक से जांच नहीं की।

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 2014 तक वह एपस्टीन से मिलते रहे और उसके साथ यात्रा भी की, लेकिन कभी उसके द्वीप पर नहीं गए।





भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

**IRA 2026**

बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें। व्हॉट्सएप नंबर - **7003890071**

**SPEED News**


**'मोना लिसा' का घर यानि लूव्र म्यूजियम को** नया प्रमुख मिल गया है। कला इतिहासकार क्रिस्टोफ लेरिबो (Christophe Leribault) इसकी कमान संभालेंगे।





**ब्राजील में भारी बारिश, बाढ़ से 36** लोगों की मौत हो गई। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं। कई क्षेत्रों में तेज बारिश का अलर्ट है, जिससे हालात और बिगड़ने की आशंका है।

**वेनेजुएला में नया क्षमा कानून लागू होने** के बाद करीब 3200 लोगों को रिहा कर दिया गया है। इनमें वे भी शामिल थे, जिन्हें नजरबंद कर घर में रखा गया था।





**टेलीग्राम के फाउंडर पावेल दुरोव पर जांच** शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि रूस की सरकार ने 'आतंकवाद में सहायता करने' के आरोप में उनके खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है।

### इमरजेंसी में अंतिम फैसला पायलट का हो, DGCA ने जारी किए नियम

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के हवाई जहाज का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस तरह की तमाम छोटी एयरलाइंस यानी नॉन-शेड्यूल ऑपरेटर्स (NSOP) उड़ानों में बेहद गंभीर लापरवाही बरत रही हैं। इसे देखते हुए DGCA ने SOP जारी की है। कहा, एक और विशेष सुरक्षा ऑडिट मार्च में शुरू की जाएगी।

28 जनवरी को अजित पवार प्लेन क्रैश और 23 फरवरी को रांची से दिल्ली आ रही एयर एंबुलेंस के क्रैश होने के बाद बुधवार को डीजीसीए ने इन नॉन-शेड्यूल ऑपरेटर्स के साथ मीटिंग कर कड़े सुरक्षा नियमों को जारी किया। इसमें डीजीसीए ने आदेश दिए हैं कि इमरजेंसी के वक्त किसी भी फ्लाइट के रूट को बदलने, डिले या कैंसल करने का अंतिम फैसला पायलट-इन-कमांड का होना चाहिए। एयरलाइंस इनके ऊपर किसी तरह का दबाव नहीं बना सकती।



FILE

**क्रैश एयर एंबुलेंस के वेदर रेडार में खराबी?**

नई दिल्ली : मरीज लेकर रांची से दिल्ली आ रही एयर एंबुलेंस के क्रैश मामले में प्लेन का वेदर रेडार खराब होने की आशंका है। रेडबर्ड एयरवेज का यह प्लेन काफी पुराना बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि खराब मौसम के दौरान सबसे अधिक खतरा एयरक्राफ्ट के टेक ऑफ और लैंडिंग के दौरान होता है। जिस तरह एयर एंबुलेंस क्रैश हुई, उससे वेदर रेडार खराब होने, पायलटों की चूक और इंजन फेल जैसी समस्या लग रही है।


**अहमदाबाद प्लेन क्रैश: HC ने ठुकराई मांग**

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पिछले साल 12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट को 'रीडिंग डाउन' करने की मांग की गई थी। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने कहा एक्सपर्ट्स के काम में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

### इंडिगो फ्लाइट में हंगामा, 5 घंटे बैठे रहे यात्री

■ **NBT रिपोर्ट:** चेन्नै से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E1025 में मंगलवार को 200 से ज्यादा यात्रियों को करीब पांच घंटे तक विमान के अंदर इंतजार करना पड़ा। फ्लाइट सुबह 7:30 बजे उड़ान भरने वाली थी और 6:30 बजे से बोर्डिंग शुरू हो गई थी, लेकिन तय समय पर विमान रवाना नहीं हुआ। यात्रियों का आरोप है कि देरी की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और केबिन का एयर कंडीशन बार-बार बंद होने से घुटन जैसी स्थिति बन गई। कुछ यात्रियों ने उतरने की मांग की, लेकिन उन्हें देर तक अनुमति नहीं मिली। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो में यात्री नाराजगी जताते दिखे। एयरलाइन के मुताबिक केबिन तापमान ज्यादा था, इसलिए इंजीनियरिंग जांच हुई। क्रू की ड्यूटी सीमा पूरी होने पर नया क्रू बुलाया गया। सुबह 11 बजे नया पायलट आया और फ्लाइट रवाना हुई।





AFP

'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में डॉनल्ड ट्रंप ने कई बड़े दावे किए।

### भारत-पाक संघर्ष में दखल न देता तो करोड़ों लोग मारे जाते: ट्रंप

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनसे कहा था कि अगर उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए दखल नहीं किया होता तो 3.5 करोड़ लोग मारे जाते। ट्रंप ने बुधवार को अमेरिकी संसद को संबोधित कर ये बातें कहीं।

100 मिनट से ज्यादा लंबे अपने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने पहले 10 महीनों में आठ युद्ध खत्म कराए, जिनमें भारत-पाकिस्तान संघर्ष भी शामिल है, जो परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकता था।

> 100 मिनट से ज्यादा लंबा भाषण दिया ट्रंप ने US संसद में

हालांकि भारत ने किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया है। ट्रंप यह दावा पहले भी कई बार कर चुके हैं और अलग-अलग मौकों पर अलग आंकड़े भी बताए थे।

**अवैध प्रवासियों, मतदान सुधार... कई कानूनों की अपील की:** ट्रंप ने अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे लोगों को कमर्शल ड्राइवर लाइसेंस देने के खिलाफ सख्त संघीय कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने एक ऐसी दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें भारत से आए एक अवैध प्रवासी से जुड़ा मामला सामने आया और एक बच्ची घायल हो गई। ट्रंप ने बच्ची को सम्मानित कर कहा, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरे देश में एक समान और कड़ा कानून जरूरी है। ट्रंप ने अपील की कि 'अपराधियों को संरक्षण देने वाले घातक शरणस्थलों' को खत्म किया जाए और आपराधिक विदेशियों को निष्कासित करने में रुकावट डालने वाले अधिकारियों पर कड़े दंड लगाए जाएं। उन्होंने अमेरिकी चुनावों में अवैध अप्रवासियों और अनधिकृत लोगों को मतदान से रोकने के लिए सेव अमेरिका एक्ट पारित करने की मांग की। ट्रंप ने कहा कि सभी मतदाताओं के लिए वोटर आईडी और नागरिकता का प्रमाण जरूरी होना चाहिए। डाक मतपत्र सिर्फ बीमारी, विकलांगता, सैन्य सेवा या यात्रा जैसी खास परिस्थितियों में ही स्वीकार किए जाएं।

**अब फोटो छपवाने का मौका भी**

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. पीएम मोदी का किस देश का दो दिवसीय दौरा शुरू हुआ?
   A. संयुक्त अरब अमीरात B. इस्राइल C. सऊदी अरब
2. टेलीग्राम के संस्थापक का क्या नाम है, जिनके खिलाफ रूस ने जांच शुरू की?
   A. मार्क जुकरबर्ग B. पावेल डुरोव C. एलन मस्क
3. किस देश में माफी कानून लागू हुआ, जिसके बाद 3,200 से अधिक लोग रिहा हो गए?
   A. कोलंबिया B. ब्राजील C. वेनेजुएला
4. किस कंपनी के AI मॉडल ने COBOL को पढ़ने का दावा किया, जिससे शेयर बाजार हिल गया?
   A. ओपनएआई B. एंथ्रोपिक C. आईबीएम
5. अनिल अंबानी का मुंबई का घर कुर्क किया गया, उसका नाम क्या है?
   A. एबोड B. एंटीलिया C. सी-विंड

**कल के जवाब**

A1 B. केरलम् A2 A. प. बंगाल A3 C. चार साल A4 A. उदय भानु चिब A5 B. HPV

**लकी विनर्स**



1. कबीर मल्होत्रा, नई दिल्ली
2. खालिद नसीम, लखनऊ
3. कमलेश कुमार, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

### UK: इंडियंस को ई-वीजा ज़रूरी

■ **पीटीआई, लंदन:** ब्रिटेन में बुधवार से लागू नए डिजिटल ट्रांजिट सिस्टम के तहत भारतीय यात्रियों के लिए ई-वीजा अनिवार्य होगा। बिना वीजा वाले यात्रियों को इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन लेना होगा। यह नई व्यवस्था कागज वाले वीजा स्टिकर की जगह लेगी। बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन केंद्र पर जाना जरूरी रहेगा, लेकिन पासपोर्ट जमा नहीं करना पड़ेगा। वैध ई-वीजा न होने पर यात्रियों को बोर्डिंग से रोका जा सकता है।



### क्लाइमेट चेंज से बाघों का मिज़ाज बदल रहा: रिपोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**सीएसई की** 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट' (एसओई 2026) रिपोर्ट में बुधवार को बाघों के बदलते मिजाज पर बात की गई है। जलवायु परिवर्तन की वजह से बाघों के व्यवहार में भी बदलाव हो रहे हैं। उनके आवासों में आ रहे पारिस्थितिक बदलाव, आवासों में दखलअंदाजी और बिगड़ी दशा भारत के बाघों में व्यवहारिक बदलाव ला रही है। रिपोर्ट के अनुसार बाघ बहुत कम ही आदतन नरभक्षी बनते हैं। बाघों मनुष्यों पर हमला और उनके खाने की कोशिश तब करते हैं जब वे बूढ़े या घायल हो गए होते हैं। सीएसई की रिपोर्ट के अनुसार बाघों की संख्या बढ़ रही है। जंगलों के पास रहने वाली मानव आबादी भी बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार बाघों की आबादी वाले 20 राज्यों में बाघों के लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र में छह करोड़ लोग रहते हैं।



FILE



**मुआवजे पर भी आया विरोधाभास सामने**

रिपोर्ट के अनुसार जब कोई बाघ मवेशी मारता है तो मवेशी मालिक को अक्सर पर्याप्त मुआवजा मिलता है। इससे एक विरोधाभास पैदा होता है। कुछ क्षेत्रों में इसी वजह से बाघों की पशुधन हानि को बहुत अधिक नापसंद नहीं किया जाता है। मुआवजे की वजह से बाघ गांव की अर्थव्यवस्था का एक अनकहा हिस्सा बन जाते हैं।

### US के शहर में भारी बर्फबारी

■ **पीटीआई, वॉशिंगटन:** अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद राजधानियों और शहरों में सफाई की कोशिशें जारी हैं। इस बीच और बर्फबारी से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने 1 से 3 इंच तक हल्की बर्फ गिरने की और भविष्यवाणी की है। हाल ही में आई भीषण बर्फीली आंधी ने मैरीलैंड से मैन तक सड़कों और फुटपाथों पर गहरी बर्फ जमा कर दी, जिससे शहर बर्फ के ढेर हटाने में जुटे हैं।

### MILAN एक्सरसाइज पूरी, इंडियन नेवी ने दिखाया अपना दम

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दुनिया के कुल 74 देशों के साथ मिलकर इंडियन नेवी ने मिलन (MILAN) एक्सरसाइज पूरी की। एक हफ्ते की एक्सरसाइज और इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू के जरिए इंडियन नेवी ने न सिर्फ अपनी क्षमता दिखाई बल्कि दुनिया के साथ अपनी दोस्ती भी दिखाई। एक्सरसाइज MILAN इंडियन नेवी का प्रमुख बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास (मल्टीलेटरल मेरीटाइम एक्सरसाइज) है। इसका समापन समारोह विशाखापत्तनम के तट के पास समंदर में स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत में किया गया। इसमें अमेरिका का डेलिगेशन अपने समुद्री गश्ती विमान पी-8 के साथ शामिल हुआ तो ईरान की वॉरशिप भी एक्सरसाइज का हिस्सा बनी। रूस का वॉरशिप भी एक्सरसाइज का हिस्सा था। इंडियन नेवी 30 साल से ज्यादा वक्त से मालाबार एक्सरसाइज कर रही है, जिसमें यूएस, ऑस्ट्रेलिया, जापान शामिल हैं।

> इंडियन नेवी ने अपनी क्षमता के साथ दोस्ती भी दिखाई



**74** देशों के साथ मिलकर पूरी की एक्सरसाइज | **42** वॉरशिप और सबमरीन थे हिस्सा | **29** विमान भी हुए शामिल

> तनाव के बीच एक्सरसाइज में हुए अमेरिका और ईरान शामिल।

**बड़ी एक्सरसाइज मेजबानी की क्षमता**

इस एक्सरसाइज के जरिए इंडियन नेवी ने ये भी दिखाया कि भारत इतने बड़े स्तर पर आयोजन की क्षमता रखता है। नेवी, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और राज्य सरकार के समन्वय में यह एक्सरसाइज पूरी हुई। 75 देशों की इसमें हिस्सेदारी रही।

**स्वदेशी का प्रदर्शन**

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

इस एक्सरसाइज के जरिए इंडियन नेवी ने स्वदेशी प्रॉडक्शन क्षमता का भी प्रदर्शन किया। स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत के साथ ही विशाखापट्टनम क्लास के डिस्ट्रॉयर, नीलगिरी क्लास के फ्रीगेट के जरिए नेवी ने भारत की शिप बिल्डिंग की क्षमता दुनिया को दिखाई। नेवी का डाइविंग सपोर्ट वेसल निस्तार भी इसमें शामिल हुआ। ये स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल है।

### इमरान की पार्टी पहुंची सुप्रीम कोर्ट

■ **आईएएनएस, इस्लामाबाद:** जेल में बंद इमरान खान की पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दायर की है। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का उनकी पसंद के अस्पताल में इलाज कराने और उनके निजी चिकित्सकों से सलाह लेने की इजाजत देने की मांग की गई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: cci Time: 02-25-2026 22:07 Color:



## पायलट की जिंदगी जिम्मेदारी और आजादी दोनों का एहसास कराती है

# दिस इज योअर कैप्टन याशिमा सिंह स्पीकिंग...



Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

'कॉकपिट में बैठकर जब मैं कहती हूं - 'दिस इज योअर कैप्टन स्पीकिंग', तो ये लाजवाब फीलिंग होती है। यूनिफॉर्म पहनकर आप टेकऑफ करते हैं, लैंड करते हैं... तो लगता है 'यू कैन डू इट'। एयर इंडिया में सीनियर कैप्टन याशिमा सिंह की यह फीलिंग उनके जिंदगी के सफर को बयां करती है, जो आसमां से होकर गुजरती है। याशिमा कहती है, एक पायलट की जिंदगी मुझे जिम्मेदारी और आजादी दोनों ही भाव से भरती है।

एविएशन कमांड के 9000 घंटे याशिमा के नाम हो चुके हैं। कई लेटेस्ट जनरेशन के विमान उड़ा चुकीं दिल्ली में पली-बढ़ी याशिमा बताती है पापा एसपीजी में थे तो बचपन साकेत के सरकारी क्वॉर्टर में बीता। मेरा टॉमबॉय वाला अंदाज था, छोटे बाल, क्रिकेट का जुनून। मैंने नैशनल विमेंस क्रिकेट में अंडर 16, 19 खेला, दिल्ली टीम की कप्तान भी रही। मगर फिर एक वक्त ऐसा आया, जब तय करना था क्रिकेट या दूसरा करियर! वो दौर 2005-06 का था, तो उस वक्त वुमेंस क्रिकेट में इतना फ्यूचर नहीं था... तो मैंने एविएशन को चुना। 12वीं के बाद डीयू के गार्गी कॉलेज में याशिमा ने एडमिशन लिया ही था कि फ्लाइंग के पैशन का रास्ते उनके लिए खुल गया। वह बताती है, मैंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी का एंट्रेंस क्लियर कर लिया। ट्रेनिंग के वो एक साल 8 महीने, बहुत खास रहे मेरी जिंदगी के लिए। बीच में एक ब्रेक भी लगा, जब मेडिसिन के रिएक्शन से मैं 20 दिन आईसीयू में रही। लगा था कि फ्लाइंग खत्म। मगर हिम्मत जुटाई और कमर्शल पायलट का लाइसेंस हासिल कर ही लिया।

### चुनौतियां हैं, मगर... 'यू हैव टू बी ए टाइग्रेस'

हर छह महीने में सिम्युलेटर टेस्ट, फेल होने पर नो फ्लाइट, फिर से ट्रेनिंग – उनकी नौकरी का हिस्सा है। चुनौतियां सिर्फ तकनीकी नहीं। वह कहती है कि आज भी कुछ गड़बड़ हुआ तो बोला दिया जाता है कि फीमेल कैप्टन थी। मगर मुझे फर्क नहीं पड़ता क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही कहा गया था 'यू हैव टू बी ए टाइग्रेस इन द कॉकपिट'– वरना लड़के तुम्हें नहीं सुनेंगे। कन्सीव करने से लेकर बच्चा होने तक सैलरी पर बड़ा कट, दोबारा मेडिकल फिटनेस साबित करना, घर और कॉकपिट दोनों संभालना–ये सब भी चुनौतियों की लिस्ट में है। मैं लड़कियों से कहना चाहूंगी कि हर काम करने में महिलाओं का नजरिया अलग और बेहतर होता है। और आज जब मैं एयरपोर्ट से गुजरती हूं तो कई चेहरों पर खुशी और हैरानी साथ-साथ दिखती है।

**घर और कॉकपिट दोनों संभालना है चुनौती**



ALL WOMEN BIKE RALLY NBT

### ऐसे लें हिस्सा

हिस्सा लेने के लिए 7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें।

**जगह**
ए ब्लॉक पार्किंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली

**तारीख**
8 मार्च 2026, रविवार

### आप भी भेजें अपनी कहानी

अगर आप भी संघर्षों से लड़कर जीतने वाली प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी है या दूसरो को सशक्त बनाने मे आपने मदद की है तो आप भी है ड्राइविंग फोर्स ऑफ द नेशन। इस ऑल वुमन बाइक रैली के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं और हमें अपनी कहानी 300 शब्दो मे लिखकर nbtreader@timesofindia.com भेजे। साथ ही अपनी एक फोटो भी भेजे। सब्जेक्ट मे लिखे Bike Rally. सबसे प्रेरणादायक कहानियो को हम नवभारत टाइम्स मे प्रकाशित करेगे।

## FIR रद्द कराने HC पहुंची अलका लांबा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा की याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। कांग्रेस नेता ने 2024 में जंतर-मंतर पर हुए एक विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों से हुई झड़प से जुड़े मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर और आरोपों को चुनौती दी है।

**कोर्ट ने याचिका पर दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब**

जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा ने लांबा की अर्जी पर पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें एफआईआर और उसके बाद की सभी कार्यवाही को रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इसमें चार्जशीट दाखिल करना और आरोप तय करना शामिल है। अभियोजन पक्ष ने कांग्रेस नेता लांबा पर 29 जुलाई, 2024 को जंतर-मंतर पर महिला आरक्षण के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करते हुए पुलिस के काम में बाधा पहुंचाने और पब्लिक रोड को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता के वकील अभिक चिमनी ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई जल्द से जल्द की जाए। मांग ठुकराते हुए जस्टिस शर्मा ने कहा कि FIR 2024 में दर्ज हुई थी। आप 2026 में आकर कह रहे हैं कि मामला बहुत जरूरी है।

# होली पर 80 हज़ार करोड़ की 'खुशियों का कारोबार'!

## 3000 से ज्यादा होली मिलन समारोह, बैंक्वेट हॉल फुल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



हर्बल गुलाल, रंग, देसी पिचकारियां और भारतीय परिधान खूब बिक रहे हैं

होली को लेकर दिल्ली के बाजार गुलजार हो गए हैं। गुलाल, पिचकारी और गुजिया का कारोबार इस बार भी रिकॉर्ड बनाने की ओर है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का अनुमान है कि देशभर में होली पर 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार होगा जो पिछले साल से करीब 25 फीसदी ज्यादा है। अकेले दिल्ली में करीब 15 हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद जताई गई है।

**15 हजार करोड़ के करीब कारोबार की अकेले दिल्ली में है उम्मीद**

चांदनी चौक से सांसद और कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि इस बार बाजार में देसी रंगों की धूम है। नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' आह्वान का असर साफ दिख रहा है। हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंग, देसी पिचकारियां और भारतीय परिधान खूब बिक रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक अब ग्राहक केमिकल रंगों से दूरी बनाकर हर्बल विकल्प चुन रहे हैं। इसके अलावा होली के बहाने सिर्फ रंग ही नहीं, मिठाई और गिफ्ट बाजार भी गुलजार है। खासकर गुजिया, ड्राई फ्रूट्स और गिफ्ट हैंपर की मांग में जबरदस्त उछाल है। बच्चों में कार्टून और सुपरहीरो थीम वाली पिचकारियां सबसे ज्यादा पसंद की जा रही हैं।

कैट के दिल्ली अध्यक्ष विपिन आहूजा ने बताया कि होली में दिल्ली में ही करीब 15 हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। सदर बाजार, चांदनी चौक, करोल बाग और लक्ष्मी नगर जैसे बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। दुकानों पर रंग-बिरंगी पिचकारियां, 'हैप्पी होली' टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा और सलवार-सूट की जमकर बिक्री हो रही है। दिल्ली में 3000 से ज्यादा होली मिलन समारोह तय हो चुके हैं।

बैंक्वेट हॉल, फॉर्महाउस और होटल लगभग फुल हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार की होली छोटे दुकानदारों, कुटीर उद्योगों और MSME सेक्टर के लिए नई उम्मीद लेकर आई है।

# रमज़ान के चलते फलों के दाम में उछाल

## सप्लाई में देरी को मुख्य कारण मान रहे हैं आजादपुर मंडी के फल विक्रेता

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

दिल्ली में रमजान की शुरुआत के साथ ही फलों के रेट में 20-30 पर्सेंट का उछाल देखने को मिल रहा है। आजादपुर मंडी के फल विक्रेता इसका मुख्य कारण नई फसलों में हो रही देरी को मान रहे हैं। हालांकि दिल्ली में रमजान की वजह से फलों की डिमांड बढ़ी है, यह भी एक कारण है। दुकानदारों का कहना है कि अभी फसलों का ऑफ सीजन चल रहा है।

आजादपुर मंडी में व्यापारी रविंद्र शाह ने बताया कि रमजान के महीने में तरबूज, अंगूर, खजूर और पपीते की डिमांड बढ़ जाती है। जबकि तरबूज का पीक सीजन आना अभी बाकी है। कुछ ऐसा ही हाल अंगूर का भी है। खुले बाजार में तरबूज 70 से 80 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। अच्छी क्वॉलिटी का काला अंगूर 150 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। वहीं, सेब 150 से 220 रुपये प्रति किलो के बीच बिक रहा है। संतरा 120 से 150 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है।

आजादपुर मंडी में फल-सब्जी के थोक विक्रेताओं का कहना है कि त्योहारों को देखते हुए इस वक्त अंगूर, संतरे और तरबूज की डिमांड बढ़ी है, लेकिन मौसम में बदलाव और गर्मी में देरी की वजह से कई फसलें अभी बागानों में ही हैं। अधिकांश बागानों से फसल आने में देरी है और कम से कम 25 से 30 दिन का समय और लग सकता है। लेकिन डिमांड बढ़ने की वजह से बाजारों में फलों के रेट महंगे हो गए हैं। वहीं, अमरूद की बात करें तो अच्छी क्वॉलिटी के अमरूद 80 से 100 रुपये किलो के हिसाब से बिक रहे हैं।



रमजान के महीने में तरबूज, अंगूर, खजूर और पपीते की डिमांड बढ़ जाती है

**फुटकर बाज़ार में रेट**

| फल | पहले के दाम | अब के दाम |
|---|---|---|
| अनार | 125-150 | 180-250 किलो |
| सेब | 100-150 | 150-220 किलो |
| अमरूद | 60-90 | 100-150 किलो |
| अनानास | 70-80 | 80-100 पीस |
| किन्नू ऑरेंज | 45-65 | 60-80 किलो |
| केला | 45-65 | 60-80 दर्जन |
| पपीता | 40-60 | 60-80 किलो |
| स्ट्रॉबेरी | 50-70 | 70-90(180 ग्राम पैक) |
| कीवी | 70-100 | 100-130 (3 पीस पैक) |

# 10 रुपये के लिए बेरहमी से पीटा

■ NBT न्यूज, नूंह

- तावडू में घटना, चलने की हालत में नहीं महिला, अस्पताल में भर्ती
- 30 रुपये मांग रहा था ऑटो ड्राइवर, महिला ने दिए थे 20 रुपये

तावडू क्षेत्र में एक ऑटो चालक ने एक महिला यात्री के साथ महज 10 रुपये के लिए बेरहमी से मारपीट की। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपी ऑटो चालक फरार हो गया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में रोष है।

तावडू खंड के गांव खरक जलालपुर निवासी महिला ने बताया कि बुधवार सुबह वह नूंह से रिश्तेदारी में तावडू जा रही थी। टैंपो में सवार होने के बाद सीलखो मोड़ के पास उतरते समय उन्होंने चालक को किराया दिया। उनके पास 10 रुपये कम थे। किराया 30 रुपये था, जबकि उनके पास सिर्फ 20 रुपये ही थे। इस बात पर टैंपो चालक ने अपशब्द कहने शुरू कर दिए। महिला ने समझाया कि उनके पास पैसे नहीं हैं और प्रार्थना की, लेकिन चालक नहीं माना। आरोप है कि ऑटो चालक मारपीट पर उतर आया। लात-घूंसे मारकर महिला को जमीन पर पटक-पटक कर पीटा। महिला के शोर मचाने पर कुछ राहगीरों ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया।

### पीड़ित महिला को अस्पताल पहुंचाया

महिला से मारपीट होते देख एक अन्य टैंपो चालक हनीफ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को किसी तरह अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। महिला के पैर में फ्रैक्चर होने की आशंका है और वह चलने की हालत में नहीं है। परिजनों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया और टैंपो का नंबर भी नोट दिया। तावडू डीएसपी अभिमन्यु लोहान ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है।

# स्कूल प्रिंसिपल पर स्टूडेंट से गाली-गलौज का आरोप

■ NBT न्यूज, नूंह : सदर थाना क्षेत्र के हाजी बक्शी सीनियर सेकंडरी स्कूल सलामुतिवाका के प्रिंसिपल अमजद पर एक छात्र के साथ गालीगलौज करने और जातिसूचक शब्दों के साथ उसका भविष्य खराब करने की धमकी देने का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर पीड़ित छात्र के पिता ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। गुंडबास मजरा उजीना के अहमद जान ने आरोप लगाया कि उनका बेटा शेर मोहम्मद 12वीं का छात्र है। स्कूल प्रबंधन ने उसे फाइनल परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड समय पर नहीं दिया था। इस संबंध में परिजनों ने उपायुक्त नूंह से भी शिकायत की थी। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद 25 फरवरी को अहमद जान अपने बेटे के साथ रोल नंबर स्लिप लेने स्कूल पहुंचे। जिसमें छात्र को एडमिट कार्ड मिल गया था। आरोप है कि इस दौरान प्रधानाचार्य ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गालियां दी और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया।

**पीड़ित स्टूडेंट के पिता ने पुलिस को दी शिकायत**

शिकायत में यह भी कहा गया है कि अमजद ने दो खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए और प्रैक्टिकल में शून्य अंक भेजने तथा चरित्र प्रमाण पत्र खराब करने की धमकी दी। अहमद जान ने शिकायत कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। सदर थाना प्रभारी नूंह प्रवीण कुमार ने बताया कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# झज्जर के प्राइवेट हॉस्पिटल में इनकम टैक्स की चार सदस्यीय टीम का छापा

■ NBT न्यूज, झज्जर



### सुबह 5 बजे पहुंची टीम

- अस्पताल में सुबह 5 बजे ही पहुंच गई आयकर विभाग की चार सदस्यीय टीम
- स्टाफ के अलावा वहां मौजूद मरीजों के भी मोबाइल फोन एक तरफ रखवाए
- फिल्मी घटनाओं से चौकन्ना लोकल पुलिस ने चेक किए टीम मेंबर्स के आईकार्ड

शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में स्थित एक निजी हॉस्पिटल पर बुधवार तड़के आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। सुबह करीब 5 बजे चार सदस्यीय टीम अचानक हॉस्पिटल परिसर में पहुंची और पूरे परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार, आयकर टीम ने पहुंचते ही हॉस्पिटल स्टाफ के साथ-साथ वहां भर्ती मरीजों के मोबाइल फोन भी एक स्थान पर रखवा दिए, ताकि किसी प्रकार की सूचना बाहर न जा सके। फिल्मी अंदाज में हुई इस कार्रवाई से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस ने आयकर टीम के पहचान पत्रों की जांच की। बताया जा रहा है कि गुरुवार और सुरक्षा से जुड़े पुलिसकर्मियों को भी रिकॉर्ड की जांच के दौरान दूरी बनाए रखने को कहा गया। आयकर टीम ने हॉस्पिटल में न तो किसी को अंदर आने दिया और न ही बाहर जाने की अनुमति दी। अगले दो दिनों तक वहीं रुकेगी टीम

सूत्रों के अनुसार, छापेमारी करने वाली टीम को अगले दो दिनों तक वहीं रुककर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान हॉस्पिटल के कंप्यूटर सिस्टम, बैंक खातों से संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य वित्तीय रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। हालांकि किस विशेष मामले में यह कार्रवाई की जा रही है, इसका स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। दिनभर अफरा-तफरी का रहा माहौल

छापेमारी की खबर फैलते ही शहर के अन्य निजी हॉस्पिटल संचालकों में भी दिनभर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बता दें कि यह हॉस्पिटल सिलानी गेट क्षेत्र में राव तुलाराम की प्रतिमा के आसपास स्थित है और वर्तमान में एक एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा इसे संचालित किया जा रहा है।

# हादसे में मां-बेटा, दादी और एक अन्य की मौत

■ NBT न्यूज, नूंह





**तीनों बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, आरोपी ड्राइवर की हालत गंभीर, FIR दर्ज**

फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र में दिल्ली-अलवर रोड पर गांव धमाला के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक गाड़ी ने बाइक सवार मां-बेटे और दादी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में आरोपी गाड़ी चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर शाम तक आरोपी की भी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 3 बजे नूंह के गांव नागल शाहपुरी के रहने वाले सैफ खान (18) जाहिदा (38) और रशीदन तीनों बाइक पर सवार होकर किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब तीनों दिल्ली-अलवर रोड पर गांव धमाला के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन के ड्राइवर ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर दूर जाकर गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और ऐम्बुलेंस को सूचना दी, लेकिन तीनों घायलों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। गंभीर रूप से घायल टाटा ऐस के ड्राइवर को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक गाड़ी चालक की पहचान फिरोजपुर झिरका के वार्ड नंबर 14 के रहने वाले अनीश के रूप में हुई है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं.- CEN-2025-6 दिनांक- 24.02.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य (इंजी.)/निर्माण-1/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 25.03.2026 के समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है।

निविदा नं.- CEN-2025-06, कार्य का विवरण: स्टेशन भवन का निर्माण, सेवा भवनों का निर्माण, नए प्लेटफॉर्म का निर्माण, विद्यमान प्लेटफॉर्म का चौड़ीकरण एवं/अथवा विस्तार, प्लेटफॉर्म शेल्टर, यात्री सुविधाएँ, फुट ओवर ब्रिज (FOB) तथा अन्य विविध कार्य मेजा रोड रेलवे स्टेशन, पहाड़ा रेलवे स्टेशन एवं हामनपुर रेलवे स्टेशन पर तथा विन्ध्याचल-चुनार के मध्य आरआरआई भवन एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज के मध्य अन्य सेवा भवनों का निर्माण, प्रयागराज मंडल के पं. दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज तृतीय लाइन परियोजना के अंतर्गत कार्य।

| अनुमानित मूल्य (₹): ₹ 27.03 करोड़ | बोली प्रतिभूति (₹): ₹ 15,01,500.00 |
|---|---|
| कार्य समापन की अवधि: 12 माह | निविदा का प्रकार: ओपेन टेण्डर (टी पैकेट प्रणाली) |
| निविदा बंद करने की तिथि और समय: 25.03.2026, 15:00 बजे | |
| निविदा खुलने की तिथि: 25.03.2026, 15:30 बजे | |

नोट: (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 15:00 बजे तक निविदा भरने की तिथि दिनांक 25.03.2026 तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) बोली प्रतिभूति या तो ई-भुगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी। या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज में दिये गये अनुलग्नक-टीआईए के अनुसार होगा और बोल वैधता अवधि से परे 90 दिनों की अवधि के लिये वैध होगा। (4) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंशियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (5) निविदा की राशि 10 करोड़ से अधिक होने पर संयुक्त उद्यम (जे.वी.)/Consortiums/MOUs पर विचार किया जायेगा। (6) संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (7) सभी निविदाओं हेतु निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। (8) निविदा दस्तावेज में उल्लिखित योग्यता/मानदण्डों को पूरा करने के दावे के समर्थन में अपलोड किये गये दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपि की पृष्ठ को टेण्डर फर्म के निविदाकार या अधिकृति प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित/डिजिटल हस्ताक्षरित किया जायेगा। स्वयं प्रमाणन में हस्ताक्षर, मोहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) अंकित होनी चाहिये। केवल वे दस्तावेज जिन्हें निविदाकार द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि निर्धारित पात्रता मानदण्डों की अर्हता प्राप्त करने के दावे का समर्थन करने वाले दस्तावेज को ही उनकी निविदा का मूल्यांकन करने के लिये विचार किया जायेगा। निविदाकार द्वारा दी गयी किसी भी गलत जानकारी के मामले में अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा एवं बोली प्रतिभूति, परफारमेंस गारण्टी और सिक्योरिटी डिपाजिट जब्त कर ली जायेगी और भारतीय रेलवे में उन्हें पर 5 (पाँच) वर्ष तक कोई भी व्यवसाय करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जायेगा। (9) सरकारी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी जी.एस.टी. अधिनियम और सरकार/सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा समय समय पर जारी किये गये नियम लागू होंगे। (10) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। (11) निविदा आनलाइन दिनांक 25.03.2026 को समय 15:00 बजे तक सबमिट किया जा सकता है तथा निविदा 15:30 बजे दिनांक 25.03.2026 खोली जायेगी। 438/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**PUBLIC NOTICE**

Public at large is informed that the tenancy of Sh. Banarsi Das Ahluwalia with respect to premises No. B-20, B Block, Connaught Place, New Delhi-110001 was terminated in his life time and presently multiple litigations with the legal heirs of the said tenant on account of sub-letting and damage caused to the said premises, etc is pending in High Court of Delhi & Patiala House Courts, New Delhi.

Any person/company/entity dealing directly or indirectly with the Legal heirs of Late Sh. Banarsi Das Ahluwalia/ and/or BDA Co. including but not limited to entering into any Retail/Franchisee or business collaboration agreement shall be doing so at his/her/their own risk, cost and consequences as the Co-owners/Landlords ie my clients have not granted any consent or authorization to any of the legal heirs or any entity formed/ floated by such legal heirs to do so.

Public at large is cautioned not to be misled or induced by such legal heirs for entering into any dealing with any of the legal heirs or any entity formed by them, concerning the property No. B-20, B Block, Connaught Place, New Delhi-110001 co-owned by my clients.

Amit Sethi (Advocate)
(D/808/1994)
Office No. 2, First Floor 5, Atma Ram Mansion (Scindia House)
Connaught Circus, New Delhi-110001 | Mob: 9811050339 | Email: officeofamitsethi@gmail.com



**SBI**

आईटी-साझेदार संबंध विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, ग्लोबल आईटी सेंटर, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400614

शुद्धिपत्र - 1

कृपया बैंक द्वारा बैंक के कौशलवार विभिन्न अनुप्रयोगों और आईटी पहलों के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकी संसाधन प्रदान करने के लिए आईटी कंपनियों के पैनल के लिए दिनांक 02.02.2026 की आरएफपी SBI/GITC/IT-Partner Relationship/2025-26/1042/xx देखें। शुद्धिपत्र अपलोड किया गया है और इसे बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर प्रोक्योरमेंट न्यूज के तहत देखा जा सकता है।

बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 02.03.2026 दोपहर 2.00 बजे तक
तकनीकी बोलियां खोलने की तिथि एवं समय: 02.03.2026 दोपहर 03.30 बजे

स्थान: नवी मुंबई उप महाप्रबंधक
दिनांक: 26.02.2026 आईटी-साझेदार संबंध विभाग



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय)

भर्ती सूचना

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.), प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है :–

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|
| उप प्रबंधक (सतर्कता) | 01 | पे मैट्रिक्स में लेवल-10 (रु.56100-177500) |

2. भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट (www.nhai.gov.in) पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदक दिनांक 27.03.2026 (सायं 06:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन जमा सुनिश्चित करें।
3. आयु सीमा, योग्यता मानदंड, अन्य शर्तें आदि से संबंधित विस्तृत विवरण भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।
4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुशेष/निरस्तीकरण, यदि कोई होगा, तो उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी



राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**
स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर
फोन न - 0151-2201142 email-eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक:- EE/M&H/ BKN/ 2025-26/ 3497 दिनांक:- 12/02/26

ई- टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या:- 67 / 2025-26


निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 243.13 लाख के 01 कार्य उप जिला अस्पताल पर विद्युत कार्य हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदको के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी मे सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग /डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे/ एमईएस इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई- प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

(शिम्भू राम जाटव)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बीकानेर

UBN:- NRH2526WSO802420
DIPR/C/3738/2026



**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाम : सुनील पुत्र : सतीश, निवास : मालूम नही, लगभग उम्र : 30–35 वर्ष, रंग : सांवला, कद : 5'5", चेहरा : गोल, शरीर : सामान्य, पहनावा : काले रंग की पैंट और गंदी कमीज पहने है जो बीमारी की अवस्था में इम्पीरियल सिनेमा के नजदीक चुना मंडी, पहाड़गंज, दिल्ली में पाया गया। जिसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, इलाज के दौरान डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। इस बाबत DD/FIR No. 128A दिनांक : 23.02.2026 U/S 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, थाना : पहाड़ गंज, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : पहाड़ गंज, दिल्ली
फोन : 8750870427, 9310767402


DP/2433/CD/2026
(UIDB)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: pritambhara.prakash@timesofind Time: 02-25-2026 22:36 Color:




## वारदात के बाद से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है पति, उसी पर हत्या का शक

# महिला और तीन बेटियों की गला रेतकर हत्या



समयपुर बादली में चंदन पार्क इलाके में हुई वारदात



तीनों मासूम बेटियां

Photos : Surender Kumar



## खून से लथपथ पड़े मिले चारों के शव


■ NBT रिपोर्ट, समयपुर बादली

**समयपुर बादली** में चंदन पार्क इलाके में बुधवार सुबह एक घर के अंदर जो हुआ वो हर किसी को सन्न कर गया। छोटे से कमरे में एक महिला और उसके तीन मासूम बेटियों के खून से लथपथ शव पड़े थे। सभी का गला रेतकर हत्या की गई थी।

इस हत्याकांड का शक महिला के पति पर है, जो कि वारदात के बाद से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। पुलिस की कई टीमें संदिग्ध आरोपी की तलाश में लगाई गई है। बुधवार तड़के फरार होते हुए पति का एक CCTV में कैद हुआ है। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। समयपुर बादली थाना पुलिस ने हत्याओं को लेकर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

आउटर नॉर्थ DCP हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक मृतकों की पहचान 28 वर्षीय अनीता के अलावा उसकी 5, 4 और 3 साल की तीन बेटियों के रूप में हुई है। अनीता के पति 32 वर्षीय मुनमुन केवट है। अनीता अपने परिवार के साथ गली नंबर-3, चंदन पार्क, समयपुर बादली इलाके में किराए के कमरे में रहती थी। पति पटना, बिहार का रहने वाला है जबकि खुद अनीता बिहार के गया की रहने वाली थी। घर के पास मुनमुन के तीन भाई अपने परिवारों के साथ रहते हैं। सभी भाइयों का आजादपुर मंडी में अदरक का काम है। पुलिस को पता चला कि मुनमुन केवट रोजाना सुबह 3 बजे मंडी चले जाते हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे मुनमुन का 10 वर्षीय भतीजा अंकित वहां पहुंचा तो उसने देखा कि कमरे में चाची और तीनों बच्चे खून से लथपथ पड़े थे।

अंकित शोर मचाते हुए बाहर भागा। बाद में पड़ोसी वहां आ गए। अंदर का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। करीब 8 बजे मामले की सूचना पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही लोकल पुलिस और DCP हरेश्वर वी स्वामी मौके पर पहुंचे। बाद में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल भेजा गया। गुरुवार को पुलिस शवों का पोस्टमॉर्टम करवाएगी।



घर के अंदर जो हुआ वो हर किसी को सन्न कर गया

### देर रात हुआ था झगड़ा

**DCP** हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि पति पर हत्या का शक है। मंगलवार देर रात अनीता और मुनमुन के बीच झगड़ा हुआ था। शायद इसके बाद ही आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। वहीं छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि हत्या के दौरान किसी भी पड़ोसी को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। पुलिस आशंका जता रही है कि आरोपी ने पत्नी और तीनों बच्चों की हत्या से पहले उनको कुछ नशीला पदार्थ खिलाया। पुलिस ने कमरे की गहनता से तलाशी लेने के अलावा खाने-पीने के सैंपल भी कब्जे में लिए हैं।

**हत्या का मोटिव क्या:** घर के अंदर का नजारा देखकर आसपास के सभी लोगों के होश उड़ गए, पड़ोसियों ने बताया कि मुनमुन पत्नी और तीनों बच्चियों को खूब प्यार करता था

## चारों की हत्या से पहले खाने में दिया था नशा?

■ NBT रिपोर्ट, समयपुर बादली

**समयपुर बादली** के चंदन पार्क में घर के अंदर तीन बेटियों और उसकी मां की हत्या का मोटिव क्या रहा होगा? यह सवाल दिल्ली पुलिस और स्थानीय लोगों के लिए पहेली बना हुआ है। जिन बेटियों की हर खुशी के लिए मुनमुन दिन-रात मेहनत करता था, पत्नी को बहुत प्यार करता था। आखिर वारदात से पहले घर में ऐसा क्या हुआ, जो एक साथ चार कत्ल कर दिए गए!

**घर में ऐसा क्या हुआ, जो चार कत्ल कर दिए?**

मृतक अनीता की जेठानी सोनी देवी ने बताया कि मुनमुन पत्नी और तीनों बच्चियों को खूब प्यार करता था। अनीता की शादी के 10 साल हो चुके थे, उसकी तीनों बेटियां ऑपरेशन से हुई थी। इसकी वजह से अनीता शरीर से बेहद कमजोर थी। वह ज्यादातर मायके गया में रही थी। करीब चार महीने पहले ही मुनमुन पत्नी व बच्चों को लेकर दिल्ली आया था। पत्नी और बच्चों के आने पर वह खुश भी था। घर में होली की तैयारी चल रही थी। मंगलवार को घर के पास लगने वाले बाजार में मुनमुन पत्नी व बच्चों को लेकर गया और उसने होली का सामान भी दिलवाया था। सब कुछ ठीक था तो फिर आखिर क्या हुआ। पुलिस इन सवालों की गुत्थी को सुलझाने की कोशिश कर रही है।

### आरोपी की लास्ट लोकेशन जहांगीरपुरी की मिली


**आशंका है** कि 3 बजे के आसपास आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में करीब 5 बजे वह अपने घर से निकला। गली में लगे एक कैमरे में वह जाता हुआ दिख रहा है। पुलिस ने उसके मोबाइल की सीडीआर निकाली तो उसकी लास्ट लोकेशन जहांगीरपुरी की मिली। इसके बाद से लगातार उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है। आशंका है कि वारदात के बाद वह दिल्ली से बाहर भाग है, इसी वजह से कई टीमें उसकी तलाश में भेज दी गई है। उधर एक साथ चारों की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसी को भी यकीन नहीं हो रहा कि मुनमुन अपने ही हाथों अपने पूरे परिवार को खत्म कर देगा।

**गली में लगे एक कैमरे में आरोपी जाता हुआ दिख रहा है**




## DU में विरोध-प्रदर्शन और सभा पर बैन को HC में चुनौती, नोटिस जारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**दिल्ली हाई** कोर्ट ने बुधवार को उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें दिल्ली यूनिवर्सिटी या इसके परिसरों में एक महीने के लिए किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन और जनसभा पर बैन लगाने वाले नोटिफिकेशन को चुनौती दी गई।

जस्टिस जसमीत सिंह ने यूनिवर्सिटी के लॉ स्टूडेंट उदय भदौरिया की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें UGC इक्विटी रूल्स के समर्थन में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई झड़पों के बाद 17 फरवरी को प्रॉक्टर ऑफिस द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन को चुनौती दी गई है।

एडवोकेट अभिषेक और अमन रावल के जरिए दाखिल याचिका पर डीयू की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिका जनहित याचिका जैसी है। उन्होंने कोर्ट का ध्यान इसकी ओर भी खींचा कि दिल्ली पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 144 लगाई है, जिसे प्रतिवादी पक्ष नहीं बनाया गया है। वकील ने कहा कि यह एक अधूरी याचिका है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका को पीआईएल बेंच के पास सुनवाई के लिए भेज दिया, जिसमें चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय शामिल हैं। याचिकाकर्ता के मौखिक अनुरोध पर इसमें दिल्ली पुलिस को प्रतिवादी बनाने की भी इजाजत दे दी गई।

लिहाजा, कोर्ट ने मामले में यूनिवर्सिटी, डीयू के अलावा दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया। इस मामले में अब 10 मार्च को सुनवाई की उम्मीद है। भदौरिया ने किरोड़ीमल कॉलेज और दयाल सिंह कॉलेज द्वारा जारी किए गए बाद के नोटिफिकेशन को चुनौती दी है, जिसमें रोक को लागू किया गया है।

**इस मामले में अब 10 मार्च को सुनवाई की उम्मीद**

याचिका में कहा गया है कि दयाल सिंह इवनिंग कॉलेज ने मौजूदा हालात के कारण एडमिनिस्ट्रेटिव कारणों का हवाला देते हुए सालाना कल्चरल इवेंट रजनीगंधा-2026 को स्थगित कर दिया है। याचिका में कहा गया है कि जिस नोटिफिकेशन पर सवाल उठाया गया है, वह कैंपस या कॉलेजों के अंदर शांति से इकट्ठा होने, बोलने और अपनी बात कहने पर पूरी तरह रोक लगाता है, जो सीधे तौर पर भारत के संविधान के आर्टिकल 14, 19(1)(a), (b) और (d) के तहत मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## दिलशाद गार्डन से ₹6 करोड़ की हेरोइन ज़ब्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**शाहदरा जिला** के दिलशाद गार्डन से क्राइम ब्रांच ने 1.022 kg कमर्शल क्वांटिटी हेरोइन के साथ एक सक्रिय ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की शिनाख्त इमरान उर्फ शेर खान (23) के तौर पर हुई है, जो दिलशाद गार्डन के कलंदर कॉलोनी का रहने वाला है। इससे बरामद हेरोइन की कीमत इंटरनैशनल मार्केट में 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। इससे पूछताछ के बाद हेरोइन के सोर्स और रिसीवर की पहचान हो गई, जिससे सप्लाई चेन के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का पता चला है।

**पेडलर गिरफ्तार, सोर्स और रिसीवर की तलाश में चल रही रेड**

डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार यादव के मुताबिक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) के हेड कॉन्स्टेबल सिकंदर की लीडरशिप में हेड कॉन्स्टेबल देवेंद्र और नीतू की टीम 20 फरवरी को शाहदरा जिले के ड्रग सप्लायर्स की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान दोपहर करीब 3:50 बजे दिलशाद गार्डन के एच-पॉकेट स्थित सेंट्रल पार्क के करीब से उसे दबोच लिया।

### मां भी हिस्ट्रीशीटर, फिलहाल तड़ीपार

**पुलिस जांच** में पता चला कि आरोपी की मां हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर एनडीपीएस एक्ट के पांच केस दर्ज हैं। फिलहाल उसे दिल्ली से तड़ीपार किया गया है। आरोपी के पिता पर 2023 में जीटीबी एनक्लेव थाने में एनडीपीएस का केस दर्ज हुआ था। बड़ा भाई इस साल सीमा पुरी कॉलोनी थाने में दर्ज एनडीपीएस केस में ही जेल में बंद है। इसका एक संगठित, परिवार-आधारित ड्रग नेटवर्क का हिस्सा होने की आशंका है। पुलिस ने इससे 1.022 kg हेरोइन, स्कूटर, पांच किलो की गोल्ड चेन और एक फोन रिकवर किए।

## रंगदारी के लिए मारी थी गोली, 6 साल बाद आया पकड़ में


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जानलेवा हमला करने और एक्सटॉर्शन के केस में वॉन्टेड आरोपी रवि उर्फ संदीप (31) को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। रवि बवाना थाना इलाके के दरियापुर कलां गांव का रहने वाला है। इस पर हत्या की कोशिश, एक्सटॉर्शन और आर्म्स एक्ट समेत 8 केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि ये गैंगस्टर सोनू दरियापुर गिरोह का एक्टिव मेंबर है। बवाना थाने में 2019 में दर्ज एक चर्चित रंगदारी के लिए की गई फायरिंग केस भगोड़ा चल रहा था। वह सोनीपत में एक हत्या के अलावा दिल्ली और हरियाणा के तीन अन्य वारदात में वॉन्टेड था।



डीसीपी (क्राइम) हर्ष इंदौरा के मुताबिक, हेड कॉन्स्टेबल संदीप कादयान को आरोपी रवि उर्फ संदीप के नजफगढ़ इलाके में छिपे होने की सूचना मिली थी। एसीपी राजपाल डबास की निगरानी और इंस्पेक्टर अक्षय गहलोत की टीम ने सर्विलांस और टेक्निकल इनपुट के बाद नजफगढ़ के महेश गार्डन से दबोच लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी 12वीं तक पढ़ा है, जो कम उम्र में ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। इस पर 2018 में एक शादी में डीजे ऑपरेटर को गोली मारने का आरोप लगा था।

## डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, मासूम की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



वैष्णवी (10 साल)

**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में 10 साल की एक मासूम की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि एक डंपर ने बाइक में टक्कर मारी। इसकी चपेट में बाइक सवार दो भाई और उनकी 10 साल की बहन आ गई।

मिली जानकारी के अनुसार, सोनिया विहार के पहले पुश्ते (गली नंबर-13) में रहने वाले दीनानाथ परिवार के साथ साढ़े चार पुश्ते पर एक रिश्तेदार की शादी में गए थे। मंगलवार देर रात करीब 12:50 बजे उनके बड़े बेटे अंकुर (23) बाइक लेकर घर के लिए निकले। उनके साथ बाइक पर छोटा भाई हरीश (13) और बहन वैष्णवी (10 साल) भी सवार थी।

**सोनिया विहार में वारदात, दो भाई घायल**

### लोगों ने लगाया जाम

**हादसे के** बाद स्थानीय लोगों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप है कि पुश्ता रोड पर भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी के बावजूद, मिलीभगत के कारण रोजाना सैकड़ों डंपर यहां से गुजरते हैं। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर रास्ता खुलवाया।

### डंपर चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**सूचना मिलते** ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को तुरंत जीटीबी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने वैष्णवी को मृत घोषित कर दिया। घायल हरीश और अंकुर का इलाज जारी है। बुधवार दोपहर गमगीन माहौल में वैष्णवी का अंतिम संस्कार किया गया। वह तीसरी क्लास की स्टूडेंट थी। नॉर्थ-ईस्ट जिला डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने BNS की धारा 281, 106 और 125 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और फरार की तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

## बुज़ुर्ग से डिजिटल ठगी में 3 गिरफ्तार

### 2 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर गैंग ने ऐंठे थे 16 लाख



AI Image

■ NBT न्यूज़, सफदरजंग एनक्लेव

**साउथ वेस्ट** डिस्ट्रिक्ट साइबर थाना टीम ने 75 साल की एक बुजुर्ग महिला को 2 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके 16 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश किया है। राजस्थान के जयपुर और कोटपुतली में छापा मारकर तीन आरोपियों को वहां से गिरफ्तार भी किया गया है। इनके पास 1 लाख रुपये, 9 मोबाइल, 10 पासबुक और कुछ चेक बुक भी बरामद हुआ है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राकेश मीणा, छोटू लाल मीणा और योगेंद्र गुर्जर के रूप में हुई है। ये सभी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। डीसीपी साउथ वेस्ट अमित गोयल के अनुसार पुलिस को 7 दिसंबर 2025 को शिकायत मिली थी। इसमें बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट करके उनसे ठगी की जानकारी दी गई थी। पीड़ित को ठगों ने सीबीआई इंस्पेक्टर बनकर कॉल किया और कहा कि उनका बेटा क्रिमिनल केस में इन्वॉल्व है। दो दिन तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके रखा गया और उनसे 16 लाख रुपये ऐंठे गए थे।

**ठगों ने CBI इंस्पेक्टर बनकर कॉल किया था**

एसीपी ऑपरेशन विजय कुमार की देखरेख में SHO प्रवेश कौशिक, सब-इंस्पेक्टर चेतन राणा, हेड कॉन्स्टेबल महेंद्र और विजयपाल की टीम इन आरोपियों तक पहुंची। ये लोग कई बैंक अकाउंट का इस्तेमाल चीटिंग के लिए कर रहे थे। अकाउंट राजस्थान के कोटपुतली इलाके से ऑपरेट किए जा रहे थे। सबसे पहले आरोपी की पहचान पुलिस ने योगेंद्र गुर्जर के रूप में की, उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया।

### CPCB कर्मी बताकर कर रहे हैं ठगी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सीपीसीबी के कर्मी बनकर कुछ लोग उद्योगों से ठगी कर रहे हैं। साथ ही उनके यहां नोटिस भी लगा रहे हैं। विभाग ने इस तरह की शिकायतें आने के बाद उपभोक्ताओं के लिए एक नोटिस और अडवाइजरी जारी की है। अडवाइजरी के अनुसार, कुछ लोग सीपीसीबी के अधिकारी और कर्मचारी होने का झूठा दावा कर रहे हैं। प्रदूषण की जांच और निगरानी के नाम पर यह लोग उद्योगों, निर्माण स्थलों में एंट्री करते हैं। इसके बाद यह कुछ निर्देश जारी करते हैं और नोटिस भी देते हैं। कुछ लोग गलत तरीके से सीपीसीबी के अडवाइजर के रूप में भी अपनी पहचान बता रहे हैं और विभिन्न काम करवाने का दावा कर रहे हैं। विभाग ने अपनी अडवाइजरी में कहा है कि सीपीसीबी ने न तो किसी सलाहकार को नियुक्त किया है और न ही सीपीसीबी ऐसे किसी सलाहकार की बात पर विचार करता है। सीपीसीबी ने कहा कि ऐसे लोगों की जानकारी तुरंत विभाग के साथ शेयर करें।

**सीपीसीबी ने जारी की अडवाइजरी**

## 3 जगहों पर भीषण आग, सिलिंडर भी हुआ ब्लास्ट

### लाखों का माल खाक, जवाहर कैंप में बाल-बाल बचे सो रहे लोग



सिलिंडर ब्लास्ट से भयानक आग

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

**मंगलवार देर** रात 12 बजे से लेकर बुधवार दोपहर 12:30 के बीच में आग लगने की तीन बड़ी घटनाएं हुईं। इनमें लाखों का नुकसान हुआ, कई छोटी-छोटी दुकानें जलीं, सिलिंडर ब्लास्ट हुआ, प्लाईवुड का गोदाम जला, बाइक-स्कूटी के प्लास्टिक मटीरियल का वेयर हाउस जैसा स्ट्रक्चर भी चपेट में आकर जलकर राख हो गया।

**राहगीर ने जगाया, दुकान वालों ने देखा जल रहा था सबकुछ**


यह घटनाएं कीर्ति नगर जवाहर कैंप, लक्कड़ मंडी और बाहरी उत्तरी दिल्ली के पूठ खुर्द इलाके में हुई हैं। राहत यह रही कि इन हादसों में कोई भी हताहत या घायल नहीं हुआ है। लेकिन कीर्ति नगर में मंगलवार देर रात जो दुकानें आग की चपेट में आकर जली हैं। अगर किसी राहगीर ने रात में वहां सो रहे लोगों को समय पर नहीं जगाया होता तो कई लोग चपेट में आ सकते थे। फायर अधिकारियों के अनुसार, आग लगने की पहली घटना कीर्ति नगर के जवाहर कैंप इलाके में हुई। जहां पर पटरी पर बने चार-पांच खोखे जैसी कई छोटी छोटी शॉप आग की चपेट में आकर मंगलवार देर रात जल गईं। इनमें सब्जी, बर्फ, सूप और छोटे-मोटे ग्रोसरी शॉप शामिल हैं।

मौके पर मौजूद किशन गुप्ता ने बताया कि उनकी बर्फ की दुकान है। रात में 11:45 बजे किसी ने जगाया तो देखा, आग लगी हुई थी। दुकान के अंदर जो कुछ पैसे थे वह जल गए और जो बर्फ ढक कर रखी थी वह पिघल गई। सुरेश यादव की सूप की दुकान है, उन्होंने कहा खाना खाने नारायणा घर गए थे। सुबह आए तो पता चला। ग्रोसरी का सामान बेचने वाली विमला देवी और उनके बेटे शशांक ने बताया कि रात में वह लोग नागली डेयरी घर गए थे। असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर रविनाथ और स्टेशन ऑफिसर नवीन ठाकरान की टीम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।





कीर्ति नगर जवाहर कैंप, लक्कड़ मंडी और बाहरी उत्तरी दिल्ली के पूठ खुर्द इलाके में लगी आग, कोई हताहत नहीं



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRP4 User: arvind.kumar@timesofindia.com Time: 02-25-2026 22:58 Color:



## परीक्षा केंद्रों का SP ने किया निरीक्षण

■ NBT न्यूज, कैथल: हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल-रहित कराने के लिए कैथल पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिले के 74 परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बुधवार को एसपी उपासना ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों के साथ अच्छा व्यवहार रखें और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। एसपी ने साफ कहा कि परीक्षा बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के संपन्न कराई जाए और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।


नकल रोकने के सख्त निर्देश।

## ब्रिज बनाए जाने की दिशा में काम शुरू: मंत्री

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़: लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने ऐलान किया है कि बल्लभगढ़ से पाली तक एलिवेटिड फ्लाईओवर ब्रिज बनाए जाने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। बुधवार को विधानसभा में फरीदाबाद एनआईटी के विधायक सतीश कुमार फागना द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इस सड़क को पी.पी.पी. मोड पर बनाने की संभावना पर काम किया जा रहा है। प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी स्टडी पूरी होने और परियोजना की उपयुक्तता के बाद, बजट प्रावधान के बारे में अलग से फैसला लिया जाएगा। योजना पर अभी काम शुरू हुआ है। इसलिए समय सीमा तय नहीं की जा सकती है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 8.2 किलोमीटर होगी। इस परियोजना के तहत दो लेन का ऐलिवेटिड फ्लाईओवर बनाया जाएगा, जिसके साथ दोनों ओर 7-7 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का भी प्रावधान रहेगा।

## कैथल में शराब तस्कर गिरफ्तार

AI Image



■ NBT न्यूज, कैथल: अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए पूंडरी थाना पुलिस ने एक आरोपी को 400 लीटर शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर हजवाणा गांव में अमन के खेत में बने कमरे पर छापा मारा। जांच के दौरान दो ड्रमों से 400 लीटर शराब बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

400 लीटर अवैध शराब बरामद।

# प्रदेश में पीएमश्री की तर्ज पर खोले जाएंगे 'CM श्री' स्कूल

## शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने दी जानकरी, CBSE से मान्यता प्राप्त होंगे

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

AI Image



प्रदेश में पीएम श्री (प्राइम मिनिस्टर स्कूल्स ऑफ राइजिंग इंडिया) की तर्ज पर अब सीएम श्री यानी चीफ मिनिस्टर स्कूल्स ऑफ राइजिंग इंडिया के तहत स्कूल स्थापित किए जाएंगे। सभी स्कूल अंग्रेजी मीडियम के होंगे और सीबीएसई से मान्यता प्राप्त होंगे। समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के बच्चों के लिए इन स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें रिजर्व होंगी। यानी 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी। बाकी सीटों पर भी प्राइवेट स्कूलों के मुकाबले काफी कम फीस होगी। समालखा से बीजेपी विधायक मनमोहन भड़ाना ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों का एडमिशन नहीं होने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें गरीबों के लिए आरक्षित होने के बाद भी स्कूल इस पर अमल नहीं करते। उन्होंने आंकड़े भी सदन में रखे। पीएम श्री योजना के तहत पहले चरण में राज्य में 124 स्कूल स्थापित किए गए। वहीं दूसरे चरण के 128 स्कूल स्थापित किए गए थे। आने वाले दिनों में पीएम श्री स्कूलों में बढ़ोतरी होगी। सीएम श्री के तहत भी स्कूल स्थापित किए जाएंगे।

नए स्कूल स्थापित करने की बजाय सरकार पहले से चल रही सरकारी स्कूलों को ही अपग्रेड करके उन्हें पीएम श्री और सीएम श्री का रूप देगी। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों को खाली सीटों का ब्यौरा सार्वजनिक करना होता है। उल्लंघन करने वाले कई स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूल संचालकों को कहा गया है कि अनदेखी करने पर उनकी मान्यता भी रद्द की जा सकती है।

सीएम श्री स्कूल योजना भी पीएम श्री की तर्ज पर ही हरियाणा के स्कूलों के हालात बदलेगी। एनईपी-2020 आधारित शिक्षा मॉडल के तहत इन स्कूलों में यह सुनिश्चित होगा कि नई शिक्षा नीति के सभी प्रावधान लागू हों। इन स्कूलों में फाउंडेशनल लर्निंग पर फोकस, स्किल-बेस्ड लर्निंग, मल्टी-लैंग्वेज टीचिंग, आर्ट/स्पोर्ट्स-इंटीग्रेटेड एजुकेशन और एक्सपीरिएंशियल लर्निंग पर जोर रहेगा।

गरीब बच्चों को मिलेगा 25 प्रतिशत आरक्षण।

- पीएम श्री योजना के तहत पहले चरण में राज्य में 124 स्कूल स्थापित किए गए। वहीं दूसरे चरण के 128 स्कूल स्थापित किए गए थे।
- नए स्कूल स्थापित करने की बजाय सरकार पहले से चल रही सरकारी स्कूलों को ही अपग्रेड करके उन्हें पीएम श्री और सीएम श्री का रूप देगी।

# कांग्रेस नेताओं के हाउस अरेस्ट पर विधानसभा में हंगामा, वॉकआउट

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा और विधानसभा स्पीकर में हुई बहस

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

NBT



कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट करने के मामले में बुधवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। जानकारी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और अन्य कांग्रेस विधायकों ने पोस्टर लहराते हुए कहा कि सरकार के इशारे में आज कांग्रेस के जिला अध्यक्षों, पूर्व विधायकों और अन्य नेताओं को घरों में नजरबंद कर दिया गया है। हंगामे के बाद नेताओं ने विधानसभा से वाकआउट कर दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ चंडीगढ़ में मनरेगा को खत्म करने के विरोध में प्रदर्शन करने के लिए आने वाले थे। सभी को पार्टी विधायकों द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन में शामिल होना था, लेकिन हाउस अरेस्ट होने की वजह से अधिकतर जिलाध्यक्ष और कांग्रेस के प्रमुख नेता प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सके। उग्र हुए भूपेंद्र हुड्डा ने सरकार से पूछा कि अगर कांग्रेस जिलाध्यक्षों को हाउस अरेस्ट करने के आदेश सरकार ने नहीं दिए तो बताएं कि ऐसा अधिकारियों ने क्यों किया। अधिकारियों को मैं अपने आप देख लूंगा। मैं भी मुख्यमंत्री को सदन से बाहर नहीं निकलने दूंगा। अधिकारी चाहें तो मुझे रोककर देख लें।


विधायकों, सांसदों समेत कई नेताओं को चंडीगढ़ पुलिस ने हिरासत में लिया।

### मनरेगा के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर VB-जी रामजी करने के विरोध में बुधवार को हरियाणा के कांग्रेस विधायकों और सांसदों ने विधानसभा कूच करने का प्रयास किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आंदोलनकारी जैसे ही चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय से विधानसभा की तरफ कूच करने लगे, चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें रोक लिया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पर चढ़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने अपनी सख्ती से उन्हें जाने नहीं दिया।

# अगले साल दादरी में शुरू होगी डिफेंस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट

AI Image



■ NBT न्यूज, चंडीगढ़: प्रदेश का पहला डिफेंस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्रदेश के चरखी दादरी में शुरू होगा। बुधवार को विधानसभा में दादरी विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने बजट घोषणा का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में सैनिक और अर्ध-सैनिक मामले के मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि अप्रैल-2027 तक दादरी में कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। इन्होंने कहा कि दिसंबर-2026 तक जमीन, एनओसी सहित सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी। सांगवान ने बताया कि इस इंस्टीट्यूट के लिए जमीन भी दी जा चुकी है और उसकी लीज भी हो चुकी है। दादरी जिला प्रशासन की ओर से किसान मॉडल स्कूल भवन सहित 84 कनाल 12 मरला जमीन 33 वर्षों के पट्टे पर देने का प्रस्ताव भेजा गया था। यहां किसान मॉडल स्कूल कभी चला ही नहीं। सांगवान ने कहा कि हायर एजुकेशन के पास इसकी एनओसी पेंडिंग है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार बजट घोषणाओं को सिरे चढ़ाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि दादरी के अलावा यमुनानगर और हिसार में भी युवाओं को सैन्य ट्रेनिंग के लिए इंस्टीट्यूट स्थापित होंगे। इनमें युवाओं को भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना के अलावा पैरा-मिलिट्री फोर्स में भर्ती के लिए भी आवश्यक फिजिकल, इंटरव्यू, एसएसबी और अनुशासन संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

- यमुनानगर और हिसार में भी युवाओं को सैन्य ट्रेनिंग के लिए इंस्टीट्यूट स्थापित होंगे।

# 590 करोड़ का फर्जीवाड़ा: IDFC बैंक घोटाले में 4 आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

NBT



ACB प्रमुख एएस चावला ने पत्रकारों से बातचीत में गिरफ्तारी के बारे में बताया।

हरियाणा सरकार से जुड़े करीब 590 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो हरियाणा ने जांच तेज करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें सात दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है।

एसीबी प्रमुख एएस चावला ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 और भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में दर्ज किया गया है। जांच में सरकारी धन के दुरुपयोग और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल की आशंका सामने आई है।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि कुछ सरकारी विभागों के बैंक खाते IDFC FIRST Bank की सेक्टर-32 शाखा, चंडीगढ़ में संचालित थे। आरोप है कि इन खातों में जमा सरकारी धन को अनधिकृत तरीके से निजी फर्मों, अन्य व्यक्तियों और कुछ विभागीय खातों में ट्रांसफर किया गया। एसीबी के अनुसार जांच के दौरान संबंधित बैंक और विभागों से दस्तावेज व वित्तीय रिकॉर्ड जुटाए जा रहे हैं। हर लेन-देन की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। मंगलवार रात विजिलेंस मुख्यालय में पूछताछ के बाद चार आरोपियों—ऋषभ ऋषि, अभय कुमार, स्वाति सिंगला और अभिषेक सिंगला को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को अदालत में पेशी के बाद सभी को सात दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

जांच एजेंसी का कहना है कि शुरुआती पड़ताल में हरियाणा सरकार के साथ-साथ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन के कुछ खातों में भी गड़बड़ी के संकेत मिले हैं। रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर अन्य संदिग्धों और तथ्यों की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। एसीबी का दावा है कि मामले की गहन जांच जारी है और आने वाले दिनों में और खुलासे संभव हैं।

- जांच एजेंसी का कहना है कि शुरुआती पड़ताल में हरियाणा सरकार के साथ-साथ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन के कुछ खातों में भी गड़बड़ी के संकेत मिले हैं।

# कैंसर से बचाव के लिए राज्य सरकार लगवाएगी मुफ्त टीके

■ NBT न्यूज, कैथल

AI Image



सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2026 में राष्ट्रव्यापी HPV टीकाकरण शुरू किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से 14 वर्ष से 15 वर्ष की आयु की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाना है, जो भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। राज्य स्वास्थ्य विभाग इस अभियान के तहत 14-15 वर्ष की लड़कियों की मुफ्त टीकाकरण करवाएगी। स्वास्थ्य विभाग दो महीनों के बाद टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेगी। सरकार के आदेश पर कुछ दिन पूर्व इस बारे में कैथल की उपायुक्त ने जिला के अधिकारियों और जिला सिविल सर्जन के साथ बैठक करके इस अभियान को सफलता पूर्वक चलाने के लिए निर्देश दिए थे। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर यानि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाव के लिए राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू किए जाने वाले अभियान के बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए कैथल की जिला सिविल सर्जन डॉ रेनू चावला ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बिमारी से बचाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा जिला में सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के अनुसार कैथल जिला की कुल जनसंख्या लगभग 12 लाख है और 14-15 वर्ष के बीच की लड़कियों की संख्या लगभग एक प्रतिशत होगी जिसके अनुसार लगभग 12 हजार लड़कियों को हरियाणा सरकार की योजना के तहत मुफ्त में वैक्सीन लगाई जाएगी, उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन केवल सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में ही उपलब्ध होगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इस अभियान के तहत 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की स्क्रीनिंग भी की जाएगी।

- स्वास्थ्य विभाग दो महीनों के बाद टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेगी।
- राज्य स्वास्थ्य विभाग इस अभियान के तहत 14-15 वर्ष की लड़कियों की मुफ्त टीकाकरण करवाएगी।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

## पानीपत में मजदूरों ने किया पथराव, पुलिस का लाठीचार्ज



जाम लगाने वाले मजदूरों को समझाते पुलिस अधिकारी।

■ NBT न्यूज, पानीपत: पानीपत के एक रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूरों ने बुधवार को पुलिस पर पथराव किया। जानकारी के मुताबिक मजदूरों ने रोड पर जाम लगाया था। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। भीड़ भड़क गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज किया। इस दौरान एक व्यक्ति का हाथ भी टूट गया।

मजदूरों का कहना है कि प्रशासन ने उनकी 8 घंटे की ड्यूटी समेत अन्य मांगें मान ली थीं। अब उनकी मांग है कि इन मांगों को पूरी रिफाइनरी में बोर्ड पर लिखवाया जाए। साथ ही, जो ठेकेदार इसका पालन न करे, उसके खिलाफ FIR दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए। दोपहर तक माहौल तनावपूर्ण रहा। इसके बाद IOCL के अधिकारियों ने अपने लैटर हेड पर लिखित में आश्वासन दिया, जिसके बाद मजदूर मान गए।

इससे पहले, 23 फरवरी को भी मजदूरों ने रिफाइनरी में सुरक्षा बलों पर पथराव कर दिया था। साथ ही गाड़ियों में तोड़फोड़ की थी। माहौल शांत करने के लिए CISF ने 2 हवाई फायर भी किए थे। सदर थाने में ढाई हजार अज्ञात मजदूरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### 40 हजार मजदूर करते हैं काम

रिफाइनरी के अंदर कई प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। यहां ठेकेदारों के अंतर्गत लगभग 35 से 40 हजार मजदूर अलग-अलग साइटों पर काम करते हैं। 23 फरवरी को मजदूरों के प्रदर्शन के बाद 24 फरवरी को पानीपत में ही मजदूरों की डीसी वीरेंद्र दहिया, एसपी भूपेंद्र सिंह और रिफाइनरी के अधिकारियों से मीटिंग हुई थी। मीटिंग में मजदूरों की सभी मांगें मान ली गईं।

## सस्ते ऑफर से हो सकती है ठगी, सावधान रहें: SP

■ NBT न्यूज, कैथल: कैथल पुलिस ने लोगों को सोशल मीडिया पर चल रहे भ्रामक विज्ञापनों से सतर्क रहने की सलाह दी है। एसपी उपासना ने बताया कि ठग सस्ते ऑफर दिखाकर लोगों को नकली वेबसाइट और भुगतान लिंक पर ले जाते हैं और पैसे ठग लेते हैं। उन्होंने कहा कि बैंक डिटेल, ओटीपी या पासवर्ड किसी से साझा न करें और खरीदारी केवल भरोसेमंद वेबसाइट या ऐप से ही करें।

# देश के पहली हाइड्रोजन ट्रेन का रनिंग ट्रायल शुरू

## ट्रायल पूरी तरह सफल रहा तो जल्द यात्रियों के लिए होगी नियमित

■ NBT न्यूज, जींद

NBT



ट्रेन इंटीग्रल कोच फैक्टरी (ICF), चेन्नई में विकसित की गई है।

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का रनिंग ट्रायल बुधवार को शुरू हुआ। भारतीय रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक और पर्यावरण-अनुकूल कदम माना जा रहा है। रनिंग ट्रायल हरियाणा के जींद जंक्शन से सोनीपत के बीच के रूट पर हो रही है। ट्रायल पूरी तरह सफल रहने पर जल्द ही इसे यात्रियों के लिए शुरू किया जा सकता है।

बुधवार सुबह करीब सात बजे ट्रेन को जींद यार्ड से बाहर निकाला गया। शुरुआत में डीजल इंजन की मदद से इसे हांसी रोड पुल के नीचे तक लाया गया। सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर इसे सोनीपत की ओर रवाना किया गया। सुरक्षा और आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में हाइड्रोजन गैस की थोड़ी मात्रा ही भरी गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर डीजल इंजन को तुरंत जोड़ा जा सके।

ट्रेन की शुरुआती यात्रा जींद से पिंडारा और फिर भम्भेवा स्टेशन तक निर्धारित है। रेलवे की तकनीकी टीम सुबह से ही पूरी मुस्तैदी से तैयार थी। ट्रायल के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। ट्रायल के दौरान इंजन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, ईंधन खपत और सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा।

### 1200 हॉर्सपावर का इंजन लगा है ट्रेन में

यह ट्रेन इंटीग्रल कोच फैक्टरी (ICF), चेन्नई में विकसित की गई है। यह दुनिया की सबसे लंबी और शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक मानी जा रही है, जिसमें 1200 हॉर्सपावर का इंजन लगा है। इसकी अधिकतम डिजाइन स्पीड 150 किमी/घंटा है, जबकि सामान्य संचालन में यह 110-140 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी। इससे जींद से सोनीपत का लगभग 90 किलोमीटर का सफर पहले के 2 घंटे से घटकर 1 घंटे से भी कम समय में पूरा हो सकेगा।

# सरकारी ज़मीन पर रह रहे लोगों को मिलेगा मालिकाना हक: CM

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर जिले के छछरौली (प्रताप नगर) में सरकारी जमीन पर रहने वाले हजारों लोगों को मालिकाना हक देने का ऐलान किया है। छछरौली में बसे लोगों के कब्जे, रेकॉर्ड सत्यापन और सर्वे पूरा होने के बाद जमीन लोगों के नाम कर दी जाएगी।


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि छछरौली की अधिकतर जमीन गैर मुमकिन आबादी के रूप में चिन्हित है और इस जमीन का मालिकाना हक 1887 से सरकार के पास है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस जमीन पर लोग बसते चले आ रहे हैं। 2020 तक इन संपत्तियों की रजिस्ट्रियां होती थीं, लेकिन उसके बाद रजिस्ट्रियां बंद हो गईं। तकनीकी और कानूनी रूप से लोगों को लगने लगा कि अब संबंधित जमीन पर उनका मालिकाना हक या तो नहीं रहेगा या पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

ऐसे सभी परिवारों को असुरक्षित नहीं छोड़ा जा सकता। इसलिए सरकार ने जनभावनाओं और उनकी जरूरत को ध्यान में रखते हुए खसरा नंबर 125, 152 और 134 की समस्त जमीन का मालिकाना हक कब्जाधारियों को देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में जानकारी दी कि छछरौली में संबंधित जमीन पर बसे लोगों के कब्जे के आधार पर उनका विस्तृत रेकॉर्ड जांचा जाएगा। प्रशासन की टीम सर्वे करेगी। रेकॉर्ड के सत्यापन के बाद संबंधित जमीन का मालिकाना हक कब्जाधारियों को प्रदान करने की प्रक्रिया चालू कर दी जाएगी।

छछरौली से जुड़ी खास बात यह है कि देश की आजादी से पूर्व छछरौली कलसिया रियासत की राजधानी थी। सरदार गुरबख्श सिंह ने 1760 में यहां अपनी रियासत स्थापित की थी जो 435 वर्ग किलोमीटर में फैली थी। इस रियासत के अधीन 181 गांव थे। डेराबसी रियासत की तहसील थी। उस समय यहां अदालतें, खजाना, म्युनिसिपल दफ्तर किले में ही होता था। रियासत को सरदार सरकार के नाम से जाना जाता था। 1908 में इसके सरदारों को राजा का दर्जा मिला।

# प्लांट से निकलने वाली राख से राहत, 445 को मिले प्लॉट

■ NBT न्यूज, पानीपत



नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) में चल रहे 'सुनील कश्यप बनाम हरियाणा सरकार' मामले में जिला प्रशासन ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। पानीपत थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली राख से होने वाले स्वास्थ्य खतरों को देखते हुए खुखराना गांव को शिफ्ट करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

प्रशासन ने बताया कि गांव को शिफ्ट करने के लिए सब-तहसील मतलौडा के गांव सौंधापुर के पास 39.5 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। संबंधित किसानों को मुआवजे का भुगतान भी किया जा चुका है। पुनर्वास स्थल पर बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर विभाग ने विस्तृत जानकारी दी है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (UHBVN) ने नए गांव में बिजली का बुनियादी ढांचा तैयार कर दिया है। कन्ज्यूमर अब ऑनलाइन आवेदन कर बिजली कनेक्शन ले सकते हैं। पंचायती राज विभाग के अनुसार, सीसी सड़कें, ड्रेन, कम्युनिटी सेंटर, पार्क, श्मशान घाट के शेड और बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

### आगामी 3 महीनों में मिल जाएगी प्लॉट


खंड विकास और पंचायत अधिकारी (BDPO) की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रा प्रक्रिया के माध्यम से अब तक 445 लाभार्थियों को उनके आकार के अनुसार प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। लाभार्थियों को प्लॉट के आवंटन पत्र और भौतिक कब्जा देने की प्रक्रिया आगामी तीन महीनों में पूरी होने की संभावना है।

# फरवरी में ही लग रही अप्रैल-मई वाली गर्मी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पूर्वानुमान के** अनुसार यदि फरवरी के अंतिम दिन तापमान इसी तरह गर्म रहा तो यह फरवरी पिछले एक दशक में सबसे गर्म फरवरी में से एक रह सकती है। इस महीने का औसत तापमान 29 डिग्री के करीब रह सकता है। फरवरी में ही लोगों को धूप की वजह से अप्रैल और मई की गर्मी याद आ रही है।

फरवरी के बचे हुए दिनों में तापमान 30 डिग्री से अधिक ही रहने की संभावना है। बुधवार को राजधानी में कई जगहों का तापमान 30 डिग्री से अधिक रहा। दिनभर तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.1 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक है। हवा में नमी का स्तर 26 से 95 प्रतिशत तक है। लोदी रोड का अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री, रिज का 30.5 डिग्री, आया नगर का 30 डिग्री, गाजियाबाद का 30 डिग्री रहा। वहीं पालम का न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री, रिज का 14.8 डिग्री, राजघाट का 16 डिग्री, मयूर विहार 14.2 डिग्री रहा।



राजधानी के शांति पथ में चल रहे ट्यूलिप शो में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं लोग

पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय कुहासा रहेगा। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री तक रह सकता है। 27 व 28 फरवरी को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 से 17 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद 1 से 3 मार्च तक आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 से 17 डिग्री तक रह सकता है।

## दिल्ली में प्रदूषण रहा खराब, कुछ दिन में होगा सामान्य

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** प्रदूषण का स्तर बुधवार को खराब रहा। यह अगले कुछ दिन खराब ही रहेगा। मार्च की शुरुआत में खराब स्तर पर ही होने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 228 रहा। मुख्य प्रदूषक पीएम 10 और पीएम 2.5 रहे। राजधानी में हवाओं के चलने और मौसम लगातार शुष्क रहने की वजह से धूल का प्रदूषण बढ़ा है। वहीं फरीदाबाद का एक्यूआई 192, गाजियाबाद का 250, ग्रेटर नोएडा का 250, गुरुग्राम का 289 और नोएडा का 208 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 26 से 28 फरवरी तक प्रदूषण का स्तर खराब रहेगा। इसके बाद अगले छह दिनों यानी 1 से 6 मार्च तक इसका स्तर खराब से सामान्य स्तर पर बना रहेगा। बुधवार को हवाओं की गति 10 से 16 किमी प्रति घंटे रही। गुरुवार को 10 से 20 किमी प्रति घंटे, शुक्रवार को 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रह सकती है।




# दिल्ली में महज 6.4% लोग ही कार में चलते हैं: CSE


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राजधानी में** महज 6.4% लोग कार से चलते हैं जबकि अब भी 38.9% लोग नॉन मोटराइज्ड वीकल का इस्तेमाल करते हैं। वहीं दिल्ली की प्लानिंग कारों के हिसाब से होती है। फ्लाईओवर बन रहे हैं, सड़कें चौड़ी हो रही हैं जबकि नॉन मोटराइज्ड वीकल (साइकिल और पैदल) चलने वालों के लिए न तो फुटपाथ है न जगह है। यह कहना है सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की चीफ सुनीता नारायण का। वह CSE के वार्षिक कार्यक्रम अनिल कुमार अग्रवाल 2026 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद दिल्ली जैसे शहर में सड़कों पर 90% जगह कारें घेर रही हैं। जबकि मेन सिटी में इन कारों में महज 6 से 15% लोग ही चल रहे हैं। बड़े शहरों में भी 40% लोग साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं या पैदल चल रहे हैं।

> 38.9% अब भी नॉन मोटराइज्ड वीकल का इस्तेमाल कर रहे हैं

उन्होंने बताया कि देश भर में जनवरी से नवंबर 2025 के दौरान 99% दिनों में कहीं न कहीं तीव्र मौसमी घटनाएं हुईं। कुल 334 दिनों में से 331 दिन यह मौसमी घटनाएं हुईं। इनमें से 320 घटनाएं अत्यधिक बारिश और इससे जुड़ी बाढ़ और भूस्खलन की थीं। 228 घटनाएं बिजली गिरने और आंधी की, 52 घटनाएं लू, 46 घटनाएं शीत लहर या दिन में शीत लहर की, 19 घटनाएं बादल फटने की और तीन घटनाएं स्नोफॉल और साइक्लोन की थीं।

कार्यक्रम के दौरान CSE ने अपनी रिपोर्ट स्टेट ऑफ इंडियन एनवायरमेंट (SOE) का विमोचन किया। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस दीपक गुप्ता और पर्यावरण मंत्रालय के पूर्व सचिव अशोक लवासा भी मौजूद रहे। SOE में बताया गया है कि जीवाश्म ईंधन (मुख्य रूप से कोयला) की वजह से महासागरों में खारापन बढ़ा है। औद्योगिक युग की शुरुआत से समुद्री सतह का खारापन 30 से 40 % बढ़ चुका है। बढ़ता खारापन उन कोरल, मोलस्क और प्लवकों के लिए खतरा है जो कैल्शियम कार्बोनेट के खोल या कंकाल बनाते हैं।



## दिल्ली में बारिश और आंधी जानलेवा

जनवरी से नवंबर 2025 के डेटा पर नजर डालें तो दिल्ली में आंधी और बारिश जानलेवा साबित हो रहा है। दिल्ली में इस दौरान भारी बारिश की तीन घटनाओं में 9 लोगों की जान गई। वहीं आंधी की पांच घटनाओं में 6 लोगों की जान गई। चार दिन लू चली, लेकिन यह जानलेवा साबित नहीं हुई। सुनीता नारायण ने कहा कि जलवायु संकट अब उस जगह पहुंच रहा है जहां से वापसी संभव नहीं होगी। यदि हम बीते तीन सालों का औसत लें तो दुनिया पहली बार 1.5 डिग्री से अधिक तापमान को पार कर जाएगी। यह संकेत है कि हम सुरक्षा की निर्धारित सीमा का उल्लंघन कर रहे हैं।

# पीयूष मिश्रा के शो के लिए आज ही बुक करें सीट




**दिग्गज ऐक्टर** पीयूष मिश्रा ने अदाकारी के साथ-साथ अपनी गायकी से भी सबका दिल जीता है। उनका गाना 'आरंभ है प्रचंड' इतना फेमस हुआ कि अब तक उन्होंने जितने भी शो किए सभी हाउसफुल रहे। इसके साथ ही उन्होंने अपने खास गानों की श्रृंखला से हर किसी का दिल जीता है। अगर आप भी उनके शो का इंतजार कर रहे हैं, तो नवभारत टाइम्स लेकर आया है पीयूष मिश्रा के साथ आरंभ 2.0 इंडिया टूर, जिसके तहत अब दिल्ली में उनका कॉन्सर्ट होने जा रहा है। 7 मार्च 2026 को शाम 7 बजे **एनएसयूआई: एग्जीबिशन ग्राउंड, गेट नंबर 6, ओखला** में वह परफॉर्म करने वाले हैं। सबसे खास बात है कि इस शो में वह अपने गाने 'आरंभ' का नया वर्जन आरंभ 2.0 भी परफॉर्म करेंगे। अगर आप भी इस खूबसूरत और दिल को छूने वाले शो में शामिल होना चाहते हैं तो ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपनी सीट बुक करें। (नियम व शर्तें लागू)

नॉर्थ ईस्ट की लड़कियों पर नस्लीय टिप्पणी करने का मामला

# कमेंट करने वाले दंपती को 15 दिन के लिए भेजा जेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नॉर्थ ईस्ट** (पूर्वोत्तर) की तीन लड़कियों पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपी एक दंपती को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने बुधवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दंपती को साउथ दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में रहने वाली अपनी तीन पड़ोसियों पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने रूबी जैन और उसके पति हर्ष को गिरफ्तार कर बुधवार को अडिशनल सेशन जज समर विशाल के सामने पेश किया, जहां से उन्हें 11 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, 20 फरवरी को किराये के मकान में रिपेयरिंग के काम को लेकर हुए विवाद के दौरान रूबी जैन ने अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

पुलिस ने एफआईआर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा को भी शामिल किया है। पुलिस ने बताया कि शुरू में मामला भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया था, जिनमें आपराधिक धमकी, महिला की गरिमा का अपमान और अलग-अलग गुटों या समुदायों के बीच नफरत फैलाने से संबंधित आरोप शामिल हैं।



- पड़ोसियों के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने किया था गिरफ्तार
- पुलिस ने FIR में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा को भी जोड़ा

## नॉर्थ-ईस्ट की महिलाओं से दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं: रेखा गुप्ता



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर में नॉर्थ-ईस्ट की महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट से आई बहनों का दिल्ली में उतना ही अधिकार है जितने अन्य राज्यों से आए लोगों का है। जिन्होंने उनके साथ बदसलूकी की है उन दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दिल्ली सचिवालय में नॉर्थ-ईस्ट की उन पीड़ित युवाओं के साथ मुलाकात करके उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

सीएम ने कहा कि मालवीय नगर में नॉर्थ ईस्ट की हमारी बहनों के साथ दुर्व्यवहार की घटना मेरे संज्ञान में आया था। आज उसमें पीड़ित युवाओं से मैंने मुलाकात की है। देश के सीमावर्ती राज्यों से आकर दिल्ली में मेहनत करके अपना जीवनयापन करने वाले ये लोग दिल्ली को भी गति देते हैं।

Authorised Reseller

croma A TATA Enterprise

# croma Everything Apple

Up to ₹12,000* Exchange Bonus | Earn up to 10% TATA NeuCoins*



iPhone 17 Starting ₹48,742* ₹4,145* per month



iPhone 16 Starting ₹37,990* ₹2,222* per month



MacBook Air (M4) Starting ₹60,911* ₹2,746* per month



iPad (11th Gen) Starting ₹30,766* ₹1,365* per month



AirPods Pro 3 Starting ₹23,900* ₹1,079* per month



WATCH SE 3 (40mm | GPS) Starting ₹23,123* ₹2,791* per month

*Sale Price inclusive of exchange/ cashback or both

Scan to locate us

Rush to croma Store | croma.com | TATA NEU | Tribe by Croma

Up to 10% Savings* on Apple Products with HDFC BANK | TATA NEU CARD


Up to ₹5,000* Instant Discount on select Cards AXIS BANK ICICI Bank | Up to ₹5,000* Cashback on Select Finance Partners

Now Open @ Ambedkar Road, Ghaziabad | Pacific Mall, Faridabad | 55+ Stores across Delhi NCR

*The prices mentioned are for one unit of the product | The prices shall be subject to cashback offers/discounts provided by participating banks or Croma or exchange value of your old product and exchange bonus or all of the above, as applicable | Cashback offer valid on regular and EMI transactions of select Bank Cards/Consumer Finace | Processing fees shall be applicable as levied by participating banks and consumer finance | Exchange offer valid only in stores | MacBook Sale Price is inclusive of Discount for students & teachers | Limited period offer until stocks last | MRP is inclusive of all taxes | Two offers cannot be clubbed | For further details, visit stores | T&C Apply

# तालकटोरा गार्डन: टूटती दीवारें, उखड़ती विरासत

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली



बांध की टूट चुकी है दीवार, मेहराबों से उखड़ रहा है प्लास्टर



**दावों में चल रही मरम्मत, जमीनी हकीकत में सिर्फ मलबे का ढेर**

18वीं शताब्दी में बने तालकटोरा गार्डन के बांध की दीवार पिछले साल सितंबर महीने से टूटी पड़ी है। उसके मेहराब और उससे जुड़ी दीवार के अवशेषों का करीब 10 साल से रिनोवेशन नहीं होने के कारण ये भुतिया खंडहर बन गए हैं। इससे मुगलकालीन चारबाग शैली में बने इस गार्डन की रौनक बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

मध्यकाल में मुगल बादशाह मुहम्मद शाह (1719-48 AD) के बनवाए तालकटोरा गार्डन के संरक्षण की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग की है। बांध की दीवार टूट गई है। मेहराब और मंडपों के प्लास्टर उखड़ रहे हैं। बहुत बड़ी जगह पर मोटी ईंटें दिखाई दे रही हैं। इसके साथ की दीवारों का भी यही हाल है। उन पर हुई पुताई बहुत पुरानी होने के कारण बदसूरती में इजाफा कर रही है। बताया जाता है कि रिनोवेशन का काम 2015-16 में कराया गया था। पुरातत्व विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मरम्मत का काम चल रहा है। NBT ने मौके पर जाकर देखा कि वहां कोई काम नहीं चल रहा था। मंदिर मार्ग क्षेत्र में रहने वाले प्रीतम धारीवाल ने बताया कि इस महीने के दूसरे हफ्ते में एक-दो दिन दो मजदूर नजर आए थे। वे बांध की दीवार का मलबा उठाकर चले गए। उसके बाद से कोई नहीं आया है। उन्होंने बताया कि गार्डन के मुगलकालीन अवशेषों के संरक्षण के लिए गंभीरता से काम नहीं हो रहा है। बांध की दीवार टूटने के बाद कई बार शिकायतें के बावजूद एक्शन नहीं हो रहा है।

अरावली की पहाड़ी की तलहटी में बहने वाले नाले के पानी का भंडारण करने के लिए मुहम्मद शाह शासनकाल के दौरान यहां एक तटबंध का निर्माण किया गया था। इसकी वास्तुकला में विशिष्ट लाल बलुआ पत्थर की नक्काशीदार जाली और ब्रैकेट की विशेषता है। मेहराबों के ऊपर विशिष्ट पुष्पीय और सजावटी मोल्डिंग भी दिखाई देती है। मंडपों और छतरियों के ऊपरी भाग पर उल्टे कमल की आकृति का इस्तेमाल किया गया है, जो मुगल काल की एक विशिष्ट विशेषता है।

कैसे पड़ा तालकटोरा नाम: ताल का शाब्दिक अर्थ तालाब है और कटोरा का अर्थ 'कटोरा' है, जिसका मतलब कटोरे के आकार का तालाब है।

# यूथ कांग्रेस अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में रेल रोको प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन कर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और अन्य पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। नेताओं ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पूरी तरह अलोकतांत्रिक है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गिरफ्तार नेताओं को रिहा नहीं किया गया तो देशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

## प्रदेश अध्यक्ष ने असंवैधानिक कहा

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्ष सहित अन्य संगठन के साथ बैठक की और बाद में दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के धरने में भी पहुंचे। यादव ने कहा कि बीजेपी की तानाशाह सरकार द्वारा युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पूरी तरह गैर कानूनी और असंवैधानिक है। देवेंद्र यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण तरीके से अहिंसा पूर्वक देश विरोधी निर्णयों के खिलाफ अपनी अभिव्यक्ति रखने पर बीजेपी सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करेगी तो हम डर कर चुप बैठने वालों में से नहीं हैं।

# अपहरण कर ली जान, दो सगे भाई गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, अमन विहार: रोहिणी में एक शख्स की अपहरण के बाद हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय अजय कुमार के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 10% प्रति माह के ब्याज पर अजय कुमार से चार लाख रुपये का लोन लिया था। वह लोन चुका नहीं पा रहे थे। इसलिए उन्होंने अजय की हत्या की योजना बनाई। बाद में पुलिस ने इनकी निशानदेही पर अजय कुमार का शव नजफगढ़ नाले से बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। एडिशनल सीपी राजीव रंजन के मुताबिक 20 फरवरी को अमन विहार थाना पुलिस को अजय कुमार के लापता होने की सूचना मिली। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। जांच में पता चला कि अजय को आखिरी बार अपनी बाइक पर प्रेम नगर-II में एक घर से निकलते हुए देखा गया था। पुलिस ने इलाके में लगे CCTV कैमरों के अलावा टेक्निकल सर्विलांस की मदद से अजय के बारे में जानकारी जुटाई।

**नजफगढ़ नाले से पुलिस ने बरामद किया शव**

# 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए प्रयत्नशील रहें। कारोबार के लिए छोटे मोटे पार्ट टाइम कार्य के लिए समय निकालना आसान रहेगा। काफी स्पर्श के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। शाम के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। यात्रा का योग भी बन रहा है।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी आकस्मिक उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रभी की इन बातों को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन किसी बहन भाई की चिंता व्यतीत होगा, क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए तत्पर रहते हैं। आज भी यह चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं। इससे भविष्य में आपको लाभ हो सकता है। मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अधिकतर आपका पैसा नहीं छोड़ रही है। नौकरी, व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा। शाम में तेजी लानी होगी।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आपकी राशि का स्वामी पंचम घर में आ चुका है, मंगल के साथ पाप के प्रभाव में है। इसलिए विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। हालांकि, उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुभव आपको प्राप्त होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। गुरु के कारण कुछ परेशानियां तो काल्पनिक हैं ही कुछ आप अपने अहंकारी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधी खड़े हो सकते हैं। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। इसलिए मन की दुर्बलता व दुर्गुणों का त्याग करें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अप्रत्याशित लाभ होगा। अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न करें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात के समय मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मिलेगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। यह चाल भाग्य निवास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। अथवा नियंत्रित के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मनोरंजन का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी-देवगुरु बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन व अध्यात्म में रुचि बहुत स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपये उधार न दें वरना नहीं मिलेगा। माता-पिता और गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। कचहरी क्षेत्र में राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। वर्ष में यह पाद मध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। अप्रैल, मई और जून पुलिसिया शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। कुशल जातकों के भाग्य का उदय जुलाई से लेकर अगस्त तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों के बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। सितंबर, अक्टूबर में कुछ अनावश्यक प्रवासों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कामों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष नवंबर में अपने काम काज का विस्तार करेंगे। जो जातक नौकरी पेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर तबादला भी दिसंबर, और जनवरी तक मामूली प्रयासों से हो जाएगा। 1 फरवरी 2027 से लेकर 28 फरवरी तक सभी वित्तीय सामान्य सुखद रहेंगे। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है इसलिए श्री सुंदरकांड पाठ एक नियत समय में 8 बजे के बाद गुड़ घी का दीपक जलाकर 40 दिन तक करें। शनिवार को शाम के समय पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


## कल का पंचांग
(शुक्रवार, 27 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 8, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ला एकादशी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 16, रमजान 9, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 27 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक एकादशी तिथि रात 10 बजकर 33 मिनट तक के बाद द्वादशी तिथि का आरंभ। आर्द्रा नक्षत्र पूर्वाह्न 10 बजकर 49 मिनट तक के बाद पुनर्वसु नक्षत्र का आरंभ। आयुष्मान योग शाम 7 बजकर 44 मिनट तक के बाद सौभाग्य योग का आरंभ। वणिज करण पूर्वाह्न 11 बजकर 34 मिनट तक के बाद बव करण का आरंभ। चंद्रमा अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 53 मिनट तक मिथुन के बाद कर्क राशि पर संचार करेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 2 | 4 | 5 | |
| | | 2 | 6 | | | 7 | | |
| | | | | 5 | | | | |
| 6 | | | 1 | | 3 | 9 | | |
| | 5 | 9 | | | | 1 | 7 | |
| | | 3 | 5 | | 8 | | | 4 |
| | | | | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 5 | 2 | | |
| | 4 | 1 | 8 | | | | 6 | |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बड्डूथ बुझबक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 चौरस |
| 13:30 भ से भाई | |


TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
प्रशासन
कार्यकारी अधिकारी

**NORTH** West Delhi based Co.reqd. a Retired Govt. Employee for Tender process (M/F) & Office Executive (M/F) Having Computer Knowledge. salary 20k . Mail CV : aryaartcentre@gmail.com

विपणन, विज्ञापन और बिक्री
सामान्य

**RMM** STONES looking for Marketing Ex Loc: Delhi/Ggn/Meerut/North India 3 yrs exp (Marble/Tiles/Bldg Mat) 25-35k. Call 9312092070

अन्य रिक्तियां
चालक

**आवश्यकता** है लग्जरी गाड़ियों हेतु कार रेंटल कंपनी को कमर्शियल लाइसेंसधारी ड्राईवरों की, मासिक वेतन रु 24,000 संपर्क करें Ten Travels महिपालपुर दिल्ली,# 880-0022010, 9953555090, 9999666615

एकाधिक रिक्तियां

**Jain Co-operative Bank Ltd.**
80, Darya Ganj, New Delhi-110002
Require on Contract basis:
**Branch Manager:** Graduate, min 5-8 years of Banking experience is must require. Salary-35k-40K.
**Officer:** Graduate, Bank / Finance experience required, Minimum 3 - 5 years of experience required. Salary - 30k.
**Clerk:** Graduate (preferable commerce background) and minimum 1-2 years of experience. Salary - 23k.
Please send your CV to establishment@jainbank.com up-to 09.03.2026. Shortlisted candidates will be called for an interview.
Manager - Establishment

पार्ट टाइम जॉब

**REPTD** MNC reqd leadership Profile for Rtrd/ VRS/Banker/ PSU/Self Emp/ H.wife Age 35 to 75 Part/Full time. Fix + Inc. Income 50K. # 9654624101.

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I Sadashiv Biniwale S/O, Wamanrao Biniwale R/o A 203, Mainland Valencia, Kesnand Road, Wagholi, Po: Wagoli, Pune, Maharashtra, 412207 have changed my name to Sadashiv Wamanrao Biniwale.

TO BOOK YOUR RECRUITMENT ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN QR CODE

BUSINESS CONNECT TIMES interact






टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

**स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज**
(सार्वजनिक उद्यमों का एक शीर्ष निकाय)
स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
फोन: 011-24360208

**"ई–निविदा सूचना"**
स्कोप कॉम्प्लेक्स के परिसरों की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए एनआईटी में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों के अनुसार पात्र प्रतिष्ठित, विशेषज्ञ ठेकेदारों से ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
स्कोप कॉम्प्लेक्स में लगाए गए इलेक्ट्रॉनिक्स इक्विपमेंट के लिए एएमसी।
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया SCOPE की वेबसाइट www.scopeonline.in और https://scope.ewizard.in पर जाएं या ऊपर बताए गए पते पर संपर्क करें। ई–टेंडरिंग सहायता के लिए– 9355030616, 9355030630.
सभी इच्छुक पार्टियों को सलाह दी जाती है कि आगे किसी भी नवीनतम जानकारी जैसे तिथियों में संशोधन (यदि कोई हो) आदि के लिए नियमित आधार पर उपरोक्त वेबसाइट देखते रहें।
समूह महाप्रबंधक (टेक. एवं एफआर)

न्यायालय सूचना

**IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (CIVIL APPELLATE JURISDICTION)**
Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure
RFA No. 301/2025 And CM No. 23635/2025
Appeal against the Order dated 12.02.2025 Passed by Sh. Anil Kumar Paswan, Ld. District Judge-04 (East) Karkardooma Courts, Delhi in Suit No. 348/2016
JUDESH ... APPELLANT(S)
VERSUS
ASHOK KUMAR SETH & ORS. ... RESPONDENT(S)
Notice to: Respondent(s):
2. SAROJ W/O SH. LATE ASHOK KUMAR H.NO.8/2528, GALI NO.18, KAILASH NAGAR, DELHI-110031
3. MANOJ KUMAR R/O LATE SH. BABU RAM R/O A-18, GALI NO.1, ARJUN NAGAR, DELHI-110032
4. USHA W/O LATE SH. MANOJ KUMAR AGGARWAL R/O PLOT NO.162, FIRST FLOOR, PKT 14, SECTOR-24, ROHINI, DELHI-110085
Whereas the above-noted appellant has presented an appeal under Section 96 CPC along with the above-mentioned application which was listed before the Court on 23.04.2025 and the Court ordered issuance of notice to you. And whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that you cannot be served in the ordinary manner. Notice is hereby issued that, if you wish to defend the above-mentioned application, you may cause an appearance to be entered on your behalf either personally or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the Court of Worthy Registrar (Appellate) on 11.03.2026 (actual) at 11:00 a.m.
If no appearance is made on your behalf, by yourself, your pleader or someone by law authorized to act for you in the above mentioned appeal and pending application on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said application will be given and the same will be heard and determined ex-parte in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court on this 12th day of February, 2026.
Assistant Registrar (Appl.)(Civil) for REGISTRAR GENERAL

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(ORDER V, RULE 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF SH. DEVENDER KUMAR, DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT-01), ROOM NO. 209, NEW BUILDING KARKARDOOMA COURTS DELHI
CS COMM. NO. 17/2025
TITLE: BHARTI BHAWAN PUBLISHERS AND DISTRIBUTORS VS. ASHOK JAISWAL
To,
ASHOK JAISWAL, PROPRIETOR M/S JAISWAL ENTERPRISES, BLOCK J, CN-27, BEHIND GURUDWARA EAST VINOD NAGAR, MAYUR VIHAR PHASE-2, DELHI-110091
ALSO AT C.N. -57, EAST VINOD NAGAR, BEHIND NEELAM MATA MANDIR, MAYUR VIHAR-02, NEW DELHI-110091
ALSO AT: JAISWAL ENTERPRISES, GROUND FLOOR, C/O INDUS VALLEY PUBLIC SCHOOL, PLOT NO. 1, INSTITUTIONAL AREA, BLOCK-A, SECTOR-62, NOIDA, GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH-201301
ALSO AT: SHOP NO. 6, SECOND FLOOR, PLOT NO. 152, SARLA TOWER, OPP. IIM NOIDA CAMPUS, VILLAGE KHORA, DISTRICT-GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201309
MOBILE NO. +91-9968588116, +91-9999794142
EMAIL ID: jaiswalashok737@gmail.com
Whereas...... has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, your shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reasons to be recorded in writing and on payment of such costs as the Court deems fit, but which shall not be later than 120 days from the date of service of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statement and the Court shall not allow the written statement to be taken on record.
You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on the 03th day of MARCH, 2026 at. 10.00 O' clock in the noon, to answer the claim; and further you are hereby to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of you defence or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.
Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court this 03TH day of FEBRUARY 2026.
JUDGE
District Judge (Commercial Court) East Karkardooma Courts, Delhi

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

**IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI**
(EXTRA Ordinary CIVIL WRIT JURISDICTION)
NOTICE UNDER ORDER V RULE 20 CPC
Writ Petition (Civil) 12481/2021 & CM APPL. 49145/2023
PRIYA AJIT SINGH & ORS. PETITIONERS
v
SOUTH DELHI MUNICIPAL CORPORATION & ORS. RESPONDENTS
Notice to
R-4: MR. VIPIN WIG, Resident of E-14/7, Second Floor (Rear Potion) Vasant Vihar, Delhi-110057.
Whereas the above mentioned petitioner has presented this petition under Article 226 &227 of the Constitution of India AND Whereas the said petition was listed before the Court on 29.10.2021 and the Hon'ble Court ordered for issuance of notice to you on various dates.
And Whereas on 20.01.2026 it has been proved to the satisfaction of this Court that you cannot be served in the ordinary manner. Notice is hereby issued to you by way of publication to cause an appearance to be entered on your behalf either in person or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the Court of Registrar on 02.03.2026 at 11:00 A.M.
Take further notice that in default of your appearance by yourself, your pleader or some other person authorized by law to act for you in the said Writ Petition on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said petition will be given to you in future and the said Writ Petition will be heard and determined ex-parte in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court on this 20th day of February, 2026.
Deputy Registrar (Writs) for Registrar General

**IN THE COURT OF MS. NEELOFER ABIDA PERVEEN, DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL) -01, ROOM NO.301, THIRD FLOOR, TIS HAZARI COURT EXTENSION BLOCK, DELHI-110054**
PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5 Rules 20 of the Code of Civil Procedures)
SUIT NO.: CS (Comm) No-1015/2025
LEVI STRAUSS & CO ...PLAINTIFF
VS
AJAY KUMAR & ORS. ...DEFENDANT
To
SUMIT @ SUMIT MANGLA S/O KHEM CHAND AT:56/64, 4TH, FLOOR, GALI NO.79, REGHAR PURA, KAROL BAGH, DELHI-110005
ALSO AT: HOUSE NO.209/7, GANDHI CHOWK, WARD NO.7 TOHANA (Rural)(96), TOHANA MADNI FATEHABAD HARYANA-125120.
Whereas you are intentionally evading the service of summon of the court it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 28.02.2026 the day fixed for the final disposal of the above mentioned case, it will be heard and determined as-ex-parte
Given under my hand and the seal of the Court, this 06.02.2026.
DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-01 TIS HAZARI COURTS, DELHI
Seal

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

tender & notices

**भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर – 8, छठा तल, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
निविदा आमंत्रण सूचना
आईटीडीसी विज्ञान भवन यूनिट, नई दिल्ली के लिए मिठाई और नमकीन की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
ऑनलाइन निविदाएं वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app से या वेबसाइट www.itdc.co.in पर दिए गए लिंक – निविदाएं > ई–निविदा के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती हैं।
निविदा जमा करने की तिथि में संशोधन/विस्तार या किसी अन्य जानकारी को केवल उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
प्रबंधक (एमएनएंडबी), आईटीडीसी लिमिटेड, विज्ञान भवन, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली, फोन नंबर 011–23022210
सबसे श्रेष्ठ आतिथ्य की ओर • Tourism • Travel • Hospitality

**DAV PUBLIC SCHOOL**
SECTOR-49, GURUGRAM-122018
PH. 0124-4227866, Website: www.dav49gurugram.org
TENDER NOTICE
Sealed tenders on item rates basis are invited from the eligible and experienced contractors for the following work on prescribed form available at the DAV Public School, Sector-49, Gurugram office from 26/02/2026 to 03/03/2026. The quoted tenders shall be received on or before 03/03/2026 up to 02:00 PM and shall be submitted on the 05/03/2026 before 11:00 AM.
NAME OF WORK: Construction Additional Building Classroom & Labs on 2nd & 3rd Floor Block-C at DAV PUBLIC SCHOOL, SECTOR 49, GURUGRAM.
Cost of Tender document: ₹5,000/- Cash / Card
SITE VISIT: Timing (Monday to Friday) from 02:00 PM to 04:00 PM.

HEALTH & WELLNESS

गुप्त रोगी मिलें
सेक्स रोगी
शुगर मोटापा
बचपन की गलतियां
बवासीर, सफेद दाग / सोरायसिस
आकाश दवाखाना
समय 10 – 7 तक
आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

बचपन की गलतियों से बने गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▶बदरपुर ▶दरियागंज ▶भजनपुरा ▶छतरपुर
9817469817

TIMES interact SPECIAL

**TRUST CAPITAL**
LOAN STARTS FROM 1 CRORE & ABOVE
INTEREST STARTS FROM 5.5% (ONWARDS)
★ SECURED LOAN
★ UNSECURED LOAN (ALL SECTORS)
★ PROJECT FUNDING
★ CHEQUE BASIS LOAN
★ NPA TAKEOVER
98949 35391 / 82705 01932
trustcapital02@gmail.com / www.trustcapitalfinanceindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL · PROPERTY · BUSINESS · RECRUITMENT, EDUCATION · CHANGE OF NAME, LOST & FOUND · SHOPPING · TENDER, PUBLIC NOTICE · SERVICES, VEHICLES, TRAVEL · BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

# TIMES ascent


## बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
(A Central University)

**रोजगार सूचना**

विज्ञापन संख्या: बीबीएयू/एनटी/01/2026 दिनांक: 21/02/2026

बीबीएयू, लखनऊ योग्य भारतीय नागरिकों से वित्त अधिकारी (Finance Officer) के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से पाँच वर्षों की अवधि के लिए अथवा सेवानिवृत्ति की आयु (62 वर्ष) तक, जो भी पहले हो, भरा जाएगा।

शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, ऑनलाइन एवं हार्ड कॉपी आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभ तिथि एवं अंतिम तिथि, सामान्य नियम एवं शर्तें आदि के विस्तृत विवरण तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bbau.ac.in का अवलोकन करें।

इस सूचना से संबंधित किसी भी अनुशेष सूचना/शुद्धिपत्र/नोटिस/अद्यतन जानकारी को केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किया जायेगा।

कुलसचिव

विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ-226025 वेबसाइट: www.bbau.ac.in

## वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो
भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था
निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

**इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**में**
**उप प्रबंध निदेशक**

आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव/सेवा आवश्यकता और अन्य नियमों एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत विज्ञापन देखें।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत उपलब्ध लिंक के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन कर सकते हैं या सीधे https://www.research.net/r/dmdiifcl2026 पर जा करके आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि: 23 मार्च, 2026 शाम 5:00 बजे तक**

नोट: शुद्धिपत्र सहित अतिरिक्त विवरण, यदि कोई हो, केवल ब्यूरो की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे।

## इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ENGINEERS INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
पंजीकृत कार्यालय: इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066

**इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड,** नवरत्न श्रेणी का सार्वजनिक उपक्रम तथा अग्रणी समग्र समाधान इंजीनियरिंग परामर्शी कंपनी, देश के विकास में योगदान देने और इस प्रतिष्ठित संगठन का हिस्सा बनने का उत्साह रखने वाले गतिशील कैरियर उन्मुख अनुभवी पेशेवरों के लिए अवसर प्रदान करती है।

ईआईएल को अपनी विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए निम्नलिखित पद के लिए उपयुक्त रूप से पात्र, अनुभवी और प्रेरित पेशेवरों की आवश्यकता है:

| पदनाम | वेतनमान (₹) | रिक्तियों की संख्या* | आरक्षण का विवरण |
|---|---|---|---|
| कनिष्ठ सचिव | 29000–120000 | 6 | 03 अनारक्षित, 01 अनुसूचित जाति, 02 अन्य पिछड़ा वर्ग |
| कुल | | 6 | |

*दिखाई गई रिक्तियों की संख्या केवल अनंतिम है। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण और छूट भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।

कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए कंपनी की वेबसाइट–http://www.engineersindia.com देखें। पात्र उम्मीदवार वेबसाइट पर **दिनांक 26.02.2026 को 00:00 बजे से दिनांक 12.03.2026 को 23:59 बजे तक** ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

भा.सं.वि./भर्ती/विज्ञापन/2025–26/16

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
राष्ट्र की रक्षा के लिए बेहतरीन तकनीक समाधान
(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)
(CIN: L32309KA1954GOI000787)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) एक नवरत्न कंपनी और पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स में एक प्रमुख भारतीय सरकारी लिमिटेड कंपनी है जिसने सैन्य रडार, नौसेना प्रणाली, हथियार और अग्नि नियंत्रण संचार, होमलैंड सुरक्षा, रणनीतिक संचार और मानव रहित प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पाद हैं। बीईएल में नियत अवधि के आधार पर ई-I श्रेणी में कार्यपालक पूर्व सैनिक (ईएसएम) की आवश्यकता है। विवरण इस प्रकार है:-

| पदों का विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|
| वरिष्ठ सहायक अभियंता, (ई-I श्रेणी) 15 वर्षों की नियत अवधि के लिए | विशाखापत्तनम-02, मुंबई-04, कोलकाता-01, चेन्नई-01 और आगरा-01, (कुल-09) |
| सहायक सुरक्षा अधिकारी, (ई-I श्रेणी) 15 वर्षों की नियत अवधि के लिए | जोधपुर-01 और बठिंडा-01 (कुल-02) |

अधिक जानकारी के लिए, कृपया http://www.bel-india.in पर CAREERS लिंक देखें।

वरि. उप महाप्रबंधक (मा.सं.)
दिल्ली कार्यालय

फोन: 011-61326017

## दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम)

**सांकेतिक विज्ञापन**

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, दिल्ली की जीवन रेखा, निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:–

| क्र. सं. | पदनाम | पद की संख्या | पद वेतनमान (आईडीए) | आधार | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैनेजर/ सेफ्टी | एक (01) | ₹ 25,000 – 80,000/– | सीधी भर्ती के आधार पर | 09.03.2026 |

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। विस्तृत रिक्ति अधिसूचना और पात्रता मानदंड, योग्यता, अनुभव, चयन की आयु सीमा, आवेदन आदि का विवरण दिल्ली मेट्रो की वेबसाइट www.delhimetrorail.com के कैरियर सेक्शन पर विज्ञापन संख्या डीएमआरसी/पेज/22/एचआर/2026 (222) के अंतर्गत उपलब्ध है।

महाप्रबंधक (मानव संसाधन)/परियोजना
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
मेट्रो भवन, फायर ब्रिगेड लेन,
बाराखंभा रोड, नई दिल्ली

विज्ञापन सं.: डीएमआरसी/983/2026

## जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
विशेष आर्थिक क्षेत्र
JNPA / SAGARMALA

**शुद्धिपत्र**

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण विशेष आर्थिक क्षेत्र (जेएनपीए सेज़) ने दिनांक 28/11/2025 के समाचार पत्र विज्ञापन द्वारा विभिन्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए थे। उक्त विज्ञापन के क्रम में 'मुख्य अभियान अधिकारी' (सीएचओ) पद का पुनः नामकरण 'अधीक्षक अभियान' किया गया है तथा योग्यता, अनुभव एवं कार्य क्षेत्र में संशोधन किया गया है। कृपया इसका संज्ञान लें और उक्त पुनर्नामित पद के लिए ही आवेदन (हार्ड कॉपी) पुनः आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन https://jnport.gov.in/ (लोकप्रिय लिंक पर क्लिक करें) पर उपलब्ध है।

जिन आवेदकों ने पूर्व में सीएचओ पद के लिए आवेदन किया था, वे संशोधित पात्रता मानदंड के अनुसार पात्र होने पर पुनः आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की हार्ड कॉपी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेएनपीए सेज़, उद्योग भवन, नवी मुंबई – 400707 को संबोधित होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 09/03/2026 सायं 5 बजे तक है।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 28/11/2025 के पूर्व समाचार पत्र विज्ञापन के अनुसार प्रबंधक (एचआर) एवं मुख्य प्रबंधक (वाणिज्य) पदों की भर्ती प्रक्रिया निरस्त की जाती है।

'अधीक्षक अभियान' पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जा सकता है, जिसकी सूचना पृथक रूप से संबंधितों को दी जाएगी।

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
विशेष आर्थिक क्षेत्र (ज.ने.प.प्रा.वि.आ.क्षे.)

## DAV PUBLIC SCHOOLS (UP ZONE-B)
Managed by:
DAV College Managing Committee, Chitra Gupta Road, New Delhi -110055
Email: dav.anandsaraswat@gmail.com Contact No. : 9627242460

*DAV Schools, Zone – B, UTTAR PRADESH invite applications from DAV CBT qualified Trained, Experienced & Computer savvy candidates with sound academic record, excellent communication skills, interest and proficiency in co-curricular activities for the following posts for the session 2026– 2027 :-*

**POSTS :** PGT, TGT, PRT, Pre Primary Teachers, Counsellor & Health and Wellness Teacher, Special Educator, UDC, LDC (Administration/ Accounts), Assistant, Front Office Asst / Receptionist, Lab Assistants wherever vacant in the schools of UP Zone B.

(Eligibility criteria as per DAVCMC / State / CBSE Norms). DAV CBT is not applicable for Special educator post.

The above mentioned posts are vacant in the following Schools of UP Zone – B.

| NAME OF THE SCHOOLS IN THE ZONE | WEBSITE |
|---|---|
| DAV Public School, ATP Colony ,Anpara, Dist. - Sonebhadra (U.P.) | www.davpsanpara.org |
| ND DAV Public School, Kumar ganj, Dist. - Ayodhya (U.P.) | www.davkumarganj.com |
| DAV Public Sr. Sec .School, Bina Project, Dist. - Sonebhadra (U.P.) | www.davpsbina.in |
| DAV Fertilizer Public School,Indira Dham, Babrala , Dist. - Sambhal (U.P.) | www.tcdavbabrala.org |
| DAV Public School, Brij Vihar, Dist. - Ghaziabad (U.P.) | www.davbrijvihar.com |
| DAV Public School, NTPC Vidyut Nagar, Dadri, Dist. – Gautam Budh Nagar (U.P.) | www.davntpcdadri.org |
| DAV Public School, Indira Nagar, Dist. - Lucknow (U.P.) | www.davlucknow.com |
| DAV HAL Public School, Korwa, Dist. - Amethi (U.P.) | www.halschoolkorwa.org |

The Candidates who have qualified DAV Computer Based Test (With Provisional Eligibility Certificate) in January 2026 will be eligible to apply for the above posts. The Job is transferable to DAV Public Schools across India. Final Selection will be made on the basis of demonstration & Subject / Panel Interview. Only short listed candidates will be called for interview. Mere submission of application and fulfillment of the minimum prescribed qualifications & experience will not vest any right on a candidate for being called for interview. The management reserves the right to call or not to call any of the candidates, to fill or not to fill any of the vacancies without intimation to the candidates.

For more details regarding vacancies, qualifications, age, experience and other eligibility conditions, prospective candidates may visit websites of the respective schools and submit their applications through Speed post / courier / by hand within 15 days from the publication of this advertisement with self-certified documents & latest Passport size photograph on the prescribed format which may be downloaded from the website of the School concerned.

Assistant Regional Officer, UP Zone – B

## पवन हंस लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

पवन हंस लिमिटेड, भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम और भारत की सबसे बड़ी हेलीकाप्टर कंपनी है।

कंपनी को अनुबंध के आधार पर परिणाम उन्मुख और गतिशील पेशेवरों की आवश्यकता निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतनमान | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक (वित्त एवं लेखा) | डब्ल्यूजी-5/सी-3 एवम वेतनमान रु. 24000 - 107000 | 02 |

विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिये कृपया कंपनी की वेबसाइट **www.pawanhans.co.in** पर **करियर** टैब पर लॉग इन करें।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 14.03.26

## SBI भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/24 (नियमित पद)

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|
| प्रबंधक (जोखिम विशेषज्ञ– जलवायु जोखिम) | 02 | एमएमजीएस-III |

आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 24.02.2026 से 16.03.2026 तक.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/25 (नियमित पद)

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|
| उप प्रबंधक– आईटी सुरक्षा विशेषज्ञ | 01 | एमएमजीएस-II |
| उप प्रबंधक – इमर्जिंग टेक्नोलॉजी | 04 | |
| उप प्रबंधक – साइबर सुरक्षा विश्लेषक | 02 | |
| उप प्रबंधक – घटना प्रबंधन और फोरेंसिक | 02 | |
| उप प्रबंधक – टेस्ट इंजीनियर्स | 03 | |

आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 24.02.2026 से 16.03.2026 तक.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/26 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|
| व्यापार विश्लेषक | 01 |

आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 24.02.2026 से 16.03.2026 तक.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/27

| पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|
| उप प्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 43 | नियमित (एमएमजीएस-II) |
| उप प्रबंधक (चार्टर्ड अकाउंटेंट-इंटरनल ऑडिट) | 61 | नियमित (एमएमजीएस-II) |
| एवीपी (आईएस ऑडिट) | 12 | संविदा |

आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 23.02.2026 से 15.03.2026 तक.

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US" → "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 23.02.2026 महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified Under Section 3 of the UGC Act)
*University for women: University with a difference*

**Banasthali Vidyapith** is the largest fully residential and 2nd highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan and having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

To carry forward its nine decade old legacy and to continue its march towards excellence, the premier university for women invites application for faculty positions

**➤Professor ➤Associate Professor**
**➤Assistant Professor ➤Research Faculty**

**from Bright, Dynamic & Committed academics and researchers preferably in the indicated areas of specializations but others are also welcome to apply.**

### SCIENCE & TECHNOLOGY
*** COMPUTER SCIENCE** Programming Languages, Algorithms, Theoretical Computer Science, Blockchain, Cryptography, Information Security, Multimedia and Web Technology, High Performance Computing *** ARTIFICIAL INTELLIGENCE** Artificial Intelligence, Machine Learning, Deep Learning, Internet of Things, Cyber Security, Big Data Analytics, Augmented & Virtual Reality, Cognitive Computing, Graphics & 3D Animation, Drone Technology *** ELECTRONICS** 5G, 6G Networks, VLSI Design, RF & Microwave *** ELECTRICAL ENGINEERING** Power System, Power Electronics, High Voltage DC/AC, Renewable Energy *** INSTRUMENTATION** Control & Instrumentation, Process Instrumentation, Industrial Automation & Instrumentation, Industrial Robotics *** AUTOMATION** Pneumatics, Hydraulic, Robotics, CAD, CAM & Robotics, Mobile Robotics, Cyber Physical Systems *** AVIATION** Aeronautics, Avionics, Aircraft Structure & Design *** MATHEMATICS** Computational Mathematics, Discrete Mathematics, Algebra, Mathematical Modelling, Geometry, Operations Research *** STATISTICS** Stochastic Process, Demography, Theory of Probability, Data Science *** PHYSICS** Nuclear Physics, Photonics, Quantum Physics *** BIOSCIENCE & BIOTECHNOLOGY** Biotechnology, Bioinformatics, Botany, Microbiology, Zoology *** CHEMISTRY** Inorganic Chemistry/General Chemistry *** PHARMACY** Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmacognosy, Quality Assurance.

### HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
***SANSKRIT *GERMAN *FRENCH *ENGLISH *JAPANESE *CHINESE *ARABIC *SPANISH *RUSSIAN *KOREAN *SOCIOLOGY * HISTORY** Medieval and Modern India *** PSYCHOLOGY * SOCIALWORK * ECONOMICS * POLITICALSCIENCE**

### EDUCATION
***EDUCATION** All Faculty for multiple units of B.A.B.Ed, B.Sc.B.Ed. (ITEP-Secondary & Middle), Pedagogy of Commerce, Physics and Computer Science for B.Ed. *** PHYSICAL EDUCATION (Coaches/ Instructors):** Aerobics, Gym Trainer, Rugby, Net Ball, Squash, Kho-kho, Wrestling, Gymnastics, Swimming (F), Mallakhamb, Band Instructor, Horse Riding Instructors, March-Past Instructors (Parade), Hockey, Karate-do, Fencing, Physiotherapy, Yoga, Weightlifting & Powerlifting.

### DESIGN, ARCHITECTURE, VISUAL ART & PERFORMING ARTS
*** DESIGN** Material Studies, Typography, Communication Designer, Graphic and Advertising Design, UI/UX and VR Designer, Fashion illustrator, Visual Merchandiser, Textile Technologists, Weaving & Loom expert, Tie-Dye & Textile Printing expert *** ARCHITECTURE** Registered COA Architects, Urban Design, Architectural Design, Research Pedagogy *** VISUAL ART** Drawing and Painting, Printmaking and Sculpture (Practical and Theory) *** DANCE** Odissi *** ACCOMPANIST** Mridangam, Tabla, Harmonium *** VOCAL ACCOMPANIST** for Bharatnatyam, Kathak, Manipuri Dance and Rajasthani Folk *** JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**

### COMMERCE & MANAGEMENT, LAW
*** FINANCE & ACCOUNTING * BANKING * HR * COMMERCE * MARKETING * AVIATION MANAGEMENT * BUSINESS ANALYTICS * ENTREPRENEURSHIP * SOFT SKILLS * BUSINESS LAW * IPR LAW * CONSTITUTIONAL LAW * CRIMINAL LAWS & FORENSICS**

### NURSING
*** NURSING (Tutor/Clinical Instructor in addition to above mentioned posts)** Obstetric & Gynecology, Human Anatomy & Physiology, Pharmacology, Pathology, Genetics, Microbiology, Biochemistry & Psychology.

**Qualifications as per UGC/AICTE/NCTE/INC/CoA/BCI norms and Salaries as per Seventh Pay Commission recommendations,** though Banasthali Vidyapith reserves the right to offer higher or lower salary commensurate with the quality of the applicant as perceived by the Selection Committee. Having said this compensation not a hurdle for competent applicants. Reservations as per Banasthali Vidyapith rules. Divyang/SC/ST candidates are encouraged to apply. **Workers must become habitual wearer of Khadi on appointment.** Applications duly supported by testimonials and recent resume/CV along with research publications with a passport size photograph should reach by **March 28, 2026** to:

**Secretary, Banasthali Vidyapith**
**P.O. Banasthali Vidyapith-304 022 (Rajasthan).**

The candidate can download the prescribed application form from the University website.

NAAC 'A++' 3.63 | THE | QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA | nirf | THE WEEK 2

**http://www.banasthali.org**

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
राष्ट्र की रक्षा के लिए बेहतरीन तकनीक समाधान
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
CIN: L32309KA1954GOI000787

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड,जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न उपक्रम तथा देश की अग्रणी व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनी है,अपनी गाज़ियाबाद कॉम्प्लेक्स हेतु निम्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है :–

| पद / ग्रेड | रोजगार का प्रकृति / कार्यकाल | योग्यता/न्यूनतम योग्यता उपरांत अनुभव (01.03.2026 तक) | पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | अधिकतम आयु सीमा (सामान्य/आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी के लिए 01.03.2026 को) | वेतनमान / अनुलब्धियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| चालक ग्रेड ग्रुप-III/ डब्ल्यूजी-III | स्थायी | हाईस्कूल (उत्तीर्ण) + रक्षा बलों में 15 वर्षों का ड्राइविंग अनुभव। | 03 (अनारक्षित-02, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल-01) | 43 वर्ष | ₹ 20,500/– 3% ₹ 79,000/- |
| हवलदार (सुरक्षा) ग्रेड ग्रुप-III/ डब्ल्यूजी-III | स्थायी | हाईस्कूल (उत्तीर्ण) + रक्षा बलों में 15 वर्षों की सेवा | 03 (अनारक्षित-01, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल-01, अनुसूचित जाति-01) | 43 वर्ष | ₹ 20,500/– 3% ₹ 79,000/- |
| कनिष्ठ सहायक (मा.स.) ग्रेड ग्रुप-IV/ डब्ल्यूजी-V | स्थायी | बीबीए/बीकॉम-कोई अनुभव आवश्यक नहीं | 01 (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) | 28 वर्ष | ₹ 21,500/– 3% ₹ 82,000/- |
| परियोजना अधिकारी-I | अस्थायी (तीन वर्ष की कार्यावधि हेतु, जिसे परियोजना की आवश्यकता व व्यक्ति के कार्य निष्पादन के आधार पर अधिकतम चार वर्षों (शुरुआती वर्ष सहित) तक विस्तारित किया जा सकता है) | इलेक्ट्रॉनिक्स विषय में बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. इंजीनियरिंग डिग्री (4 वर्षीय पाठ्यक्रम) + 2 वर्ष का संबंधित विभागीय औद्योगिक कार्य अनुभव | 07 (अन्य पिछड़ा वर्ग – एनसीएल – 02, अनुसूचित जनजाति-05) | 32 वर्ष | प्रथम वर्ष: ₹ 40,000/- द्वितीय वर्ष: ₹ 45,000/- तृतीय वर्ष: ₹ 50,000/- चतुर्थ वर्ष: ₹ 55,000/- |

आवेदन की अंतिम तिथि 15.03.2026 विस्तृत विवरण एवं बी.ई.एल में भर्ती संबंधी प्रासंगिक जानकारी हेतु बी.ई.एल की अधिकारिक वेबसाइट http://www.bel-india.in में दिये गए CAREERS लिंक को देखें।

उप महाप्रबंधक (मा. सं. व प्रशा.),
बीईएल, गाज़ियाबाद

'हर एक काम देश के नाम'

## हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(महारत्न सीपीएसई)
ADVT. NO. HPCL/OPEN/HR/3/2025-26
Delivering Happiness

नई विचारधारा. अनुभवी विशेषज्ञ.
एक सशक्त भविष्य. हमारे साथ जुड़ें

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक महारत्न केंद्रिय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई), ऊर्जा क्षेत्र में रोमांचक करिअर की तलाश कर रहे जोशीले और प्रतिभाशाली उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

महत्वपूर्ण तिथियाँ
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि
**25 फरवरी 2026**
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि
**25 मार्च 2026**

**उपलब्ध पदे**

**फ्रेशर्स**
ग्रेजुएट इंजीनियर्स | डिप्लोमा इंजीनियर्स | गुणवत्ता नियंत्रण | अग्निशमन एवं सुरक्षा | वित्त
मानव संसाधन | सूचना प्रणाली | हिंदी अधिकारी | कनिष्ठ कार्यकारी सहायक

**अनुभवी व्यावसायिक**
सुरक्षा अधिकारी | बिक्री | मा.सं. विधि | जैवईंधन | साइबर सुरक्षा | कंपनी सचिव | परियोजना
पेट्रोकेमिकल्स | हिंदी अधिकारी | एचएसएसई | सिटी गैस वितरण | ल्यूब ऑपरेशन्स

इस विज्ञापन के संबंध में ज्यादा जानकारी, पात्रता मापदंड एवं उससे जुड़ी जानकारी के लिए उम्मीदवार 25 फरवरी 2026 से https://hindustanpetroleum.com पर हमारे करियर पेज पर जा सकते हैं। इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल हमारी वेबसाइट के करियर पेज पर प्रकाशित किया जाएगा।

पंजीकृत कार्यालय : 17, जमशेदजी टाटा रोड, मुंबई - 400020
सीआयएन क्रमांक : एल23201एमएच1952जीओआई008858
/hpcl | /hpcl | /hpcl
www.hindustanpetroleum.com

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: cci Time: 02-25-2026 21:19 Color:



**मुस्कान: अकेलेपन की तकलीफ कम करे**
रिजेक्शन या अकेलेपन का दर्द भी शारीरिक चोट जैसा ही होता है। मुस्कान इस 'सोशल पेन' को कम कर सकती है, क्योंकि मुस्कुराना दिमाग को जादुई राहत का अहसास कराता है।

## विचार

अगर आप अपने काम का आनंद नहीं ले रहे हैं और मुस्करा नहीं रहे हैं, तो शायद आप गलत काम कर रहे हैं।
*- रिचर्ड ब्रैनसन* (Richard Branson)

## ज़रा हंस लें

पत्नी ने पति को फोन किया। पति: जल्दी बोलो, मैं बिजी हूं। पत्नी: एक अच्छी और एक बुरी खबर है। पति: अच्छी खबर सुना दो। पत्नी: हमारी नई गाड़ी के एयरबैग बिल्कुल सही से काम करते हैं।

## कविता

लक्ष्य मेरा भले ही कितनी दूर,
पर राह तो जानी पहचानी है।
भले ही हार मान ले पग मेरे,
पर मैंने तो हार ना मानी है।
छोड़ रहे साथ मेरा एक-एक करके,
साथ चले थे जिनके साथी जो सभी,
लेकिन मैं कैसे हार मान लूं,
लक्ष्य तो मेरा है दूर अभी।
रुकना है उसी लक्ष्य पर जाकर,
जिस लक्ष्य की मन में ठानी है।
**-राम मनोरथ, NBT रीडर**

**पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।**

**नदी पर लिखी कामयाबी की कहानी : मछली पालन को बनाया कमाई का जरिया**

# लहरों पर बोए बदलाव के बीज

Nida.Sayed
@timesofindia.com

■ **पणजी:** कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों, तो बहती हुई लहरों का रुख भी मोड़ा जा सकता है। गोवा की दो महिलाओं ने इस बात को सच कर दिखाया है। जहां लोग अक्सर नदियों को सिर्फ खूबसूरती के लिए देखते हैं, वहीं पोंडा की मारिया जोआना रोसारियो फर्नांडिस और कटोरिम (सालसेट) की सिल्विया फर्नांडिस ने इन्हीं लहरों के बीच अपने सपनों की 'खेती' शुरू कर दी है। मारिया और सिल्विया ने 'रिवर केज फार्मिंग' को अपनाया है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें नदी के बहते पानी के बीच बड़े-बड़े जाल (केज) लगाए जाते हैं और उनमें मछलियां पाली जाती हैं। यह सब मुमकिन हुआ केंद्र सरकार की 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' (PMMSY) की वजह से है।

पोंडा के पंचवाडी इलाके की रहने वाली मारिया फर्नांडिस ने अपनी शुरुआत 6 केज (पिंजरे) से की है। उन्होंने इसमें गोवा की सबसे पसंदीदा मछली 'परियन सीबास' यानी 'चोनक' को पाला है। मारिया का कहना है कि सरकार की सब्सिडी से स्टार्टअप का खर्च निकल गया और जो मुनाफा होगा उससे बाकी जरूरतें पूरी हो जाएंगी। मारिया को उम्मीद है कि उनकी पहली फसल करीब 2.5 टन की होगी, जिसे वे सीधे लोकल मार्केट में बेचेंगी ताकि लोगों को ताजी मछली मिले और उन्हें सही दाम।

वहीं कटोरिम की सिल्विया फर्नांडिस ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 12 केज लगाए हैं। वे सिर्फ चोनक ही नहीं, बल्कि 'पॉम्फेट' भी पाल रही हैं। सिल्विया बताती हैं कि मैं बहुत खुश हूं कि मैं इस सेक्टर में बिजनेस कर रही हूं। मैं दूसरी औरतों से भी कहूंगी कि वे आगे आएं, सरकारी योजनाओं का फायदा उठाएं और आत्मनिर्भर बनें।




**ब्लू रिवोल्यूशन:** महिलाएं 'रिवर केज फार्मिंग' को अपनाकर बन रहीं आत्मनिर्भर

**केंद्र सरकार की 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' से मिली सब्सिडी**

### सरकार का साथ और 'स्वयंपूर्ण गोएम' योजना

इन दोनों ही महिलाओं को फिशरीज डिपार्टमेंट की ओर से 10.8 - 10.8 लाख रुपये की सब्सिडी मिली है। अधिकारियों का मानना है कि मारिया और सिल्विया गोवा में 'ब्लू रिवोल्यूशन' की असली हीरो हैं। उनका यह बिजनेस न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि गोवा के 'स्वयंपूर्ण गोएम' मॉडल को भी मजबूती दे रहा है। आज मारिया और सिल्विया सिर्फ मछलियां नहीं पाल रही हैं, बल्कि वे गोवा की हजारों महिलाओं को यह सिखा रही हैं कि अगर आपके पास हुनर और सही दिशा है, तो आप अपने घर के पास बहती नदी से भी अपनी किस्मत बदल सकते हैं।

### क्या है रिवर केज फार्मिंग

यह मछली पालन की एक आधुनिक तकनीक है। इसमें नदी या झील के बहते पानी में बड़े-बड़े जालदार पिंजरे लगाए जाते हैं। इन पिंजरों के अंदर मछलियां पाली जाती हैं, जबकि बाहर नदी का प्राकृतिक पानी लगातार बहता रहता है। इससे मछलियों को साफ पानी, बेहतर ऑक्सिजन और वातावरण मिलता है। इस तकनीक से कम जगह में ज्यादा उत्पादन होता है।

# धुंधला नहीं होगा बचपन... स्कूल में ही बच्चों की आंखों की जांच करेंगे टीचर

**MCD और AIIMS की पहल पर 20 स्कूलों में शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**स्कूली बच्चों** की आंखों की जांच अब उन्हें पढ़ा रहे टीचर ही करेंगे। किस बच्चे को देखने में दिक्कत आ रही है, किसका विजन कमजोर है, अब स्क्रीनिंग उनके टीचर कर पाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एमसीडी के 20 प्राइमरी स्कूलों में इसे शुरू किया गया है। अगर यह प्रोजेक्ट सफल रहा तो दिल्ली के बाकी स्कूलों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी। एमसीडी के स्कूलों को यह ट्रेनिंग एम्स के एक्सपर्ट दे रहे हैं और जिन बच्चों में विजन कमजोर मिल रहा है, उसका इलाज भी एम्स द्वारा किया जा रहा है।

हाल ही में एमसीडी के प्राइमरी स्कूलों के टीचरों के लिए एक विशेष आई ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन एम्स के आई सेंटर में किया गया। इस ट्रेनिंग का मकसद टीचरों को बच्चों की आंखों की प्रारंभिक जांच की प्रक्रिया से अवगत कराना है, ताकि वे स्कूल स्तर पर विजन कमजोर संबंधी समस्याओं की पहचान कर बच्चों को समय रहते इलाज उपलब्ध करा सकें। एमसीडी के अनुसार 31 मार्च तक इन 20 स्कूलों में जांच पूरी कर जरूरी बच्चों को चश्मे दिए जाएंगे और पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इस योजना को पूरी दिल्ली में लागू किया जाएगा।

एम्स के आरपी सेंटर के आई एक्सपर्ट डॉ. प्रवीण वशिष्ठ ने बताया कि टीचर को ट्रेनिंग से बच्चों के विजन की कमी का जल्द पता चलता है। इसके लिए हम उन्हें एक कार्ड बोर्ड देते हैं, जो अलग अलग साइज के होते हैं। स्क्रीनिंग और लक्षण के आधार पर ऐसे बच्चों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और आगे की जांच के लिए रेफर करना होगा।








**एम्स की टीम टीचरों की ओर से शॉर्टलिस्ट किए बच्चों की जांच कर उन्हें चश्मे और इलाज उपलब्ध कराएगी। बच्चों की समय रहते जांच कर ली जाए, तो भविष्य में गंभीर दृष्टि समस्याओं से बचा जा सकता है।** *- डॉ. प्रवीण वशिष्ठ, एम्स*

### AIIMS की टीम चश्मे देगी, इलाज भी करेगी

टीचर अपने स्कूलों में ऐसे बच्चों की लिस्ट तैयार करेंगे, जिनकी नजर कमजोर होने का पता चलेगा। इनकी बाद में एम्स के डॉक्टर विस्तृत जांच करेंगे। जिन बच्चों को चश्मे की जरूरत होगी, उन्हें चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे और जिन्हें इलाज की जरूरत होगी, उनका इलाज किया जाएगा। यह रुटीन जांच है, जो एमसीडी के एजुकेशन विभाग की पहल पर की गई।




PTI

## वर्ल्ड वॉर की गवाह 'गीतांजलि' फिर निकली सैर पर

**कोलकाता की धड़कन और विरासत का प्रतीक..** शहर के ट्राम नेटवर्क के 153 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगलवार को एक 'हेरिटेज रन' आयोजित हुआ। इस ऐतिहासिक मौके पर सेकंड वर्ल्ड वॉर के दौर की बनी लकड़ी की विशेष ट्राम नंबर 498 'गीतांजलि' फूलों से सज-धजकर सड़कों पर उतरी। कोलकाता की रूह को संजोए यह जादुई सफर।

**पैरा हॉर्स राइडर आकाश गोकर्ण बिना रैंप के खुद चढ़ते हैं घोड़े पर**

# एक हाथ से थामी लगाम, घुड़सवारी में बनाया नाम

Sharmila.Ganesan
@timesofindia.com

■ **सिर पर** हेलमेट, शर्ट पर 20 नंबर की नियॉन वेस्ट और अपने घोड़े "डोरी" को पुश दिलाते नवी मुंबई के पैरा हॉर्स राइडर आकाश गोकर्ण कर्जत में 20 किमी राइड की तैयारी कर रहे थे। मौका था हफ्वीट मैराथन स्टेट ओपन एंड्योरेंस चैंपियनशिप का। बिना रैंप या सहारे खुद घोड़े पर चढ़ते देख एक राइडिंग इन्फ्लुएंसर ने पूछा- 'एक हाथ से राइड करने में क्या लगता है?' आकाश खुद को 'पेशे से बैंकर और जुनून से राइडर' कहते हैं।

बचपन में वैक्सीन लगवाने के बाद गैंगरीन हो गया था, जिसकी वजह से उनका बायां हाथ आंशिक रूप से काटना पड़ा। वह एमेच्योर राइडर्स क्लब (ARC) के इकलौते पैरा राइडर हैं। हफ्ते में तीन दिन सुबह 4:05 बजे उठकर नेरूल से ट्रेन पकड़ते हैं और 6:45 बजे तक अभ्यास स्थल पहुंच जाते हैं।

टूव्हीलर लाइसेंस न मिलने की निराशा को उन्होंने घुड़सवारी में बदल दिया। 2024 में ARC जॉइन कर प्रोफेशनल ट्रेनिंग शुरू की। बिना रैंप खुद चढ़ते हैं, कोर स्ट्रेंथ से बैलेंस बनाते हैं। हर राइड से पहले और बाद डोरी को झुककर धन्यवाद देते हैं- कहते हैं, 'घोड़े पर बैठते ही लगता है, दुनिया की चोटी पर हूं।'






आकाश गोकर्ण पेशे से हैं बैंकर और पैशन से राइडर

### फिनिश लाइन तक की जिद

8 फरवरी को कर्जत में जब वह झीलों, पहाड़ियों, मवेशियों और मालवाहों के बीच से दाहिने हाथ में लगाम थामे निकले, तो लोग देखते रह गए। सुबह 11:03 बजे उन्होंने फिनिश लाइन पार की। हालांकि, वह कट-ऑफ टाइम से 3 मिनट लेट थे। मोच आए कंधे को पकड़े हुए वह अस्तबल के पास बैठ गए। ब्रडड ज्यूरी के प्रेसिडेंट कर्नल अशोक यादव ने उनका हौसला बढ़ाया। कहा कि जीतना नहीं, अनुभव जरूरी है। खत्म करना ही जीत है।

### जीत से ज्यादा सफर अहम

अगर भारत में सही स्ट्रक्चर बने तो आकाश प्रतियोगिताओं में उतरने के लिए तैयार हैं। फिलहाल उनके लिए फिनिश लाइन तक पहुंचना ही बड़ी जीत है, चाहे असली हो या जिंदगी की। वह कहते हैं, 'जो लोग दिव्यांगता या डर की वजह से निराश हैं, वे एक बार कोशिश जरूर करें। अपनी सीमाएं आगे बढ़ाएं। अगर इससे आपको अंदर से खुशी मिलती है, तो वही काफी है।'

# यमुना में बाढ़ रोकने के लिए अपनाया जाएगा जापान का मॉडल


Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** यमुना में साल 2023 में आई भयंकर बाढ़ जैसे हालात फिर से दिल्ली में न बनें इसके लिए जापान के मॉडल को अपनाने पर विचार किया जा रहा है। जापान ने 20 साल पहले टोक्यो के आसपास की नदियों में आने वाली बाढ़ से बचाव के लिए लंबी सुरंगों के माध्यम से उनका पानी अंडरग्राउंड रिजर्वायरों में मोड़ दिया था, जिससे अब खेती होती है। भारी बारिश के बाद भी नदियों के किनारे पानी रोकने के लिए जो ऊंचे-ऊंचे बांध बनाए गए हैं, उनके ऊपर से पानी नहीं बह पाता है। इसके अलावा यमुना के ऊपरी प्रवाह क्षेत्र में रेणुकाजी, किशाऊ, लखवार-व्यासी और हथनीकुंड जैसे बांध निर्माण के लिए भी प्रस्ताव बनाए जा रहे हैं।

**यमुना में साल 2023 में आई थी भयंकर बाढ़**

सिंचाई व बाढ़ विभाग के अफसरों का कहना है कि साल 2023 में यमुना में बाढ़ आई थी, जिसका पानी आईटीओ तक पहुंच गया था। पानी रोकने के लिए यमुना 32 घाट के पास जो बांध बनाए गए हैं, उन बांधों के ऊपर से पानी बहकर बस अड्डा, मॉनेस्ट्री और लाल किला के पीछे तक पहुंच गया था। यमुना में बाढ़ के हालात फिर से ऐसे न बनें इसके लिए जल शक्ति मंत्रालय के वॉटर रिसोर्स, रिवर डिवेलपमेंट एंड गंगा रेजुवेनेशन डिपार्टमेंट ने एक जॉइंट फ्लड मैनेजमेंट कमिटी बनाई। कमिटी ने यमुना में बाढ़ से बचाव के लिए कुछ उपाय सुझाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बांधों को और अधिक ऊंचा करना जरूरी है।

**जापान मॉडल की हो सकती है स्टडी:** जापान ने टोक्यो के पास नदियों का पानी लंबी सुरंगों के माध्यम से मोड़कर उससे खेती कर रहा है। टोक्यो के पास सैतामा में दुनिया की सबसे बड़ी अंडरग्राउंड वॉटर डायवर्जन फैसिलिटी डिवेलप की गई है। जापान ने 177 मीटर लंबा और 78 मीटर वाटर टैंक भी बनाया है, जो नदियों के अतिरिक्त पानी को नियंत्रित करने के लिए सर्ज टैंक की तरह काम करता है।




# TIMES ascent

www.timesascent.com
Catapult your career

To book your Ad logon to: ads.timesofindia.com
ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE
For advertising queries: Call 18001205474

## जॉब्स अलर्ट

● **BPSSC**
**संस्थान:** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग
**पद का नाम:** असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (ऑपरेशन)
**पदों की संख्या:** 462
**आखिरी तारीख:** 4 मार्च
**वेबसाइट:** bpssc.bihar.gov.in

● **YIL**
**संस्थान:** यंत्र इंडिया लिमिटेड
**पद का नाम:** ट्रेड अप्रेंटिस
**पदों की संख्या:** 3979
**आखिरी तारीख:** 3 मार्च
**वेबसाइट:** recruit-gov.com

● **HPRCA**
**संस्थान:** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग
**पद का नाम:** असिस्टेंट स्टाफ नर्स (एलोपैथी)
**पदों की संख्या:** 390
**आखिरी तारीख:** 5 मार्च
**वेबसाइट:** hprca.hp.gov.in

● **नॉन टीचिंग**
**संस्थान:** मोतीलाल नेहरू कॉलेज (इवनिंग), दिल्ली विश्वविद्यालय
**पद का नाम:** एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, सीनियर पर्सनल असिस्टेंट, जूनियर असिस्टेंट, लाइब्रेरी अटेंडेंट
**पदों की संख्या:** 6
**आखिरी तारीख:** 8 मार्च
**वेबसाइट:** dunt.uod.ac.in

● **SBI**
**संस्थान:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
**पद का नाम:** FLC काउंसलर्स और FLC डायरेक्टर्स
**पदों की संख्या:** 257
**आखिरी तारीख:** आज
**वेबसाइट:** sbi.bank.in

**संस्थान:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
**पद का नाम:** डिप्टी मैनेजर-आईटी सिक्योरिटी एक्सपर्ट, डिप्टी मैनेजर-इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, डिप्टी साइबर-सिक्योरिटी एनालिस्ट, डिप्टी मैनेजर-इंसिडेंट मैनेजमेंट & फॉरेंसिक, डिप्टी मैनेजर-टेस्ट इंजीनियर्स
**पदों की संख्या:** 12
**आखिरी तारीख:** 16 मार्च
**वेबसाइट:** sbi.bank.in



● **NIELIT**
**संस्थान:** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
**पद का नाम:** स्टाफ कार ड्राइवर
**पदों की संख्या:** 4
**आखिरी तारीख:** आज
**वेबसाइट:** recruit-delhi.nielit.gov.in

● **BPSC**
**संस्थान:** बिहार लोक सेवा आयोग
**पद का नाम:** सिविल जज
**पदों की संख्या:** 173
**आखिरी तारीख:** 18 मार्च
**वेबसाइट:** bpsc.bihar.gov.in

● **MCL**
**संस्थान:** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
**पद का नाम:** जूनियर ओवरमैन, माइनिंग सरदार, सर्वेयर
**पदों की संख्या:** 667
**आवेदन कब से कब तक:** 16 मार्च से 6 अप्रैल
**वेबसाइट:** mahanadicoal.in

● **CNCI**
**संस्थान:** चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान
**पद का नाम:** स्टाफ नर्स
**पदों की संख्या:** 40
**आखिरी तारीख:** 2 मार्च
**वेबसाइट:** cnci.ac.in

● **PNRD**
**संस्थान:** पंचायत एवं ग्रामीण विकास आयुक्तालय, असम
**पद का नाम:** इंजीनियर, ग्राम रोजगार सहायक, कंप्यूटर असिस्टेंट, ग्राम पंचायत कोऑर्डिनेटर
**पदों की संख्या:** 1508
**आखिरी तारीख:** 22 मार्च
**वेबसाइट:** rural.assam.gov.in

● **एजुकेशन**
**संस्थान:** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय
**पद का नाम:** प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर
**पदों की संख्या:** 8
**आखिरी तारीख:** 15 मार्च
**वेबसाइट:** curaj.ac.in

● **RBI**
**संस्थान:** भारतीय रिजर्व बैंक
**पद का नाम:** असिस्टेंट
**पदों की संख्या:** 650
**आखिरी तारीख:** 8 मार्च
**वेबसाइट:** opportunities.rbi.org.in





**फेडरल बैंक परिवार का हिस्सा बनें।**
अपने करियर को दें नई उड़ान!

| | |
|---|---|
| पद | एसोसिएट ऑफिसर (सेल्स) |
| योग्यता | ग्रेजुएट |
| वार्षिक वेतन (CTC) | ₹6.70 लाख तक |
| कार्य स्थल | भर्ती अधिसूचना के अनुसार |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 04 मार्च 2026 |

अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए विज़िट करें: federal.bank.in/careers या QR कोड स्कैन करें।

**मुंबई पत्तन प्राधिकरण**

नियमित आधार पर **हिंदी अनुवादक ग्रेड-II के वर्ग-III के 04 पदों (03 अनारक्षित, 01 अनुसूचित जनजाति)** हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विस्तृत विज्ञापन एमबीपीए की वेबसाइट **www.mumbaiport.gov.in (People & Career/Jobs/Advertisement menu)** पर उपलब्ध है। उक्त पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारोंको विस्तृत विज्ञापन में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना आवश्यक है।

आवेदन तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि **18/03/2026** है।

MbPA-53-2025 प्रबंधक (मानव संसाधन)

**GOKULDAS**
Sainik School and Public School, Khargone (M.P.)
A Residential Sainik School under the Sainik School Society, Ministry of Defence
BISTAN ROAD, KHARGONE 451001 (M.P.) (Near Indore)

**REQUIRES**
1. Coordinator (Pre-Primary, Primary, Middle, Higher, Sports)
2. PGT, TGT, PRT (All subjects) 3. Pre-Primary / Mother Teacher
4. Executive Assistant for Director 5. Robotics Teacher
6. Others (Music, Dance, Art & Craft Teacher, Sports, PTI, Librarian, Swimming Coach, Mess Manager, Gymnastics Coach, Student Counsellor, Social Media Manager)
- Eligibility :- Post Graduates/Graduates with B.Ed./ECCED/DED/NTT and experience in a similar capacity, with fluency in English
- Salary no bar for deserving candidates

Apply within 8 days at hrgps2004@gmail.com
Website : www.gps.edu.in, Contact No. : 8770547998, 9425031082




भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एक नवरत्न पीएसयू है और भारत की रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है और वह बेंगलुरु और गाजियाबाद में स्थित अपनी केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए स्थायी आधार पर उपयुक्त अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है।

| पद/ग्रेड | पदों की संख्या | आरक्षण | योग्यता | 31.12.2025 को योग्यता पश्चात अनुभव | 01.01.2026 को सामान्य/आर्थिक पिछड़े अभ्यर्थी के लिए उच्चतम आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| सदस्य (अनुसंधान स्टाफ) ई-III | 10 | अनारक्षित-6 अ.पि.व (गै.न.व)-2 अनुसूचित जाति -1 अनुसूचित जनजाति -1 | किसी भी विश्वविद्यालय कॉलेजों से निम्नलिखित क्षेत्रों में पी.एच.डी. डिग्री की मान्यता प्राप्त करी हो: एयरोस्पेस/नागरिक उड्डयन-1 पद, एआई-3 पद, संचार-3 पद, साइबर सुरक्षा-1 पद, रोबोटिक्स/स्वचालन प्रणाली-1 पद, क्वांटम प्रौद्योगिकी-1 पद | न्यूनतम 4 वर्षों का उद्योग अनुभव | 37 वर्ष |

आवेदन करने के लिए, वेतनमान और अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.bel-india.in देखें। केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 02.04.2026 है।

उप महाप्रबंधक (मा.सं.व प्रशा)

**सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
छठी मंजिल, प्लेट-बी, एनबीसीसी ऑफिस ब्लॉक टावर-2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 (एक आईएसओ प्रमाणित कंपनी) CIN No. U40106DL2011GOI225263

अधिसूचना संख्या. 01 / 2026
**अनुभवी पेशेवरों के लिए भर्ती**

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (जिसे आगे सेकी कहा जाएगा) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक नवरत्न अनुसूची 'ए' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है। सेकी कार्यकारी निदेशक (वित्त) के पद हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। इसके विवरण नीचे दिए गए हैं:

| क्र. सं. | पद | ग्रेड | आईडीए पैटर्न में वेतनमान | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यकारी निदेशक (वित्त) | ई-9 | ₹150000–300000/– (आईडीए) | 01 (अना.) |

ओबीसी/एससी/एसटी/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए **आरक्षण/छूट / रियायत** भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी।
**अधिक विस्तृत सूचना हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.seci.co.in के 'Career'** अनुभाग पर जाएं।
ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 08.02.2026 (प्रातः 11:00 बजे) से प्रारंभ होगा तथा 10.03.2026 (सायं 5:00 बजे) को बंद हो जाएगा।

स्वच्छ भारत – स्वच्छ ऊर्जा

## फटाफट खबरें

### शरद पवार डिस्चार्ज, आराम की सलाह

■ भाषा, पुणे : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (SP) प्रमुख शरद पवार की सेहत में सुधार है। उन्हें बुधवार सुबह यहां के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह जानकारी डॉक्टरों ने दी है। राज्यसभा सदस्य पवार (85) को शरीर में पानी की कमी होने से संबंधित समस्याओं के कारण रविवार को पुणे में भर्ती कराया गया था। अस्पताल का कहना है कि उन्हें अभी कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी गई है।

### CPI के वरिष्ठ नेता नल्लाकन्नू का निधन

■ भाषा, चेन्नै : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता आर नल्लाकन्नू का बुधवार को निधन हो गया। राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि उनकी उम्र लगभग 101 वर्ष थी। अस्पताल की ओर से जारी बुलेटिन में बताया गया कि गहन देखभाल के बावजूद सभी महत्वपूर्ण अंगों के काम करना बंद करने के कारण 25 फरवरी, 2026 को आराम एक बजकर 55 मिनट पर उनका निधन हो गया।

### चंपई सोरेन के पोते की कुल्लू में मौत

■ भाषा, रांची : झारखंड के पूर्व CM और BJP नेता चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन (19) का मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में मौत हो गई। चंपई ने X पर पोस्ट में कहा, 'हमारे प्रिय पोते वीर सोरेन का 24 फरवरी को असामयिक निधन हो गया है। मनाली में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।' वीर के निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को शोक जताया।

### असम में नेहरू की प्रतिमा को नुकसान

■ भाषा, सिलचर : असम के कछार जिले में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात लखीपुर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि प्रतिमा को उखाड़ने में इस्तेमाल किए गए औजार को जब्त कर लिया गया है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

### अग्निवीर की ट्रेनिंग ले रहे 2 युवकों की मौत

■ पीटीआई, शिलांग : यहां असम रेजिमेंटल सेंटर में अग्निवीर प्रशिक्षण ले रहे 2 युवकों की संदिग्ध बैक्टीरियल संक्रमण के कारण मौत हो गई है, जबकि 28 अन्य प्रशिक्षु शिलांग के सैन्य अस्पताल में चिकित्सकीय निगरानी में हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।


# क्या है COBOL, जिस पर एक दावे ने IBM को हिला दिया

AI कंपनी एंथ्रोपिक (Anthropic) के एक दावे ने शेयर मार्केट में भूचाल ला दिया। ET के अनुसार, सोमवार रात एक ब्लॉग में दावा किया कि उनका AI मॉडल Claude पुरानी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज COBOL को पढ़ और आधुनिक बना सकता है। यही लैंग्वेज दुनिया के करीब 95% ATM लेनदेन और कई बैंक, एयरलाइंस और सरकारी सिस्टम चलाती है। इस दावे से IBM की मार्केट वैल्यू करीब $30 बिलियन घट गई, जो 25 साल की सबसे बड़ी गिरावट है। असर भारत में भी दिखा और NIFTY IT लगभग 5% गिर गया। आइये जानते है कि इस दावे के मायने, इस गिरावट के पीछे की वजह...

## Anthropic का दावा है कि उनका AI मॉडल पुरानी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज COBOL को पढ़ सकता है

### शुरुआती लैंग्वेज में से एक

COBOL (Common Business-Oriented Language) एक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है, जिसे 1959 में बनाया गया था। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज वह भाषा होती है जो कंप्यूटर को समझ आती है। इसी में कोड लिखे जाते हैं। इस तरह की दूसरी भाषाओं में जावा, पाइथन आदि हैं। COBOL शुरुआती लैंग्वेज में से एक थी, जिसे बड़े पैमाने पर व्यापार और सरकारी कामों में अपनाया गया। हालांकि इसे बने 60 साल से ज्यादा हो चुके हैं, फिर भी यह आज तक बैंकिंग, बीमा, टेलीकॉम और सरकारी सिस्टम्स में गहराई से इस्तेमाल होती है। एटीएम नेटवर्क, क्रेडिट कार्ड प्रोसेसिंग और एयरलाइन रिजर्वेशन सिस्टम जैसे कई अहम सिस्टम आज भी COBOL पर ही चलते हैं।



### IBM पर क्या होगा असर?

IBM के मेनफ्रेम कंप्यूटर दुनिया के कई COBOL सिस्टम्स की रीढ़ हैं। कंपनी की कमाई का बड़ा हिस्सा इन्हीं पुराने सिस्टम्स की देखभाल, अपग्रेड और धीरे-धीरे मॉडर्न बनाने से आता है। अगर AI टूल्स यह काम तेज और सस्ते में करने लगें, तो IBM के कंसल्टिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस पर दबाव पड़ सकता है। मेनफ्रेम सिस्टम पर निर्भरता कम हो सकती है, जो IBM की ताकत रही है।

### AI कंपनियों पर क्या असर?

AI सर्विस कंपनियों के लिए पुराने (legacy) सिस्टम्स को आधुनिक बनाना अरबों डॉलर का बड़ा बिजनेस है। पिछले 2 साल में नए नई टेक्नोलॉजी पर खर्च घटा, तब ऐसे ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट्स ही उनकी कमाई का मुख्य सहारा बने। दुनिया में आज भी करीब 800 अरब लाइन COBOL चल रहा है। इसे आधुनिक बनाने की लागत आमतौर पर 10-12 डॉलर प्रति लाइन है। Anthropic का दावा है कि उसका Claude यह खर्च घटाकर लगभग 2 डॉलर प्रति लाइन कर सकता है। इस आशंका से भारतीय आईटी शेयरों में बिकवाली बढ़ी।

### पुराने सिस्टम्स को आधुनिक बनाने का दावा

AI कंपनी Anthropic का कहना है कि उसका मॉडल Claude, COBOL में लिखे पुराने सिस्टम्स को तेजी से आधुनिक बना सकता है। आमतौर पर ऐसे सिस्टम अपडेट करना महंगा, जोखिम भरा और कई साल लेने वाला काम होता है, क्योंकि COBOL के जानकार इंजीनियर या तो गुजर चुके हैं या अब कम बचे हैं। लेकिन कंपनी का दावा है कि Claude यह काम सालों की बजाय कुछ महीनों में कर सकता है। यह पूरे कोड को समझ सकता है, आपसी निर्भरता समझता है, डॉक्यूमेंटेशन तैयार करता है और कोड को नई भाषाओं में बदलने में मदद करता है।

### 4 बड़ी बातें
जो जानना जरूरी है

1. AI कंपनी Anthropic ने दावा किया कि उसका मॉडल Claude पुरानी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज COBOL सिस्टम्स को तेजी से और सस्ते में आधुनिक बना सकता है।
2. IBM का काम इसी से जुड़ा है, जो COBOL सिस्टम्स को संभालती है और अपडेट करती है, लेकिन इसमें अच्छी खासी लागत आती है।
3. निवेशकों को डर लगा कि इससे ऐसे काम करने वाली कंपनियां, खासकर IBM और IT सर्विस फर्मों का बिजनेस प्रभावित होगा।
4. इसी आशंका में IBM के शेयर गिरे और सरकारी मार्केट वैल्यू में बड़ी गिरावट आई। असर भारत पर भी पड़ा और NIFTY IT करीब 5% टूट गया।

# बंगाल SIR: 10वीं के एडमिट कार्ड के साथ पास सर्टिफिकेट जरूरी

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने बुधवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में चल रहे SIR अभियान के तहत पहचान सत्यापन के लिए कक्षा 10 के एडमिट कार्ड के साथ पास प्रमाणपत्र सहायक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

CJI सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने यह आदेश वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने के बाद पारित किया। वकील ने इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि क्या प्रवेश पत्र को स्वतंत्र (स्टैंडअलोन) पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि वह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि प्रवेश पत्र केवल एक सहायक दस्तावेज होगा।

बेंच ने कहा कि 24 फरवरी 2026 के आदेश के पैरा 3(iii) में उल्लिखित सभी दस्तावेज, जो अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हुए हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा गुरुवार शाम 5 बजे तक संबंधित पीठासीन न्यायिक अधिकारियों को सौंपा जाए। इसी प्रकार, पैरा 3(iii)(e) को स्पष्ट किया जाता है कि माध्यमिक (कक्षा 10) प्रवेश पत्र को जन्म प्रमाणपत्र और माता-पिता के संबंध के प्रमाण के उद्देश्य से पास प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।



पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया को लेकर शुरू से विवाद चल रहा है।



> मतदाताओं को बड़े पैमाने पर SIR का नोटिस दिया जा रहा है, यह नोटबंदी के बाद BJP सरकार का वोटबंदी अभियान है। दरअसल यह पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के वोट काटने की बहुत बड़ी साजिश है। BJP की नीयत तब भी खराब थी, अब भी खराब है। *- अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष*


## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- देश में हो सकती है मतदान को अनिवार्य बनाने की जरूरत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने बुधवार को मौखिक रूप से टिप्पणी की कि मतदान को अनिवार्य बनाने की आवश्यकता हो सकती है, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने बहुमूल्य मताधिकार का प्रयोग करें।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें यह अनुमति देने की मांग की गई है कि यदि केवल एक ही उम्मीदवार हो तब भी चुनाव कराए जाएं, ताकि मतदाता उपरोक्त में से कोई नहीं (NOTA) विकल्प का प्रयोग कर सकें।

AI Image



कोर्ट ने कहा- शिक्षित और संपन्न लोग आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की तुलना में कम मतदान करते हैं।

सुनवाई के दौरान अदालत ने चर्चा की कि क्या NOTA से मतदान प्रतिशत और उम्मीदवारों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है? चीफ जस्टिस ने कहा कि कभी-कभी लगता है कि हमें कोई अनिवार्य तंत्र होना चाहिए, बहुत कठोर नहीं, लेकिन ऐसा तंत्र जो यह सुनिश्चित करे कि लोग जाकर मतदान करें।

जस्टिस बागची ने कहा कि कम से कम मेरा अनुभव बताता है कि शिक्षित और संपन्न लोग आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की तुलना में कम मतदान करते हैं।

**NOTA को परिणामों से जोड़ने की वकालत :** याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि यदि NOTA को परिणामों से जोड़ा जाए तो अधिक लोग मतदान के लिए प्रेरित होंगे। वर्तमान में NOTA का कोई प्रभाव नहीं है।

# राहुल समझौता मिशन पर, पाक समर्थक तत्वों से करीबी संबंध: BJP अध्यक्ष

■ भाषा, पटना

**बीजेपी के** राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह भारत की सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किए बिना विदेश यात्राएं करते हैं और उनके भारत-विरोधी और पाकिस्तान समर्थक तत्वों से करीबी संबंध हैं।



नितिन नवीन

नवीन ने राहुल गांधी पर समझौता मिशन पर होने का आरोप लगाया, जिसकी शुरुआत उनके पिता (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी) के नाना और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई, जो पीढ़ियों तक जारी रहा। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह दिल्ली में आयोजित AI शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए शर्टलेस प्रदर्शन के बाद आई है।

नवीन ने कहा, 'आज मैं नेहरू-गांधी परिवार के उस समझौता मिशन को उजागर करना चाहता हूं, जिसने राष्ट्रीय हितों की कीमत पर निजी लाभ को तरजीह दी। मैं राहुल गांधी को बेनकाब करना चाहता हूं, जो खुद को बब्बर शेर की तरह प्रस्तुत करते हैं।'

### राहुल गांधी नकारात्मक राजनीति का चेहरा: गोयल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी राष्ट्रहित के साथ समझौता करते हैं। वे नकारात्मक राजनीति के पोस्टर बॉय बन गए हैं। उनका संबंध देशविरोधी ताकतों के साथ है। राहुल ने देश और दुनिया के सामने ओछी राजनीति दिखाई है।

## राहुल गांधी ने कहा, 'मो. दीपक' ने जो किया वह देशभक्ति

■ भाषा, नई दिल्ली : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड में एक मुस्लिम दुकानदार की मदद करने के बाद 'मोहम्मद दीपक' नाम से चर्चा में आए जिम संचालक की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने जो किया, उससे बड़ी देशभक्ति कुछ और नहीं है। राहुल गांधी ने दीपक से मुलाकात का वीडियो बुधवार को X पर साझा किया। उन्होंने दीपक से सोमवार को मुलाकात की थी।



राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि करोड़ों भारतीय नागरिकों के दिलों में सद्भाव और मोहब्बत की विचारधारा है, मगर मन में भय भी है। दीपक ने उन सभी को अपने साहस से राह दिखाई है।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ ED की कार्रवाई पर SC की रोक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी द्वारा शुरू की गई आपराधिक कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत जारी समन की कथित अवहेलना के आरोप में की गई थी। बेंच ने यह अंतरिम आदेश सोरेन द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए पारित किया।



हेमंत सोरेन

इस याचिका में सोरेन ने झारखंड हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कार्रवाई रद्द करने से इनकार किया गया था। ईडी के वकील ने कहा कि 7 समन भेजे जाने के बावजूद सोरेन उपस्थित नहीं हुए। इसका प्रत्युत्तर देते हुए सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि वे 3 बार उपस्थित हुए और आपने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

> ED प्रभावी अभियोजन पर ध्यान दें। ये आतंकवाद से जुड़े अभियोजन नहीं है। उद्देश्य पूरा हो चुका है। *-जस्टिस बागची, SC*

CJI ने मौखिक रूप से ईडी से कहा, 'कल (मंगलवार को) हम अखबार में पढ़ रहे थे कि आपने (ईडी) बड़ी संख्या में शिकायतें दायर की हैं। उन शिकायतों पर ध्यान केंद्रित करें और अपनी ऊर्जा वहीं लगाएं।'





**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. : SSE/T/E/Finding R/Ravikant Singh/26 Date : 23.02.2026

गैरहाजिरी सूचना

श्री रविकांत सिंह तकनीशियन-II/सिग/दादरी, आप दिनांक : 19.05.2015 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप इस नोटिस के 10 दिन के अन्दर सीनिअर सेक्शन इंजिनियर/टेलिकॉम/पूर्व/उ.म.रे. अलीगढ़ कार्यालय में रिपोर्ट करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि आप रेलवे सेवा के इच्छुक नहीं हैं और रेल प्रशासन एक तरफा निर्णय करने के लिए स्वतंत्र है।

कर्मचारी का विवरण -
नाम : रविकांत सिंह/Tech-II/Sig./DER
पिता का नाम : श्री टीकम सिंह
पता : नगला रामकिशन, लाइन पार, टूण्डला
जिला : फिरोजाबाद, राज्य : यू.पी. पिन : 283204

(जांच अधिकारी)
(लक्ष्मण सिंह)
SSE/TELE/ALJN
435/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
रोजगार अधिसूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अकाउंट्स डिपार्टमेंट में कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर वॉक-इन इंटरव्यू के जरिए अलग-अलग पोस्ट के लिए 20.02.2026 को अधिसूचना क्र. सीओ/पी/-आर/2सी/2026 जारी किया है। विवरण नीचे दी गई है:

अधिसूचना संख्या सीओ/पी-आर/2सी/2026, दिनांक 20.02.2026

| क्र. सं. | पद का नाम/ ग्रेड | यूआर | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एस सी | एस टी | कुल पदों की संख्या | वॉक-इन इंटरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखा सहायक | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 4 | 10.03.2026 |
| 2 | सहायक लेखा अधिकारी | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 11.03.2026 |
| 3 | डिप्टी जनरल मैनेजर /अकाउंट्स | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 12.03.2026 |
| 4 | अनुभाग अधिकारी | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 4 | 12.03.2026 |

उम्मीदवार अधिसूचना, पात्रता मानदंड आदि का विवरण केआरसीएल की वेबसाइट www.konkanrailway.com पर दिए गए लिंक → भर्ती → वर्तमान अधिसूचना अंतर्गत अवलोकन करें और तदनुसार आवेदन करें।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

**उत्तर मध्य रेलवे**

गैर हाजिरी सूचना

श्री विजय महतो Tech.III/सिग/खुर्जा, आप दिनांक- 24.04.2013 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप इस नोटिस के 10 दिन के अन्दर सीनिअर सेक्शन इंजीनियर/टेलिकॉम/पूर्व/उ.म.रे. अलीगढ़ कार्यालय में रिपोर्ट करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि आप रेलवे सेवा के इच्छुक नहीं हैं और रेल प्रशासन एक तरफा निर्णय करने के लिए स्वतंत्र है।

नामः विजय महतो
पिता का नामः श्री सोनेलाल महतो
पदः तकनीशियन-III/सिग/खुर्जा
पताः ग्राम - सकड़ा, पोस्ट- महमदपुर सकड़ा
जिला- समस्तीपुर, बिहार - 848160

जांच अधिकारी
(लक्ष्मण सिंह)
SSE/TELE/ALJN
434/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं.-11पीआर/इम्पैनलमेंट/2026-28 दिनांकः 24.02.2026

निविदा सूचना

विज्ञापन एजेन्सियाँ ध्यान दें

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए पूर्णतः आई.एन.एस. मान्यता प्राप्त एवं प्रतिष्ठित विज्ञापन एजेन्सियों से निम्नानुसार मोहरबन्द खुली-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम/विवरणः मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे कार्यालय, प्रयागराज में आई.एन.एस. से पूर्णतः मान्यता प्राप्त विज्ञापन एजेन्सियों को सूचीबद्ध करना।

धरोहर राशि की कुल रकमः ₹ 1,00,000/- | कार्य की अवधिः 02 वर्ष

निविदा फार्म का मूल्यः ₹ 5,000 + 18% जीएसटी = 5,900/-, निविदा के बन्द होने की तिथि एवं समयः 27.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा के खुलने की तिथि एवं समयः 27.03.2026 को 15.30 बजे या बाद। 2. निविदा फार्म खरीदने, डालने एवं खुलने के लिए कार्यालय का पताः मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय, पुराना महाप्रबंधक भवन, उत्तर मध्य रेलवे, नवाब यूसुफ रोड, निकट बाल्मीकी चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज। 3. निविदा फार्म खरीदने के लिए तिथि एवं समयः दिनांकः 26.02.2026 से 27.03.2026 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे से 16.00 बजे तक एवं दिनांक 27.03.2026 को 12.00 बजे तक। 4. वेबसाइट का विवरण जहां निविदा सूचना एवं सम्पूर्ण निविदा फार्म (प्रपत्र) देखा जा सकता हैः निविदा सूचना एवं निविदा फार्म (प्रपत्र) को रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा सूचना मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है। निविदा फार्म (प्रपत्र) क्र.सं. 03 में दिये गए तिथि एवं समय के अनुसार डाउनलोड किया जा सकता है। नोटः- 1. निविदा फार्म का मूल्य एवं धरोहर धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर अथवा नगद राशि के माध्यम से जमा की जायेगी जो प्रधान वित्त सलाहकार, उत्तर मध्य रेलवे के नाम होगी, ओरिजनल मनी रिसिप्ट आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी। 2. यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा फार्म (प्रपत्र) अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय तक जमा किये एवं खोले जायेंगे। 3. पूर्ण योग्यता मापदंड एवं अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं।

433/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। क्र0 सं0 : (1) ई प्रापण निविदा संख्याः उपमु0इं0-नि0-एलजेएन-ईपीसी-02-2026 दिनांक 23.02.2026 कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के एटा-कासगंज नई ब्राड गेज रेलवे लाईन परियोजना के अन्तर्गत कासगंज (रहित) (चैनेज 1 + 200) - एटा (रहित) (चैनेज 28 + 484) खण्ड (लम्बाई : 27.284 किमी) की नई सिंगल ब्राड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग, विद्युतीकरण एवं दूरसंचार कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य : 4,28,53,19,809.00 बयाना राशि (रु) : 2,00,00,000.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु) : निल। कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 (चौबीस) माह। • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि 27.04.2026 • उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक : 11.05.2026 11:00 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक : 26.05.2026 16:00 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मानदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट पर http://ireps.gov.in. पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I
लखनऊ
जुआपि/ समु-483

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

वस्त्र मंत्रालय
MINISTRY OF TEXTILES
Govt. of India

Development Commissioner (Handlooms)

परिष्कृति
Perfection Interlaced
हथकरघा प्रदर्शनी
22 - 28 फरवरी 2026
सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 तक
इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, मैक्स मुलर मार्ग, नई दिल्ली

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in